राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 270, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शनिवार 13 अप्रैल 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने का षड्यंत्र रच रही केंद्र सरकार : आतिशी .... पेज 03

तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिये तैयार यूपी : शाह .... पेज 05

ओलंपिक से पहले भारत को झटका, दिग्गज मुक्केबाज मैरीकॉम ने पद से दिया इस्तीफा .... पेज 07

## खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स का संचालक दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार

### आतंकवादी भर्ती, धन उपलब्ध कराने और सहायता मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है

नयी दिल्ली। पंजाब पुलिस के राज्य विशेष ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) ने बड़ी सफलता हासिल करते हुये जर्मनी स्थित खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) के संचालक प्रभप्रीत सिंह जर्मनी को दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर आतंकवादी भर्ती, धन उपलब्ध कराने और सहायता मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है।




पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने शुक्रवार को कहा कि वर्ष 2020 में, एसएसओसी अमृतसर में एक खुफिया सूचना प्राप्त हुई थी कि केजेडएफ आतंकवादी जगदीश सिंह भूरा पंजाब में कुछ हाई-प्रोफाइल लक्ष्यों को निशाना बनाने की योजना बना रहा है और इस कार्य को पूरा करने के लिये, उसने अपने भारत के सहयोगियों को हथियार और वित्तीय सहायता प्रदान की है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये इस संगठन के चार गुर्गों को गिरफ्तार कर मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया था। इस संबंध में, पुलिस में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की धारा 13, 17, 18, 18-बी और 20 और शस्त्र अधिनियम की धारा 25 के तहत 19 दिसंबर 2020 को स्टेशन स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल, अमृतसर में एक मामला दर्ज किया गया था। यादव ने कहा कि जांच के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने खुलासा किया कि वे वांछित आतंकवादी जगदीश सिंह भूरा और उसके करीबी प्रभप्रीत सिंह के निर्देश पर काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किये गये लोगों ने यह भी खुलासा किया है कि वे हाई प्रोफाइल लक्ष्यों को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे। उन्होंने कहा कि चूंकि प्रभप्रीत सिंह जर्मनी में रह रहा था, इसलिये पंजाब पुलिस ने उसे इस मामले में नामांकित करने के बाद, उसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिये ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन, नयी दिल्ली के माध्यम से उसके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करवाया।

**रंगोली**



अमृतसर में लोकसभा चुनाव से पहले मतदाता जागरूकता पैदा करने के लिए छात्रों ने जलियांवाला बाग शहीद स्मारक पर रंगोली बनाई।

## बेंगलुरु रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट- 2 आरोपी बंगाल से गिरफ्तार

### शाजिब ने आईईडी रखी थी, ताहा ने बनाया था प्लान; कोर्ट ने 3 दिन के रिमांड पर भेजा



**कोलकाता/ बेंगलुरु।** बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में एनआईए ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के पुरबा मेदनीपुर जिले से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके नाम अब्दुल मतीन ताहा और मुसाविर हुसैन शाजिब हैं। एनआईए के मुताबिक, 1 मार्च को शाजिब ने कैफे में आईईडी रखा था, जबकि ताहा ने इसका पूरा प्लान तैयार किया था।

गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को एजेंसी ने कोलकाता स्थित एनआईए कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने इन्हें 3 दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया। एनआईए ने 5 अप्रैल को बताया था कि मुसाविर हुसैन शाजिब मुख्य आरोपी और अब्दुल मतीन ताहा सह-आरोपी है। मुसाविर ही कैफे में विस्फोटक लेकर गया था। दोनों ही कर्नाटक के शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली के रहने वाले हैं।

**शाजिब और ताहा दोनों ही आईएसआईएस मॉड्यूल का हिस्सा**

इससे पहले जांच एजेंसी ने 23 मार्च को दो संदिग्धों की पहचान की थी। फरार आरोपी ताहा तमिलनाडु पुलिस इंस्पेक्टर के. विल्सन की हत्या के मामले में वॉन्टेड था और चेन्नई में मुख्य संदिग्ध के साथ रहा था। ह्ढ्ढ के मुताबिक, शाजिब और ताहा दोनों ही आईएसआईएस मॉड्यूल का हिस्सा हैं। इसकी पुष्टि मॉड्यूल के सदस्यों ने भी की थी, जिन्हें पहले गिरफ्तार किया गया था।

#### दोनों की तलाश में 18 ठिकानों पर छापेमारी हुई थी

एनआईए ने दोनों की तलाश में कर्नाटक, तमिलनाडु और यूपी के 18 ठिकानों पर छापेमारी की थी। 29 मार्च से दोनों पर 10 लाख रुपए का इनाम घोषित था। इससे पहले जांच एजेंसी ने ब्लास्ट केस में भाजपा कार्यकर्ता साई प्रसाद को भी हिरासत में लिया था।

एनआईए का कहना है कि साई का कैफे ब्लास्ट के आरोपियों से कनेक्शन है। भाजपा मीडिया सेल के प्रभारी अमित मालवीय ने दावा किया था कि दोनों आरोपी कोलकाता से पकड़े गए हैं, लेकिन बंगाल पुलिस ने उनके दावे का खंडन करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की सही लोकेशन बताई। जहां से आरोपी पकड़े गए, वह पुरबा मेदनीपुर जिला कोलकाता से 180 किलोमीटर दूर है।

## कुल्लू में कार हादसे में चार लोगों की मौत

शिमला। हिमाचल प्रदेश में सड़क हादसे के ताजा घटनाक्रम में कुल्लू जिला में एक सड़क हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।

पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

मौके पर पहुंची पुलिस टीम खाई से शवों को निकालने में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार आनी उपमंडल में राणाबाग-करशाला मार्ग पर चोईनाला के समीप एक ऑल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। कार में चार लोग सवार थे। हादसे में चारों की मौके पर ही मौत हो गई।



उधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू करने में जुट गई।

पुलिस ने मृतकों की पहचान सुरेंद्र कुमार चालक (40) पुत्र धर्म चन्द, सुशील कुमार (36) पुत्र मनसा राम, बीर सिंह (43) पुत्र मोती राम, संजीव कुमार (34) पुत्र रोशन लाल निवासी खनेरी आनी जिला कुल्लू के रूप में हुई है। फ़िलहाल अभी तक हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

दुर्घटना का कारण निर्धारित करने के लिए जांच चल रही है। अन्नी वैली समुदाय इस अचानक हुए नुकसान से दुखी है। अधिकारी इस त्रासदी के कारण का पता लगाने के लिए काम कर रहे हैं।

शवों को बदकिस्मत कार से निकाला गया और पोस्टमॉर्टम के बाद उनके रिश्तेदारों को सौंप दिया गया।

### आईआईटी गुवाहाटी का छात्र हॉस्टल में मृत मिला

गुवाहाटी। आईआईटी गुवाहाटी का एक स्टूडेंट अपने हॉस्टल में मृत मिला है। पुलिस ने आत्महत्या की आशंका जताई है। वहीं परिजन ने रैगिंग के बाद हत्या का आरोप लगाया है। मृतक बिहार के समस्तीपुर जिले में मोहनपुर गांव का रहने वाला था। 20 वर्षीय सौरभ, क्चञ्जद्दष्ढ्ढ फर्स्ट ईयर का कंप्यूटर साइंस का विद्यार्थी था। पुलिस ने बताया- घटना बुधवार शाम करीब 5: 30 बजे की है। मृतक का रूममेट क्लास के लिए गया था। उसी समय छात्र ने यह कदम उठाया। इसके बाद उसके रूममेट और सिक्योरिटी गार्ड्स को इसका पता चला। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। आत्महत्या की आशंका है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने पर ही कुछ साफ हो पाएगा। वहीं मृतक के पिता ने इसे हत्या बताते हुए संस्थान पर लापरवाही की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा- ये सीधे तौर पर हत्या है, लेकिन आईआईटी प्रशासन इसे सुसाइड में बदलने की कोशिश कर रहा है। संस्थान में कई बार बेटे के साथ रैगिंग हुई।

### लोकसभा की 94 सीटों के लिए अधिसूचना जारी

**नयी दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 94 सीटों पर चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी। आम चुनाव 2024 के लिए 16 मार्च को जारी कार्यक्रम के अनुसार तीसरे चरण में मतदान सात मई को कराये जाएंगे। भारत के राजपत्र में जारी अधिसूचना के अनुसार तीसरे चरण के चुनाव के लिए मतदान सात मई को करायें जायेंगे। अधिसूचना के अनुसार तीसरे चरण में 12 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 94 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों और मध्य प्रदेश में बैतूल संसदीय क्षेत्र के स्थगित चुनाव के लिए 7 मई, 2024 को मतदान होगा। तीसरे चरण के चुनाव के लिए सभी सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरु हो गयी और नामांकन 19 अप्रैल तक कराए जा सकेंगे। पर्चों की जांच 20 तारीख को होगी और नाम 22 तारीख तक वापस लिए जा सकेंगे। मध्य प्रदेश के बैतूल (अजा) संसदीय क्षेत्र में स्थगित मतदान के लिए अलग से अधिसूचना भी शुक्रवार को जारी की गई।

## यूपी : 8 साल की बच्ची से रेप के बाद हत्या

### शादी समारोह में गई थी, अररिया में सुबह खेत में मिली लाश; एक आरोपी गिरफ्तार

अररिया। अररिया के रानीगंज थाना क्षेत्र में आठ साल की बच्ची से रेप के बाद उसकी हत्या कर दी गई। बच्ची का शव शुक्रवार को मकई के खेत में मिला। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। स्न्रस्रु की टीम भी मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुटी है। वहीं, इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया है। परिजनों ने बताया कि गुरुवार को उनके पड़ोस में एक शादी समारोह था। उसमें बच्ची के साथ सभी गए थे। देर रात आंधी तूफान आने के बाद वो लोग घर वापस आ गए। बच्ची शादी देखने की जिद करने लगी तो उसे वहीं छोड़ दिया।

#### शादी समारोह में गई थी मासूम

परिजन ने बताया कि देर रात तक वह




घर नहीं पहुंची तो उन लोगों को लगा कि वह शादी समारोह वाले घर में ही कहीं सो गई होगी। शुक्रवार की सुबह स्थानीय लोगों ने भूसा घर के पीछे मकई के खेत में कुत्ते को चिल्लाते देखा। जिसके बाद स्थानीय लोग वहां पहुंचे तो बच्ची मृत अवस्था में पड़ी मिली।

#### रेप कर हत्या की आशंका जता रहे परिजन

घटना को लेकर स्थानीय लोगों और परिजनों के बीच कोहराम मचा है। परिजन रेप के बाद हत्या की आशंका जता रहे हैं। भाई ने बताया कि सुबह पता चला कि घर में बच्ची नहीं है। खोजना शुरू किया। कुत्ते के सहारे बच्ची तक पहुंचे। बच्ची के साथ रेप किया गया फिर उसकी हत्या की गई है। उसका जीभ बाहर निकला था।

#### दूर के रिश्तेदार पर आरोप

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राम पुकार सिंह ने बताया कि दूर के संबंधी ने ही घटना को अंजाम दिया है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि एफएसएल की टीम जांच कर रही है।

रानीगंज थाना अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला रेप के बाद हत्या का लग रहा है। बाकी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।

## राहुल बोले- ईडी, सीबीआई औरआईटी केंद्र के राजनीतिक हथियार

### भारत में विचारधारा की लड़ाई; एक तरफ स्वतंत्रता और समानता, दूसरी तरफ आरएसएस और मोदी

तिरुनेलवेली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार (12 अप्रैल) को तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में चुनावी सभा की। राहुल ने कहा कि भारत में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। एक तरफ न्याय, स्वतंत्रता और समानता है। दूसरी तरफ आरएसएस, पीएम मोदी और उनकी सरकार है।

कांग्रेस सांसद ने कहा- केंद्र सरकार ईडी, सीबीआई औरआईटी का राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है। प्रधानमंत्री खुद चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करते हैं। कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए । दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिए गए। विपक्षी नेताओं को धमकी दी जा रही है।



राहुल ने कहा- भारत में कई भाषाएं, संस्कृति और इतिहास है। हमारे लिए सब बराबर और जरूरी है। हालांकि, मोदी कहते हैं कि एक देश, एक नेता और एक भाषा होनी चाहिए। इसी बात की लड़ाई है। तमिल, बंगाली और देश की दूसरी भाषाओं के बिना भारत पूरा नहीं हो सकता।

राहुल ने आगे कहा- भाजपा के नेता खुलेआम कहते हैं कि अगर वे फिर से सत्ता में आए तो संविधान बदल देंगे। पीएम मोदी को केवल इस बात की परवाह है कि इस देश के वित्त और संचार प्रणाली पर उनका एकाधिकार है। पहले पूरी दुनिया भारत को लोकतंत्र का प्रकाश स्तंभ कहती थी। वे आज कहते हैं कि भारत का लोकतंत्र अब लोकतंत्र नहीं रहा।

#### राहुल बोले- हमारी सरकार बनी तो केंद्र में 30 लाख नौकरी देंगे

राहुल गांधी ने युवाओं को ट्रेनिंग देने और केंद्र सरकार में खाली 30 लाख पदों पर नौकरियां देने का भी वादा किया। उन्होंने कहा- अगर केंद्र में इंडिया ब्लॉक सत्ता में आई, तो युवाओं को रोजगार देने की दिशा में बड़े कदम उठाए जाएंगे। केंद्र में 30 लाख पद खाली हैं। इनपर युवाओं को नौकरी दी जाएगी। सभी स्नातक और डिप्लोमा डिग्री होल्डर्स के लिए संसद में राइट टू अप्रेंटिसशिप कानून पारित किया जाएगा।

#### खड़गे बोले- इंडिया ब्लॉक के पक्ष में लोकसभा के नतीजे

दूसरी तरफ, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कर्नाटक के कलबुर्गी में अपने दामाद राधाकृष्ण डोड्डामणि के समर्थन में चुनावी सभा की। इस दौरान उन्होंने कहा- लोकसभा चुनाव का प्रवाह इंडिया ब्लॉक के पक्ष में है। मोदी इससे डर गए हैं। इसलिए वे बड़े पैमाने पर रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। खड़गे ने कहा- मोदी ने देश के लोगों को 15-15 लाख रुपए, करोड़ों नौकरियां और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देने के वादे किए थे। वे अयोध्या में राम मूर्ति की शपथ लेकर बताएं कि उन्होंने कितने वादे पूरे किए।

**मौसम**

### मध्य प्रदेश के भोपाल-इंदौर में तेज बारिश हुई; दिल्ली में पारा 6 डिग्री तक गिरने की आशंका

## बिहार-राजस्थान समेत 14 राज्यों में बारिश की संभावना

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के भोपाल, इंदौर, देवास, उज्जैन सहित 11 जिलों में शुक्रवार की शाम तेज बारिश हुई। इस दौरान बादल भी गरजे। कुछ इलाकों में ओले भी गिरे हैं। वहीं, तमिलनाडु के थूथुकुडी में भी आज तेज बारिश के कारण जलभराव की स्थिति बन गई।

निजी वेदर एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, अगले 24 घंटों के दौरान 12 से 13 अप्रैल के बीच मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र के कुछ इलाकों में गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। 30-50 किमी की स्पीड से हवा भी चल सकती है।

वहीं, बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, अंडमान और निकोबार में गरज के साथ बारिश हो सकती है। 13 से 14 अप्रैल के बीच उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में तेज हवाएं और बारिश की संभावना है। वहीं, 12 से 15 अप्रैल के बीच राजस्थान में गरज, धूल भरी आंधी और बिजली गिरने के साथ बारिश हो सकती है।

इधर, पीएम मोदी ने गुरुवार को गर्मी के मौसम को लेकर एक रिव्यू मीटिंग की थी। इसमें उन्होंने हीटवेव यानी लू की स्थिति के लिए तैयारियों का जायजा लिया और केंद्र, राज्य की सरकारी संस्थाओं को मिलकर काम करने के लिए कहा था।

#### दिल्ली में तापमान 39.4 पर पहुंचा, अब गिरेगा पारा

इधर, दिल्ली में आज का तापमान 39.4 रिकॉर्ड किया गया। 11 अप्रैल की तापमान 39.1ए सेल्सियस था। रीजनल वेदर फोरकास्टिंग सेंटर के कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस बनने के कारण आने वाले दो दिनों में दिल्ली के तापमान नें 5-6 डिग्री सेल्सियस की कमी आएगी। आसमान में बादल छाएंगे और बारिश भी होगी। 14 अप्रैल तक इस डिस्टरबेंस का असर रहेगा।

आईएमडी ने भविष्यवाणी की है कि शुक्रवार से अगले दो दिन यानी 14 अप्रैल तक आंध्र प्रदेश के कुछ इलाकों में बिजली गिरने के साथ-साथ तेज तूफान आ सकता है। तटीय इलाके यनम और रायलसीमा में तेज हवा चलेगी। कुछ इलाकों में बारिश हो सकती है।

**अगले 24 घंटे में ऐसा रहेगा मौसम का हाल**

निजी वेदर एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, अगले 24 घंटों के दौरान 12 से 13 अप्रैल के बीच मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र के कुछ इलाकों में गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। 30-50 किमी की स्पीड से हवा भी चल सकती है। वहीं, बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, अंडमान और निकोबार में गरज के साथ बारिश हो सकती है। 13 से 14 अप्रैल के बीच उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में तेज हवाएं और बारिश की संभावना है। वहीं, 12 से 15 अप्रैल के बीच राजस्थान में गरज, धूल भरी आंधी और बिजली गिरने के साथ बारिश हो सकती है। तेलंगाना, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में 12 से 15 अप्रैल के बीच गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।

## सोना पहली बार 73 हजार के पार

### साल 2024 में 9,872 रुपए बढ़े दाम, चांदी 83 हजार प्रति किलो ग्राम पर पहुंची

नई दिल्ली। सोने की कीमत पहली बार 73 हजार रुपए प्रति दस ग्राम से ज्यादा हो गई है। शुक्रवार (12 अप्रैल) को इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, शुक्रवार को 10 ग्राम सोना 1,351 रुपए महंगा होकर 73,174 रुपए का हो गया है।

चांदी भी आज अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। एक किलो चांदी का भाव 1,476 रुपए बढ़कर 83,819 रुपए हो गया है। एक्सपर्ट्स के अनुसार आने वाले दिनों में इनके दामों में और तेजी देखने को मिल सकती है।

इससे पहले बुधवार को भी सोने और चांदी के भाव ऑल टाइम हाई पर



पहुंच गए थे। बुधवार (10 अप्रैल) को सोने की कीमत 71,823 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 82,343 रुपए प्रति किलोग्राम थी।

साल 2024 में अब तक सोने के दाम 9,872 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,302 रुपए पर था। वहीं, चांदी भी 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम थी।

#### सोना 75 हजार और चांदी 1 लाख तक पहुंच सकती है

मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, आने वाले दिनों में सोने में तेजी देखने को मिल सकती है।

इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 75 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है।

ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल का अनुमान है कि अगले कुछ महीनों तक चांदी में तेजी देखने को मिलेगी। ब्रोकरेज फर्म ने एक रिपोर्ट में कहा कि हम चांदी में निवेश करने की सलाह देते हैं और मीडियम से लंबी अवधि में 92,000 रुपए और उसके बाद 1 लाख रुपए पहुंच सकता है।

## शार्ट न्यूज

### मीरवाइज ने जतायी प्रमुख धार्मिक आयोजनों पर रोक पर निराशा



श्रीनगर। कश्मीर के प्रमुख मौलवी एवं हुर्रियत अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने कश्मीर की स्थिति के बारे में अधिकारियों के आशावादी सार्वजनिक बयानों और धार्मिक स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करने वाले उनके कार्यों के बीच विरोधाभास की शुक्रवार को आलोचना की। मीरवाइज ने श्रीनगर की ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में शुक्रवार की सामूहिक प्रार्थना को संबोधित करते हुए पिछले एक सप्ताह में जामिया मस्जिद में जुमातुल विदा, शब-ए-कद्र और ईद की नमाज सहित प्रमुख धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन पर रोक लगाने के अधिकारियों के फैसले पर गहरी निराशा व्यक्त की। मुख्य मौलवी ने कश्मीर की स्थिति के बारे में अधिकारियों के आशावादी सार्वजनिक बयानों और धार्मिक स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करने वाले उनके कार्यों के बीच विरोधाभास की आलोचना की। उन्होंने कहा, हर बार जब मस्जिद को बंद कर दिया जाता है और मुझे घर पर नजरबंद कर दिया जाता है, तो उनके दावे उजागर हो जाते हैं। इन चुनौतियों के बावजूद, हमारा लचीलापन और विश्वास अटूट है। हम निराश हैं, लेकिन निरुत्साहित नहीं हैं, हमें अल्लाह पर पूरा भरोसा है।

### किसी उम्मीदवार से नहीं बल्कि उसके पीछे खड़ी ताकतों से है लड़ाई : उमर

श्रीनगर । नेशनल कांफ्रेंस उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में उनकी लड़ाई किसी उम्मीदवार से नहीं बल्कि उसके पीछे खड़ी और उसे समर्थन दे रही ताकतों से है। उमर अब्दुल्ला ने आज यहां संवाददाताओं से कहा कि इस बार उनकी लड़ाई किसी उम्मीदवार के खिलाफ नहीं है, बल्कि उन ताकतों के खिलाफ है जो उस प्रत्याशी के पीछे खड़े हैं और उसका समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, दक्षिणी, मध्य और उत्तरी कश्मीर में हमारी लड़ाई भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और केंद्र सरकार के खिलाफ है। इसलिए हमारी पार्टी ने फैसला किया कि मुझे उत्तरी कश्मीर से चुनाव लड़ना चाहिए क्योंकि केंद्र सरकार और भाजपा यहां पूरी ताकत झोंक रही है। श्री उमर ने कहा, मैं चाहता हूं कि उत्तरी कश्मीर में इन ताकतों को हराया जाये। इसीलिए पार्टी ने इसे सही समझा और मुझे बारामूला और आगा रूहल्लाह को श्रीनगर से उम्मीदवार बनाया है। भाजपा को कश्मीर में अपने उम्मीदवार उतारने की चुनौती देते हुए उन्होंने कहा, भाजपा को कश्मीर की तीन सीटों पर सीधे अपने उम्मीदवार उतारने दें और उनकी प्रॉक्सी टीमों और उम्मीदवारों का समर्थन न करें। अगर उनकी जमानत जब्त न हो, तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा।

### ड्रग सिंडिकेट के साथ घनिष्ठ संबंधों के चलते द्रमुक को अस्वीकार करें : सूर्या

कोयंबटूर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने शुक्रवार को भाजपा को अधिक भरोसेमंद और सक्षम विकल्प के रूप में पेश किया। साथ ही उन्होंने तमिलनाडु में युवा मतदाताओं से ड्रग सिंडिकेट के साथ घनिष्ठ संबंधों के लिए द्रमुक को खारिज करने और इससे निपटने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन करने की अपील की। उन्होंने कहा, नशीले पदार्थों का युवा लोगों पर बुरा असर पड़ता है। हमने देखा है कि पंजाब में नशीली दवाओं के खतरे ने युवाओं के जीवन को कैसे प्रभावित किया है। तमिलनाडु में भी सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक खुद नशीली दवाओं को बेचने और बढ़ावा देने की कोशिश कर रही है और सिंडिकेट के साथ मिली हुई है। उन्होंने कहा, युवाओं से मेरा अनुरोध है कि कृपया नशे से दूर रहें और द्रमुक और उसकी राजनीति को खारिज करें। सूर्या ने यहां लेखक तथा वक्ता शेफाली वैद्य के साथ थिंकर्स सेल द्वारा संचालित कार्यक्रम 'स्पॉटलाइट पैनल' में ये टिप्पणियां कीं। उल्लेखनीय है कि बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं की तस्करी के मामले में फिल्म निर्माता और द्रमुक पदाधिकारी एके जाफर सादिक की गिरफ्तारी ने द्रमुक के खिलाफ भाजपा के अभियान को बढ़ावा दिया। सादिक के सोशल मीडिया पेजों पर द्रमुक नेतृत्व के साथ उनके संबंधों की तस्वीरें हैं, जिसकी तमिलनाडु में सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक की हर तरफ से आलोचना हो रही है।

### ईश्वरप्पा ने कर्नाटक के शिवमोग्गा से किया निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन

बेंगलुरु। कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बागी नेता केएस ईश्वरप्पा ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी से टिकट नहीं मिलने के बाद शुक्रवार को शिवमोग्गा संसदीय सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। भाजपा ने निर्वाचन आयोग से श्री ईश्वरप्पा को अपने प्रचार अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीरों का उपयोग करने से रोकने का अनुरोध किया है। शिकायत में कहा गया है कि शिवमोग्गा से निर्दलीय उम्मीदवार केएस ईश्वरप्पा जनता को गुमराह कर रहे हैं कि वह श्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेताओं की ओर से चुनाव लड़ रहे हैं। वह बता रहे हैं कि वह भाजपा का हिस्सा है, जो गलत है। शिवमोग्गा में बीवाई राघवेंद्र को मैदान में उतारकर भाजपा यह स्पष्ट कर चुकी है कि श्री ईश्वरप्पा यहां से पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार नहीं हैं। निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने के बावजूद ईश्वरप्पा का प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के साथ खुद को जोड़ने की कोशिश पार्टी की छवि के लिए एक चुनौती है और संभावित रूप से मतदाताओं को भ्रमित कर सकती है। इससे पहले आज, ईश्वरप्पा ने कई शिकायतें की, जिसमें वंशवादी नियंत्रण के खिलाफ मोदी के रुख के बावजूद पार्टी में बीएस येदियुरप्पा परिवार की प्रभुता शामिल है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि एक पार्टी एक परिवार के हाथों में नहीं होनी चाहिए, लेकिन कर्नाटक में बीएस येदियुरप्पा के एक बेटे भाजपा अध्यक्ष हैं और दूसरे सांसद है। मैं इसके खिलाफ चुनाव लड़ रहा हूं। श्री ईश्वरप्पा ने राज्य में भाजपा के कुछ वर्गों के बीच असंतोष को भी उजागर किया, विशेष रूप से उन लोगों के बीच जो हिंदुत्व की विचारधारा में दृढ़ता से विश्वास करते हैं।

# ग्रेनो में हादसे में तीन सगे भाई बहनों की मौत

**दो बहनों और बहन की सहेली को लेकर शादी में शामिल होने गया था, अनियंत्रित हुई बाइक**




**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के बीटा 2 थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा देखने को मिला। यहां एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में तीन सगे भाई-बहनों की मौत हो गई, जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

शुक्रवार को तड़के ग्रेटर नोएडा के बीटा 2 थाना क्षेत्र के परी चौक पर एक दर्दनाक हादसा हुआ। कुलेसरा के रहने वाले सुरेंद्र (28) अपनी बहनों के साथ बाइक से कासना से कुलेसरा जा रहे थे। वह चार लोग बाइक पर सवार थे। रात करीब 2 बजे जब वह लोग परीचौक पर पहुंचे तो ब्रेकर पर उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार से आए किसी वाहन ने बाइक सवारों को रौंद दिया। बाइक पर सवार सुरेंद्र (28), शैली (26), अंशु (14) और बहन की सहेली हादसे में घायल हो गए। आनन-फानन में सभी को अस्पताल ले जाया गया।

### पुलिस ने घर वालों को दी घटना की जानकारी

हादसे में सुरेंद्र सिंह, शैली और अंशु को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि तीसरी युवती का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि यह लोग एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए कसाना गए थे और रात्रि में करीब 2:00 बजे कासना से कुलेसरा के लिए जा रहे थे।

इस घटना के बारे में उनके परिजनों को जानकारी दे दी गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात वाहन की पहचान की जा रही है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई करेगी।

## डेडीकेटेड फ्रंट कॉरिडोर से लोहे का सामान चोरी

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में डेडीकेटेड फ्रंट कॉरिडोर की निर्माणाधीन साइट से लोहे का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। चोर करीब पचास हजार रुपये कीमत के लोहे के जैक चोरी कर ले गए चार दिन पहले भी रेलवे के ओवरब्रिज से स्टील का सामान चोरी हुआ था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। सिक्योरिटी कंपनी के सुपरवाइजर बिहारी दास ने बताया कि उनकी कंपनी डेडीकेटेड फ्रंट कॉरिडोर की सुरक्षा व्यवस्था देखती। डीएफसी का मोजर बेयर से एलजी गोल चक्कर के बीच निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माणाधीन कंपनी के ठेकेदार ने सूचना दी कि साइट से लोहे का सामान चोरी कर लिया गया है। ठेकेदार ने बताया कि मजदूर साइट पर काम करने के बाद घर चले गए थे। इसके बाद रात में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। चोर करीब पचास हजार रुपये कीमत के लोहे के जैक चोरी कर ले गए। सिक्योरिटी सुपरवाइजर ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

## नोएडा के सेक्टर-18 में बिल्डिंग की छत पर लगी आग

**20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू, सामान जलकर राख**

एजेंसी

नोएडा। नोएडा में शुक्रवार सुबह करीब पांच बजकर 46 मिनट पर सेक्टर-18 के एक तीन फ्लोर की इमारत की छत पर आग लग गई। बिल्डिंग के फर्स्ट और सेकेंड फ्लोर काफी समय से बंद थे। यहां ग्रेवटी रेस्टो बार था। इसी की छत पर इलेक्ट्रिक पैनल में आग लग गई।

आग की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। आग तेजी से फैली। वहां मौजूद गार्ड ने इसकी जानकारी पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी। मौके पर दमकल की दो गाड़ियां भेजी गई। पाइप को सीढ़ियों के जरिए ऊपर पहुंचाया गया। इसके बाद आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने में करीब 20 मिनट का समय लग गया।

गनीमत रही आग आसपास की इमारतों में नहीं फैली। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है कोई जनहानि नहीं हुई है। उन्होंने गर्मी बढ़ने के साथ इलेक्ट्रानिक उपकरणों का प्रयोग करने से पहले



उनका मेंटेनेंस करवा ले। जिससे शॉर्ट सर्किट की संभावना न रहे।

### बंद होने की वजह से भर गया धुंआ

इमारत के थर्ड फ्लोर पर बने रेस्टोबॉर में आग का धुंआ भर गया। जिसको निकालने के लिए दमकल विभाग के कर्मियों ने यहां लगे शीशे तोड़ दिए।

वहीं बिल्डिंग में नीचे की ओर आग न आए इसके लिए लगातार पानी की बौछार की जा रही। इसके बाद सीढ़ियां लगाकर पाइप को छत पर पहुंचाया गया जिसके बाद आग पर काबू पाया गया।

# साइड नहीं देने पर थार सवार ने दंपती को पीटा

**नोएडा।** नोएडा में सड़क पर साइड नहीं देने पर आरोपी ने एक दंपती की पिटाई कर दी। पीड़ित दंपती के सिर, हाथ पैर में चोट लगी है। उनका मेडिकल कराया गया। पीड़ित के शिकायत पर थाना सेक्टर-113 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित मोमिन ने बताया, पर्थल स्थित एक स्कूल की बस चलाता हूं। बस में मेरी पत्नी भी मदद करती है। 10 अप्रैल को वह बच्चों को घर छोड़कर बस लेकर वापस स्कूल आ रहा था। जैसे की हम बस लेकर स्कूल के सामने पहुंचे सामने से थार आ रही थी। उन्होंने निकलने के लिए साइड मांगी। मैने उन्हें रास्ता देने का प्रयास किया। लेकिन रास्ता छोटा होने की वजह से समय लग गया। इस बात पर गुस्सा होकर थार में बैठे एक शख्स मेरे साथ गाली गलौज शुरू कर दी। जब मैने मना किया तो उन्होंने मुझे बाहर खींच लिया और मारपीट शुरू कर दी। बचाव करने के लिए पत्नी बस से उतर कर मेरे पास आ गई। आरोप है कि हाथ में हथियार लेकर उन्होंने मेरे साथ मारपीट की। बीच बचाव करने आई पत्नी शहनाज को भी मारना शुरू कर दिया। उन्होंने हथियार की बट से दोनों पर वॉर किए। जिससे सिर में गहरी चोट लगी है। इसके बाद वो थार लेकर फरार हो गए। 24 घंटे तक पत्नी को अस्पताल में एडमिट किया गया।

# सफाईकर्मी की हत्या के मामले में प्रेमिका का पति गिरफ्तार

**27 मार्च को खाली ग्राउंड पर मिला था युवक का शव, चाचा ने की थी शिनाख्त**

**नोएडा।** निजी अस्पताल में काम करने वाले सफाई कर्मी की हत्या के मामले में फेज तीन पुलिस ने शुक्रवार को हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया। मृतक का जिस महिला से प्रेम प्रसंग था, आरोपी उसका पति है। आरोपी की पहचान उड़ीसा के 31 साल राजो भूमिज के रूप में हुई है, जो वर्तमान में परिवार के साथ सेक्टर-70 स्थित बसई गांव में रह रहा है। 27 मार्च को सेक्टर-71 स्थित खाली ग्राउंड में पुलिस को एक युवक का शव मिला था। कुछ ही घंटे बाद मृतक के चाचा ने शव की पहचान कर ली।

शव कानपुर निवासी मुकेश दिवाकर का था, जो मामूरा गांव में किराये पर रहता था और छिजारसी स्थित एक निजी अस्पताल में काम करता था। मृतक के शरीर पर चोट के निशान थे,



ऐसे में पुलिस हत्या के एंगल से ही मामले की जांच कर रही थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मुकेश दिवाकर की गला दबाकर हत्या किए जाने की बात सामने आई थी। जिसके बाद पुलिस ने गहनता से जांच पड़ताल की तो पता चला कि मुकेश दिवाकर के बसई गांव में रहने वाली एक महिला के साथ प्रेम संबंध चल रहा था। महिला भी मुकेश के साथ अस्पताल में काम करती थी। इस बात की भनक महिला के पति राजो को लग गई। इसका उसने विरोध किया था। टोकने के बाद भी जब मुकेश ने महिला से मिलना जुलना नहीं छोड़ा तो राजो उससे रंजिश रखने लगा। होली के दौरान साजिश के तहत राजो उर्फ रंजीत ने मुकेश दिवाकर को शराब पीने के बहाने बुलाया। इस दौरान उसने मुकेश दिवाकर को जमकर शराब पिला दी। मुकेश दिवाकर को शराब का नशा अधिक होने पर राजू उसे नोएडा के सेक्टर-71 के खाली ग्राउंड में ले गया। जहां पर उसने मुकेश दिवाकर का गला दबाकर उसे मौत के घाट उतार दिया। इस दौरान मुकेश दिवाकर ने विरोध करने का प्रयास किया लेकिन शराब के अधिक नशे में होने के कारण वह राजो का ज्यादा विरोध नहीं कर पाया। मुकेश दिवाकर को मौत के घाट उतारने के बाद राजू अपने घर चला गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में राजू उर्फ रंजीत ने मुकेश दिवाकर की हत्या करने का जुर्म स्वीकार किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी के खिलाफ मृतक के चाचा ने केस दर्ज कराया था।

# 2009 से 2019 तक साक्षरता बढ़ी, मत प्रतिशत नहीं

**गौतमबुद्ध नगर में 69.30 प्रतिशत साक्षरता के बाद 48.54 प्रतिशत वोट पड़े थे**



**गौतमबुद्ध नगर।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में 26 अप्रैल को मतदान होने हैं। इसके लिए अभी से लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

वो इसलिए भी क्योंकि जनपद में जैसे जैसे साक्षरता को बढ़ रही है, उस लिहाज से मतदान प्रतिशत काफी कम है।

वर्तमान में गौतमबुद्ध नगर में 80.12 प्रतिशत साक्षरता है। इसके बाद भी यहां बड़े स्तर पर स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। लोगों को मतदान के लिए जागरूक करना पड़ रहा है।

आकडों को देखे तो साल 2004 के चुनाव में साक्षरता दर 53.13 प्रतिशत थी, लेकिन इस साल चुनाव में मतदान के लिए सिर्फ 41.24 प्रतिशत मतदाता ही घरों से निकलकर बूथों तक पहुंचे। 2009 के चुनाव में साक्षरता दर 69.30 प्रतिशत तक हो गई, लेकिन इस साल ही चुनाव में मतदान 48.54 प्रतिशत पर ही सिमट गया।

लिहाजा जिले की साक्षरता दर में लगातार तेजी से उछाल आया। महिला व पुरुष दोनों साक्षर हुए, उसके बावजूद यहां मतदान प्रतिशत उम्मीद के मुताबिक नहीं बढ़ा।

#### अब जानते हैं गौतमबुद्ध नगर में मतदाता की स्थिति पर नजर

जनपद में 1852 बूथ बनाए गए है। नोएडा में 747, 62-दादरी में 707 तथा 63-जेवर में 398 बूथ बनाये गये है।
जनपद में 18, 82177 कुल महिला, पुरुष एवं ट्रांसजेंडर्स मतदाता।
जिसमें नोएडा के 437812 पुरुष, 345047 महिला एवं 13 ट्रांसजेंडर।
दादरी के 397652 पुरुष, 331757 महिला एवं 72 ट्रांसजेंडर्स
जेवर के 200082 पुरुष, 169725 महिला एवं 17 ट्रांसजेंडर्स मतदाता।

### महिला पुरुष दोनों साक्षर फिर भी कम रहता है मतदान प्रतिशत

वर्तमान में जिले की साक्षरता दर 80.12 प्रतिशत है। इनमें 88.06 प्रतिशत पुरुष साक्षर हैं, जबकि 70.82 प्रतिशत महिलाएं साक्षर हो चुकी है। 2019 में भी जिले के मतदान प्रतिशत में काफी उछाल देखने को मिला था, लेकिन साक्षरता के मुकाबले यह काफी नहीं था।

2019 में 60.49 प्रतिशत मतदान हुआ। ऐसे में इस बार प्रशासन ने मतदान को बढ़ाने के लिए कई योजना तैयार की है। सोसाइटियों में बूथ बनाए गए हैं। स्वीप के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# 30 दिन में 56 हजार वर्गमीटर जमीन कब्जा मुक्त

**नोएडा में 10 वर्क सर्किल ने चलाया अभियान**

नोएडा। अवैध निर्माण को लेकर प्राधिकरण सख्त है। प्राधिकरण ने अवैध निर्माण को लेकर की गई कार्यवाही की समीक्षा की। उनको अवगत कराया गया कि एक महीने में 12 स्थलों से अवैध निर्माण को हटाया गया। जिसमें 17 खसरों की करीब 56 हजार 885 वर्गमीटर जमीन जमीन है। ये जमीन सदरपुर, ममूरा, सोरखा, सलरपुर, असदुल्लापुर, मोहियापुर , गढ़ी समस्तीपुर , गुलावली गांव की है।

इसकी लागत करीब 236.80 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने बताया कि अवैध निर्माण और कब्जे पर अभियान जारी रहेगा। इन जमीनों पर भू माफियाओं ने अवैध रूप से कब्जा कर यहां कालोनी काटी थी। सीईओ ने लोगों से अपील की बिना प्राधिकरण में चेक करें किसी भी जमीन पर अपना पैसा न लगाए। कलोनाइज़र या लुभावने और फ्रॉड विज्ञापन के जाल में न फंसे। अन्यथा आपकी जमा पूंजी डूब सकती है।

### अब बताते है किस गांव से कितना खाली कराया गया अवैध कब्जा

सदरपुर गांव से 6385 वर्गमीटर जमीन खाली कराई गई।
ममूरा में 500 वर्गमीटर जमीन लागत करीब 3.5 करोड़
सेक्टर-118 सोरखा जाहिदाबाद 3500 वर्गमीटर जमीन लागत करीब 35 करोड़
सेक्टर-76 सोरखा जाहिदाबाद 500 वर्गमीटर लागत 55 करोड

# सेफ स्कूल पॉलिसी के तहत यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

ललित कुमार गोठवाल

झज्जर। सेफ स्कूल वाहन पॉलिसी और सरकार के द्वारा जारी निर्देशों के तहत कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को झज्जर पुलिस द्वारा जिले भर में एक विशेष अभियान चला कर स्कूल वाहनों की चेकिंग की गई जिसमें अनियमितता पाए जाने पर 36 वाहन चालकों के चालान किए गए। जिस संबंध में यातायात पर्यवेक्षण अधिकारी सहायक पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने बताया कि पुलिस आयुक्त झज्जर श्री बी सतीश बालन के दिशा निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए स्कूल बसों में यातायात के नियमों का पालन न किए जाने वालों पर कार्रवाई करते हुए 36 वाहन चालकों के चालान किए गए।

कनीना जिला महेंद्रगढ़ जैसी कोई घटना हमारे जिले में ना हो इसके लिए प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है और



प्रत्येक बच्चे की सुरक्षा की जिम्मेवारी हमारी है। इस दौरान खुद यातायात पर्यवेक्षक अधिकारी ने वाहनों की जांच करते हुए सभी के दस्तावेज चेक किया, आवश्यकता से अधिक बच्चे बैठे मिलने पर उनके चालान किए गए, वहां चालको व हेल्पर के एड्रेस में न मिलने पर, बस में सीसीटीवी कैमरे ना लगे होने आदि मापदंडों के आधार पर कार्रवाई करते हुए चालान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल बसों में सीसीटीवी कैमरे लगे होने चाहिए। चालक-परिचालक की वर्दी होनी चाहिए, महिला सहायक का होना जरूरी है, नंबर प्लेट ठीक होनी चाहिए। पूरे दस्तावेज और प्राथमिक चिकित्सा पेटी व उसके अंदर पूरा सामान होना चाहिए। बस की लाइटें ठीक काम करनी चाहिए। बस के आगे व पिछे रिफ्लेक्टर टेप लगी होनी चाहिए।

स्कूल बसों के पिछे आपातकालीन हेल्पलाइन नम्बर लिखे होने चाहिए। ऐसा न करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह अभियान जारी रहेगा।

# नौ विस उपचुनावों के लिए बिंदल ने तैनात किए चुनाव प्रभारी, सहयोगी

शिमला। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने प्रदेश में होने वाले विधानसभा की नौ सीटों पर उपचुनावों को लेकर चुनाव प्रभारी एवं सह प्रभारी की घोषणा की।

यह जानकारी भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि लाहौल स्पीति उपचुनाव के चुनाव प्रभारी पूर्व मंत्री महिंद्र ठाकुर होंगे, इसी प्रकार धर्मशाला के चुनाव प्रभारी विधायक पवन काजल और सह प्रभारी प्रदेश सचिव विशाल चौहान और पूर्व विधायक जियालाल होंगें । देहरा के चुनाव प्रभारी प्रभारी पूर्व मंत्री विधायक बिक्रम ठाकुर, सह प्रभारी पूर्व प्रदेश सचिव वीरेंद्र चौधरी और जिला अध्यक्ष संजीव शर्मा होंगे।

गगरेट के चुनाव प्रभारी प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधायक राजेश ठाकुर, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित ठाकुर, पूर्व विधायक नवीन धीमान, जिला परिषद सदस्य सुशील कालिया होंगे। कुटलैहर के चुनाव प्रभारी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक सतपाल सती और सह प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष सजीव कटवाल होंगे।

सुजानपुर के चुनाव प्रभारी विधायक एवं मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल, सह प्रभारी प्रदेश सचिव एवं पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष नरेंद्र अत्री, चुनाव सहयोगी अनिल ठाकुर, महेश सीपहिया, अशोक शर्मा, चमन लाल ठाकुर होंगे। बड़सर के चुनाव प्रभारी विधायक एवं पूर्व महामंत्री त्रिलोक जमवाल, सह प्रभारी पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, चुनाव सहयोगी रसील सिंह मनकोटिया, विजय पाल सराहु, अभ्यवीर लवली, दलवीर सिंह ठाकुर होंगे।

हमीरपुर के चुनाव प्रभारी प्रदेश प्रवक्ता मोहिंद्र धर्माणी, चुनाव सहयोगी प्यारे लाल शर्मा, देवराज शर्मा, रघुवीर सिंह, अनिल सामा होंगे।

**झज्जर में बोले भाजपा प्रत्याशी डा.अरविंद शर्मा**

# चुनाव में डर व भय का माहौल बनाना चाहती है कांग्रेस

ललित कुमार गोठवाल झज्जर

रोहतक लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सांसद डा.अरविंद शर्मा ने कांग्रेस पर चुनाव में भय व डर का माहौल पैदा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस अब ओछी राजनीति पर आ गई है और वह चुनाव में भय का माहौल पैदा कर वोट हासिल करने का मन बना चुकी है। डा.अरविंद शर्मा शुक्रवार को झज्जर जिला मुख्यालय पर भाजपा के चुनावी कार्यालय के उद्घाटन मौके पर आए थे। यहां उन्होंने एक तरह से कांग्रेस की साजिश को बेनकाब करते हुए कहा कि पूर्व स्पीकर और बेरी हलके के कांग्रेस विधायक डा.रघुबीर सिंह कादयान के ही बयान ने



कांग्रेस की मंशा को उजागर कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यदि कांग्रेस चुनाव में हारती है तो वह खून खराबा और मारकाट भी कर सकती है। डा.शर्मा यहीं नहीं रूके उन्होंने कांग्रेस के लोगों पर भाड़े के लोगों को गांवों में भेजकर विरोध करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जो लोग टोलियों में गांवों में जाकर विरोध कर रहे है उनके हाथों में लाठियां, ईंट व पत्थर देखे गए है। पूर्व सीएम चौ. भूपेन्द्र सिंह हुड्डा द्वारा बेरी की जनआक्रोष रैली में सीएम नायब सैनी को डम्मी बताए जाने को लेकर भी सांसद डा.अरविंद शर्मा ने अपना विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि सच्चाई तो यह है कि पिछड़ा वर्ग का सीएम बनना कांग्रेस को रास नहीं आ रहा है।

## शार्ट न्यूज

### 15 अप्रैल को भगवंत मान तिहाड़ में केजरीवाल से करेंगे मुलाकात

**नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान 15 अप्रैल यानी सोमवार को तिहाड़ जेल में आप संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करेंगे। जेल अधिकारियों ने बताया कि बैठक दोपहर में मुलाकाती जंगला पर आम आगंतुकों के रूप में होगी, लेकिन इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहेंगे। पंजाब के मुख्यमंत्री को जेड प्लस सुरक्षा है। पंजाब के मुख्यमंत्री की सुरक्षा को लेकर शुक्रवार को तिहाड़ जेल के अधिकारियों दिल्ली पुलिस और पंजाब पुलिस के बीच बैठक हुई। इसमें केजरीवाल के साथ मान की मुलाकात के दौरान सुरक्षा उपायों को लेकर चर्चा हुई। तिहाड़ जेल के महानिदेशक संजय बेनीवाल के नेतृत्व में हुई बैठक में एडीजी पंजाब पुलिस एके पांडेय और एक एसीपी स्तर के अधिकारी मौजूद थे। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि तिहाड़ के उप महानिरीक्षक राजीव परिहार के कार्यालय में बैठक हुई। अधिकारियों ने बताया कि जेल नियमों के मुताबिक मान और केजरीवाल के बीच बैठक की व्यवस्था करने के लिए आयोजित की गई थी। इसमें जेल नियमों के सुरक्षा व्यवस्था करने और सारी औपचारिकताएं पूरी करने पर चर्चा की गई।

### ब्यूटीशियन ने गंदे नाले में छलांग लगाकर दी जान

नई दिल्ली। मंगोलपुरी इलाके में बृहस्पतिवार रात 21 साल की ब्यूटीशियन ने गंदे नाले में छलांग लगाकर जान दे दी। उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शुरुआती जांच में पता चला है कि सैलून में काम करने वाली एक युवती के साथ बतौर दोस्त रह रही थी। कुछ दिन से युवती से किसी बात पर विवाद हो गया था, तब से वह परेशान थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वह परिवार के साथ एक्स ब्लॉक मंगोलपुरी में रहती थी और एम2के रोहिणी के सामने एक सैलून में ब्यूटीशियन का काम करती थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार रात 9.54 बजे पुलिस को एक महिला से फोन कर बताया कि उसकी बहन ने गंदे नाले में छलांग लगा दी है। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचे। गोताखोरों ने युवती को नाले से निकाल कर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस ने छानबीन शुरू की। पुलिस सूत्रों का कहना है कि सैलून में काम करने वाली एक युवती से गहरी दोस्ती हो गई थी। कुछ दिनों से किसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हो गया, तब से वह परेशान थी।

### माह के अंत तक 1075 फ्लैटों की रजिस्ट्री

नोएडा। शहर में माह के अंत तक 1075 फ्लैटों की रजिस्ट्री का रास्ता साफ हो गया है। बिल्डरों ने कुल बकाया की 25 प्रतिशत रकम जमा करा दी है, लेकिन किसी न किसी वजह से रजिस्ट्री का काम अटका हुआ है। शुक्रवार को प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम के साथ बैठक में बिल्डरों ने जल्द रजिस्ट्री का काम करने का आश्वासन दिया है। लिगेसी स्टाल्ड रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स की समस्याओं के निदान के लिए जारी शासनादेश के बाद 57 बिल्डरों में से 42 ने छूट के बाद 25 प्रतिशत धनराशि जमा कराने की सहमति दी है। इनमें 15 बिल्डरों की ओर से 10 अप्रैल तक धनराशि जमा करा दी गई है। इन बिल्डरों को कुल 1400 रजिस्ट्रियां कराने का लक्ष्य दिया गया था, लेकिन अभी तक 325 ही हुई हैं। बैठक में बिल्डरों ने बताया कि बीच हुईं रजिस्ट्रियां जल्द कराने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन फ्लैट खरीदार रजिस्ट्री कराने में अपेक्षित रूचि नहीं ले रहे हैं। कुछ खरीदार देश से बाहर हैं तो कुछ ने फ्लैट किराये पर दे रखा है। ऐसे में खरीदारों को उनके मूल पते पर रजिस्ट्री कराने के लिए नोटिस भेजे जा रहे हैं। माह के अंत तक सभी स्वीकृत रजिस्ट्रियां करा दी जाएंगी। सेक्टर-78 नोएडा के आवंटी मेसर्स आईआईटीएल निंबस के प्रतिनिधि ने बताया कि स्वीकृत 218 में से 148 रजिस्ट्रियां बची हैं। इनमें 41 के दस्तावेज तैयार हैं। इनका रजिस्ट्रेशन अगले सप्ताह होगा।

### 10 साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी सौतेला पिता गिरफ्तार

लोनी। दिल्ली-यूपी बॉर्डर क्षेत्र में रहने वाली 10 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले सौतेले पिता और मां को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सौतेले पिता ने बेटी के अलावा 13 साल के बेटे के साथ भी कुकर्म किया था। दोनों बच्चों को सौतेले पिता का इतना डर था कि दिल्ली के थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में अलग कहानी बताई थी। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि 10 साल की बच्ची के साथ हुई दुष्कर्म की घटना के मामले में पुलिस ने सौतेले पिता और बच्ची की मां को गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची अपने सौतेले पिता के उत्पीड़न से इतना डर गई थी कि वह अपने घर का पता भी सही से नहीं बता पा रही थी। एक पुलिसकर्मी ने जब बच्ची को विश्वास में लिया और उसकी सुरक्षा का आश्वासन दिया, तो बच्ची ने चौंकाने वाली बात कही। बच्ची ने बताया कि कोरोना काल में उनके पिता की मौत हो गई थी। इसके बाद मां बच्चों को लेकर फिरोजाबाद में मायके चली गई थी। करीब एक साल पहले मां बेटी और बेटे को लेकर दिल्ली यूपी बॉर्डर इलाके में आई थी। मां की दिल्ली निवासी व्यक्ति से जान-पहचान थी। दोनों ने शादी कर ली थी। सौतेला पिता 10 साल की बेटी और 13 साल के बेटे के साथ गलत काम करने लगा। पहले बेटी के साथ दुष्कर्म किया फिर बेटे के साथ कुकर्म किया।

### अनाज मंडी में फसल रखने के लिए नहीं बची जगह

फर्रुखनगर। फर्रुखनगर अनाज मंडी में सरसों और गेहूं की आवक लगातार बढ़ रही है। अधिक आवक होने से मंडी में जगह कम पड़ती नजर आ रही है। आढ़ती किसान की फसल को सड़क पर ही उतारने को मजबूर हैं। गुरुवार को फर्रुखनगर की पूरी मंडी सरसों तथा गेहूं से भर गई। ट्रैक्टर-ट्राली, ट्रक और अन्य वाहनों से जाम लग गया। वाहनों को मंडी से निकालना मुश्किल हो रहा है। एक तरफ ट्रक लोड हो रहे थे तो दूसरी तरफ किसान अपनी फसल मंडी में ला रहे थे। इसके चलते पूरी मंडी में जाम की स्थिति बनी रही। दूसरे दिन भी गुरुग्राम रोड पर काफी संख्या में सरसों से लदे ट्रक व ट्रैक्टर खड़े रहे। मंडी में जगह की कमी का असर साफ दिखाई दे रहा है इसके अलावा ट्रकों को काफी इंतजार करना पड़ा। टेंडर नहीं होने के कारण अभी गेहूं का उठान नहीं हो सका। सरसों का उठान भी धीमी गति से हो रहा है। उठान को लेकर संबंधित अधिकारी कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं । गुरुवार को फर्रुखनगर अनाज मंडी में 4910 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। मार्केट कमेटी के कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव विद्यासागर ने कहा की अनाज मंडी सरसों व गेहूं से पूरी तरह भर चुकी है। ऐसे में सरसों को दूसरी जगह डलवाने के लिए जगह तलाशी जा रही है। व्यापारी अमरनाथ गोयल ने सुझाव दिया है कि निकटवर्ती सिवाडी गांव में सरसों को उतरवाने के लिए पर्याप्त जगह है।

### नियमों को ताक पर रख दौड़ रहे स्कूली वाहन

गुरुग्राम। शहर में नियमों को ताख पर रखकर स्कूली वाहन फर्राटा भर रहे हैं। अधिकांश स्कूली वाहन या तो पुराने हैं या अनफिट करार दिए गए हैं। इक्का-दुक्का स्कूलों को छोड़ दें तो बच्चे अधिकतर पब्लिक स्कूल के प्राइवेट वाहनों से पहुंचते हैं। यह स्कूली वाहन ट्रैफिक नियमों को पूरा नहीं करते। ट्रैफिक पुलिस की नाक के नीचे नियमों की धज्जियां उड़ाती स्कूल बसें रोजाना विद्यार्थियों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। महेंद्रगढ़ जिले के कनीना में स्कूल बस हादसे में करीब 6 बच्चों की मौत से अभिभावकों में खौफ पैदा हो गया है। शहर में स्कूली वाहन को लेकर समय-समय पर जिला प्रशासन भी सख्ती दिखाता है। बावजूद उसके स्कूल प्रबंधनों की मनमानी जारी है। बृहस्पतिवार को दोपहर 2 बजे बसई रोड पर एक निजी स्कूल में बच्चों की छुट्टी हो रही थी। इस स्कूल से निकलने वाली स्कूली बस में क्षमता से अधिक बच्चे बैठे थे। जबक, न ही सीसीटीवी कैमरा था, न ही आपातकालीन स्थिति में संपर्क करने के लिए स्कूल के फोन नंबर को सही अक्षरों में लिखा गया था। इसके अलावा बस में ना तो फर्स्ट एड बाक्स है और ना ही अग्निशमन यंत्र और ना ही अन्य सुरक्षा मानकों का ध्यान रखा जाता है। इसके अलावा स्कूल में बच्चों को लाने व ले जाने के लिए थ्री व्हीलर भी लगे हुए हैं। जिनमें बमुश्किल से पांच सवारियां बैठती है वहां पर 16 से 18 विद्यार्थियों को ठूंस-ठूंस कर बैठाया जाता है।

# दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने का षड्यंत्र रच रही केंद्र सरकार : आतिशी

**दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना ग़ैरक़ानूनी, ग़ैर संवैधानिक और दिल्ली की जनता के जनादेश के ख़िलाफ़ होगा**

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित केंद्र सरकार राजनैतिक साज़िश के तहत दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने का षड्यंत्र रच रही है।



आतिशी ने आज संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा शासित केंद्र सरकार राजनैतिक साज़िश के तहत दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने का षड्यंत्र रच रही है। उन्होंने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि, दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना ग़ैरक़ानूनी, ग़ैर संवैधानिक और दिल्ली की जनता के जनादेश के ख़िलाफ़ होगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा जानती है वह दिल्ली में चुनाव नहीं जीतने वाली इसलिए अब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की लोकप्रिय सरकार को गिराना चाहती है।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार के ख़िलाफ़ रचे जा रहे षड्यंत्र का एक बड़ा कारण सरकार द्वारा किए जा रहे काम है, चाहे वह मुफ़्त बिजली-पानी देना हो, शानदार स्कूल, मोहल्ला क्लिनिक देना हो, बुजुर्गों को फ्री तीर्थ यात्रा महिलाओं को फ्री बस यात्रा देनी हो।

'आप'नेता ने कहा, दिल्ली की चुनी हुई सरकार के ख़िलाफ़ एक बहुत बड़ा राजनैतिक षड्यंत्र रचा जा रहा है। हमें विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से पता चला है कि आने वाले कुछ दिनों में भाजपा शासित केंद्र सरकार दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने वाली है। पिछले कुछ दिनों से इसके संकेत देखने को मिल रहे है।

## आर एंड आर अस्पताल के डॉक्टरों ने जवान का कटा हाथ जोड़ा

नयी दिल्ली। केन्द्रशासित प्रदेश लद्दाख में भारतीय सेना के एक जवान के मशीन चलाते हुये कट गये हाथ को कल रात यहां रिसर्च एंड रेफरल (आर एंड आर) अस्पताल में आपात सर्जरी करके डॉक्टरों ने उसे जोड़ दिया गया। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि यहां सेना के आर एंड आर अस्पताल में लद्दाख से लाये गये घायल जवान के हाथ की आपात सर्जरी की गयी और उसके कटे हुये हाथ को वापस जोड़ दिया गया।

गौरतलब है कि यह घटना बुधवार को उस समय हुई, जब मशीन चलाते समय उसका हाथ कट गया था। घायल जवान को पहले लेह हवाईअड्डे लाया गया और वहां से सुपर हरक्यूलस विमान से दिल्ली के पालम वायु सेना स्टेशन पहुंचाया गया। भारतीय वायुसेना ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, भारतीय सेना के एक जवान का अग्रिम इलाके में स्थित एक इकाई में एक मशीन चलाते वक्त हाथ कट गया। उसके कटे हुये हाथ को जोड़ने के लिये आपातकालीन सर्जरी में छह से आठ घंटे का वक्त लगता, जिसे देखते हुये भारतीय वायु सेना के सी-130जे विमान को जवान को दिल्ली स्थित आर एंड आर अस्पताल में सर्जरी के लिये लाने के वास्ते एक घंटे के भीतर रवाना किया गया। वायुसेना ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, वायुसेना द्वारा लद्दाख सेक्टर से जवान को घने अंधेरे में विमान से लाया गया और इसमें अंधेरे में भी देखने में सक्षम (नाइट विजन) चश्मों का इस्तेमाल किया गया।

## कोर्ट से भाजपा विधायक समेत भाजपा के कई नेता बरी

गाजियाबाद। गाजियाबाद में एमपी-एमएलए कोर्ट ने भारतीय जनता पार्टी के लोनी विधानसभा से विधायक नंदकिशोर गुर्जर को बड़ी राहत दी है। मामला साल 2007 का था।

जब गुर्जर आंदोलन के चलते गाजियाबाद के भोपुरा पर आगजनी और जाम लगाया गया था। इस मामले में कुल 16 आरोपी बनाये गए थे। जिसमें से कोर्ट ने 10 को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। वहीं 6 को 6 महीने की सजा हुई है उनको भी पर्सनल बांड पर जमानत दे दी गयी।

आरोपी बनाए गए लोगों के एडवोकेट हरेंद्र कसाना ने बताया कि वर्ष 2007 में गाजियाबाद के भोपुरा क्षेत्र में गुर्जर आंदोलन को लेकर जाम और आगजनी हुई थी। जिसका मामला गाजियाबाद में एमपी एमएलए कोर्ट में चल रहा था। पुलिस ने इस मामले में 07 क्रिमिनल एक्ट, 147, 341, 336 और 427 में मुकदमा दर्ज किया था। उस समय दरोगा समरपाल ने यह मुकदमा दर्ज कराया था। हरेंद्र कसाना ने बताया कि इस मामले में नौ गवाह पेश हुए जो सारे सरकारी पक्ष के थे।

हरेंद्र कसाना के मुताबिक इस मामले में कोर्ट ने गाजियाबाद की लोनी विधानसभा से वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर, पप्पू पहलवान, ईश्वर मावी, विनोद नागर, धीरज धामा, दिनेश और सुरेंद्र कसाना समेत 10 को बरी कर दिया है।

## मोदीनगर में ट्रेन की चपेट में आया छात्र

मोदीनगर। मोदीनगर की अवलोक उत्सव कॉलोनी के सामने ईयरबड्स लगाकर रेलवे ट्रैक पार कर रहा इंटर के छात्र की एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। छात्र दौड़ लगाने के लिए हापुड मार्ग स्थित गांधी मैदान में जा रहा था। इकलौते पुत्र की मौत के बाद माता पिता का रो रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नगर की मोहनपार्क कॉलोनी निवासी राजीव राठी अपनी पत्नी व 21 वर्षीय निखिल राठी उर्फ चीकू के साथ रहते हैं। उनका पुत्र निखिल राठी ने इंटर की परीक्षा दी थी। इंटर की परीक्षा देने के बाद निखिल सेना व पुलिस में जाने की तैयारी कर रहे थे। वह शाम के समय रोजाना मोदीनगर हापुड मार्ग स्थित गांधी मैदान में दौड़ लगाने के लिए जाते थे।

## बीआरएस नेता कविता 15 अप्रैल तक सीबीआई हिरासत में

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी घोटाले के मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधान पार्षद के. कविता को 15 अप्रैल तक केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की हिरासत में शुक्रवार को भेज दिया।



राजधानी के राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने सीबीआई की ओर से पांच दिनों की हिरासत के अनुरोध पर विचार के बाद यह आदेश पारित किया।

सीबीआई ने अदालत के समक्ष हिरासत की गुहार लगाते हुए आरोप लगाया कि कविता का आबकारी नीति कथित घोटाले में बड़ी भूमिका रही है। जांच आगे बढ़ाने के लिए आरोपी की पांच दिनों की हिरासत जरूरी है। अदालत ने सीबीआई गुहार पर विचार कर तीन दिनों की हिरासत की अवधि मंजूर की।

सीबीआई ने विशेष अदालत की अनुमति के बाद सुश्री कविता से जेल में पूछताछ के बाद गुरुवार को गिरफ्तार किया था।

तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की पुत्री के. कविता को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 15 मार्च को हैदराबाद स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था।

सीबीआई ने 17 अगस्त 2022 को आबकारी नीति-2021-22 बनाने और उसके कार्यान्वयन में की गई कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए आपराधिक मुकदमा दर्ज किया था।

इसी आधार पर ईडी ने 22 अगस्त 2022 को धनशोधन का मुकदमा दर्ज किया था।

## रूस के एचएसई विश्वविद्यालय के साथ डीयू ने किया समझौता

**दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी संकाय में उत्कृष्टता केंद्र और मिरर लैब का किया उद्घाटन**

दिल्ली। एचएसई विश्वविद्यालय की रेक्टर डॉ. निकिता अनिसिमोव ने विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल के साथ शुक्रवार, 12 अप्रैल को दिल्ली विश्वविद्यालय का दौरा किया। इस दौरान एचएसई विश्वविद्यालय, रूस और दिल्ली विश्वविद्यालय के बीच एक सम्झौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए गए। दिल्ली विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता और एचएसई विश्वविद्यालय, रूस की रेक्टर डॉ. निकिता अनिसिमोव ने दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि दोस्ती की भावना से दोनों विश्वविद्यालयों के बीच पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग की दिशा में यह पहला कदम है। उन्होंने दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों पर जोर दिया।



इस एमओयू में विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और संकाय के आदान-प्रदान के साथ-साथ आपसी हित के क्षेत्रों में ज्ञान और अनुभव साझा करना शामिल है। इसके तहत संयुक्त शैक्षिक और अनुसंधान कार्यक्रम विकसित किए जाएंगे। इस अवसर पर एचएसई विश्वविद्यालय के सहयोग से, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी संकाय में एक उत्कृष्टता केंद्र और मिरर लैब का उद्घाटन भी किया गया। यह एचएसई विश्वविद्यालय के लिए अकादमिक आदान-प्रदान, गतिशीलता आदि को बढ़ावा देने के लिए एक विदेशी विश्वविद्यालय में कैंपस उपस्थिति के एक अन्य तरीके के रूप में एक आउटलेट प्रदान करेगा, साथ ही संयुक्त अनुसंधान पहल को एक जगह बढ़ावा देने की सुविधा भी प्रदान करेगा। संकाय सदस्य इस स्थान का उपयोग संयुक्त अनुसंधान, गतिशीलता और आदान-प्रदान आदि के लिए कर सकते हैं। यह पारस्परिक हितों के अनुसार कंप्यूटिंग, आईटी, भौतिकी, सामाजिक विज्ञान, प्रबंधन सहित किसी भी क्षेत्र में द्विपक्षीय अनुसंधान प्रकाशनों और संयुक्त सम्मेलनों के आयोजन, पहचाने गए क्षेत्रों/डोमेन, मास्टर प्रोजेक्ट आदि में अल्पकालिक अध्ययन कार्यक्रमों/गहन पाठ्यक्रमों का डिज़ाइन आदि की सुविधा प्रदान करेगा। व्याख्यान ऑनलाइन आयोजित किए जा सकते हैं और साथ ही एचएसई के संकाय चयनित अवधि के दौरान ऑफ़लाइन यात्रा कर सकते हैं।

इस बैठक में डीन ऑफ कॉलेज प्रो. बलराम पाणी, रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता, पीआरओ अनूप लाठर, इंटरनेशनल रिलेशन की चेयरपर्सन प्रो. नीरा अग्निमित्रा, प्रोफेसर आशुतोष भारद्वाज, डीन इंटरनेशनल रिलेशन (एस एंड टी), प्रो. देबज्योति चौधरी, डीन विज्ञान संकाय, प्रोफेसर संजीव सिंह, डीन प्रौद्योगिकी संकाय और प्रोफेसर अमिताव चक्रवर्ती, डीन, कला संकाय आदि ने भाग लिया।

## घर में दीये से लगी आग, दम घुटने से महिला की मौत

एजेंसी

नई दिल्ली । दिल्ली के गांधी नगर इलाके में एक इमारत की पहली मंजिल पर कमरे में देर रात अखंड ज्योति से आग लग गई। हादसे में बुजुर्ग महिला सरोज मिश्रा (72) की दम घुटने से मौत हो गई। आग लगते ही महिला के पति सीढ़ियों से बाहर निकल गए। जबकि महिला खुद को बचाने के लिए बाथरूम में चली गई थी।

गुरुवार रात करीब तीन बजे पुलिस और दमकल विभाग को रघुवरपुरा के गली नंबर-11 स्थित इमारत में आग लगने की सूचना मिली। आग तीन मंजिला इमारत की पहली मंजिल पर लगी थी। इमारत में भूतल पर दुकान है। दमकल की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची। पहली मंजिल के फ्लैट में सरोज मिश्रा पत्नी कृष्णा मिश्रा (76) के साथ रहती थीं।

कृष्णा ने बताया कि बृहस्पतिवार रात वह कमरे में सो रहे थे। रात करीब 2:40 बजे अखंड ज्योति के पास आग देखी। वह तुरंत सीढ़ियों की ओर भागे जबकि पत्नी बाथरूम की ओर चली गई। वह नीचे आ गए, लेकिन पत्नी आग के कारण बाथरूम में फंस गई। दमकलकर्मी तुरंत आग बुझाने में जुट गए। कुछ ही देर में आग पर काबू पाने के बाद दमकलकर्मियों ने तलाशी अभियान चलाया।

इस दौरान सरोज बाथरूम में अचेत हालत में पड़ी थी। उन्हें तुरंत पास के अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला की मौत दम घुटने से हुई है। इसमें किसी तरह की कोई गड़बड़ी का संदेह नहीं है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### मालिक ने पीट-पीट कर की युवक की हत्या

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र में एक युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। युवक का कसूर बस इतना था कि उसने अपनी नौकरी छोड़ दी थी। दबंग युवक ने मृतक को चोरी के आरोप में उसके घर से उठाया और फिर अपने सर्विस स्टेशन लाकर मारपीट की। मृतक युवक का पिता जब सर्विस स्टेशन पहुंचा तो उसके बेटे की हालत गंभीर थी। जहां से वह अपने बेटे को दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल लेकर गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा लिख लिया है। हालांकि आरोपी युवक अभी तक फरार है। मूल रूप से हरदोई के रहने वाले और फिलहाल टीला एक्सटेंशन में रहने वाले विजय ने बताया कि उनका बेटा जिसका नाम पंकज है वह अमित मावी के सर्विस स्टेशन पर काम करता था। अमित मावी 11 तारीख को शाम को उनके घर आया और बताया कि पंकज ने चोरी की है। इसके बाद अमित पंकज को अपने साथ ले गया। हालांकि विजय का कहना है कि उन्होंने इस बारे में आपत्ति दर्ज की और कहा कि अगर ऐसा है तो पुलिस में शिकायत करो। विजय के मुताबिक लेकिन अमित नहीं माना और अपने सर्विस स्टेशन पंकज को ले गया। पंकज के पिता विजय के मुताबिक जब वो सर्विस स्टेशन पहुंचे अमित मावी ने उनके बेटे को सरिया से बेहरमी से पीटा था।

## गोदाम में लगी आग से लाखों का सामान जलकर खाक

**आग पर काबू पाने में जुटी फायर ब्रिगेड की आठ गाड़ियां, पत्तल और दोने के कारण आग तेजी से फैली**

नोएडा। हरौला स्थित दोने और पत्तल के गोदाम में शुक्रवार रात आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। तेज धुआं और लपटें उठने के कारण आसपास अफरातफरी मच गई। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग और स्थानीय पुलिस स्टेशन पर दी। सूचना पर पहुंची आठ गाड़ियों की मदद से आग के असर को कम करने का प्रयास देर रात तक होता रहा। अग्निशमन विभाग के साथ ही स्थानीय लोग भी आग बुझाने में जुटे रहे। फेज वन थाना प्रभारी पुलिसबल के साथ घटनास्थल पर मौजूद रहे। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जाहिर की जा रही है। इसमें किसी प्रकार की जन हानि नहीं हुई है।

सीएफओ प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि आग गोदाम में प्रथम तल पर लगी थी। गोदाम के अंदर भारी मात्रा में घी और तेल रखा हुआ था। जिसके कारण आग कुछ ही देर में तीन मंजिले की पूरी बिल्डिंग में फैल गई। आग की घटना से गोदाम में रखा किराने का सामान पूरी तरह से जलकर राख हो गया। सैकड़ों की संख्या में लोग घटनास्थल पर आ गए। गोदाम में तेल और घी होने के कारण लगातार आग के गोले उठ रहे थे। जिसकी वजह से अग्निशमन कर्मियों को आग को बुझाने में कड़ी मशक्कत उठानी पड़ी।

जिस समय आग लगी गोदाम के अंदर करीब बीस लोग मौजूद थे। तेज लपटें उठते देख ही सभी ने बाहर भागकर अपनी जान बचाई। ग़नीमत रही कि आग का दायरा बढ़ने से पहले ही सभी लोग सकुशल बाहर निकल आए। गोदाम के अंदर कई ग्राहक भी घटना के समय मौजूद थे। सोशल मीडिया पर अग्निकांड का कई वीडियो वायरल हुआ है,जिसमें तेज लपटें उठती हुई दिख रही हैं। आग से हुए नुकसान का आकलन आग पर पूरी तरह से काबू पाने के बाद किया जाएगा।

## गाजियाबाद में चेकिंग के दौरान कार से 22 लाख बरामद

**पुलिस ने सीज करके इनकम टैक्स और अन्य एजेंसियों को दी सूचना, 10 मोबाइल फोन भी बरामद**

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना साहिबाबाद क्षेत्र में हिंडन एयरबेस के पास चेकिंग के दौरान दिल्ली के व्यापारी से पुलिस ने 22 लाख रुपए और 10 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। कारोबारी पैसों के बारे में सही जानकारी नहीं दे पाया, न ही संतोषजनक जवाब दे पाया। पुलिस ने पैसे सीज कर दिए हैं। साथ ही इनकम टैक्स विभाग और चुनाव से जुड़ी अन्य एजेंसियों को इसके बारे में सूचना दे दी है।



गाजियाबाद में एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया की अपराध की रोकथाम और चुनाव के मध्य नजर थाना क्षेत्र के हिंडन एयरबेस के पास चेकिंग चल रही थी। इसी दौरान एक टाटा पंच कार आती दिखाई दी। पुलिस ने इसको भी चेकिंग के लिए रोका। कार की चेकिंग के दौरान कार की डिग्गी में एक गत्ता का कॉटन रखा हुआ था। उसके ऊपर नौ मोबाइल फोन डब्बे में और एक खुला हुआ रखा था।

गत्ते के अंदर 22 लाख रुपए भी थे। गाड़ी को दिल्ली के नजफगढ़ निवासी कारोबारी प्रवीण कुमार चला रहे थे। पुलिस ने जब प्रवीण से पैसों और मोबाइल के बारे में पूछताछ की तो प्रवीण ने पुलिस को बताया कि वह मोबाइल फोन का काम करते हैं और उसी के यह पैसे हैं। लेकिन किन दुकानदारों से पैसे लिए कहां से लिए और कहां ले जा रहे थे।

इस बारे में प्रवीण कुमार सही और संतोषजनक जवाब पुलिस को नहीं दे पाए। पुलिस ने पैसे सीज कर दिए हैं, साथ ही आचार संहिता के मध्य नजर इनकम टैक्स और अन्य एजेंसियों को इस बारे में सूचना दे दी है।

## गाजियाबाद में 23वीं मंजिल से गिरकर छात्र की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद की सबसे पॉश एटीएस एडवांटेज सोसाइटी में गुरुवार रात करीब पौने 10 बजे 12वीं के छात्र नव खन्ना उर्फ कविश की 23वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। उसकी जेब से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें लिखा है- %आई फियर कि सुसाइड फेल न हो जाए। फ्लोर 24, डेथ कन्फर्म। ये घटना उस वक्त हुई, जब नव और उसके दो दोस्त 24वें फ्लोर के टेरिस पर खड़े होकर मोबाइल से फोटोग्राफी कर रहे थे। ये हत्या, हादसा या आत्महत्या है...इस पर पुलिस की जांच पड़ताल कर रही है। इंदिरापुरम के नीतिखंड-तीन में रहने वाले 17 साल के नव खन्ना उर्फ कविश ने 2024 में 12वीं का एग्जाम दिया था। अभी उसका रिजल्ट आना बाकी था। 11 अप्रैल को देर शाम वो अपने दो दोस्तों ईशान और कार्तिक संग ॠस एडवांटेज सोसाइटी में आया। यहां पर 21 नंबर टॉवर में उनका दोस्त प्रणय रहता है। चारों दोस्त 24वें फ्लोर पर पहुंच गए, जहां टेरिस है।

# संपादकीय

## सीएए पर सन्नाटा क्यों ?

जिस कानून के चलते तकरीबन पूरा उत्तर भारत महीनों तक धरना और प्रदर्शनों का गवाह बना रहा, जिसके विरोध की आड़ में देश की राजधानी दिल्ली में दंगे हुए, क्या वह अब चुनावी मुद्दा नहीं रहा ? यह सवाल नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए के संदर्भ में उठ रहा है। लेकिन मौजूदा चुनावी दौर में इस कानून की खुले तौर पर कहीं चर्चा सुनाई नहीं दे रही है।

संसद की मंजूरी के बाद जिस अल्पसंख्यक वर्ग ने इस कानून का विरोध किया था, हो सकता है कि उस समुदाय के बीच अब भी इसे लेकर कुछ सवाल हों, लेकिन हर तरफ चुप्पी है। अगर कहीं इसकी थोड़ी-बहुत चर्चा है भी, तो वह पश्चिम बंगाल और केरल जैसे ही राज्य हैं, जहां मुस्लिम आबादी ज्यादा है और वामपंथी दलों का असर है। दिलचस्प यह है कि आचार संहिता लागू होने के दो दिन पहले यानी 14 मार्च को ही अमित शाह कह चुके हैं कि किसी भी हालत में सीएए वापस नहीं लिया जाएगा।

चुनाव के मुद्दे मोटे तौर पर दो तरह से बनते हैं। एक तो किसी मुद्दे, विषय या कानून को लेकर जनता के बीच गहरा असंतोष हो, जिसकी बुनियाद पर वोटों की फसल काटने के लिए विपक्षी दल उसे हवा दे रहे हों या फिर किसी नीति के जरिये सरकार कोई बड़ी कामयाबी हासिल कर चुकी हो या सरकार के किसी फैसले के चलते सकारात्मक बदलाव आया हो। नाकामियों और असंतोष को जहां विपक्षी खेमा चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश करता है, वहीं सत्ता पक्ष अपनी उपलब्धियों और कामयाबियों को चुनावी मैदान में लोकमत संग्रह का जरिया बनाता है। सत्ताधारी भाजपा प्रत्याशी स्थानीय स्तर पर भले ही सीएए को उपलब्धि बता रहे हों, लेकिन केंद्रीय स्तर पर भाजपा अभी तक इसे चुनावी मुद्दा बनाते नहीं दिख रही है। वैसे भी भाजपा ने अभी अपना चुनाव घोषणा पत्र जारी नहीं किया है, लेकिन कांग्रेस 'न्याय पत्र' नाम से अपना चुनाव घोषणा पत्र जारी कर चुकी है। लेकिन उसके घोषणा पत्र में इस पर चुप्पी साध ली गई है।

दिसंबर, 2019 में जब संसद के दोनों सदनों ने नागरिकता संशोधन विधेयक को मंजूरी दी थी, तब कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और एआईएमआईएम ने कड़ा विरोध जताया था। वामपंथी दल और राष्ट्रीय जनता दल भी इसके विरोध में थे। मुस्लिम संगठन भी इसके विरोध में सड़कों पर उतर आए थे। पीएफआई जैसे संगठन इस कानून के विरोध में देश विरोधी षड्यंत्र रचने में पीछे नहीं रहे। दिल्ली का शाहीन बाग इलाका तो इस कानून के विरोध प्रदर्शन का प्रतीक बन गया। देश भर में, विशेषकर मुस्लिम बहुल इलाकों में जबर्दस्त विरोध-प्रदर्शन हुए। उस समय लगता था कि यह विरोध-प्रदर्शन और धरना अंतहीन रहेगा। लेकिन इस बीच कोरोना महामारी आ गई और शाहीन बाग का धरना खत्म हुआ। लेकिन पूर्वी दिल्ली का इलाका दंगे की आग में धधक उठा था।

इस कानून के पारित होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को राष्ट्रीय स्तर पर एक खास वर्ग ने निशाना बनाया। इस कानून के लिए अमित शाह विशेष रूप से निशाने पर रहे, क्योंकि इस कानून को पारित कराने में उनकी ही भूमिका प्रमुख रही। भाजपा की पार्टी लाइन पर इस कानून में संशोधन करने की उन्होंने हिम्मत दिखाई। विरोध प्रदर्शनों के जरिये विपक्षी खेमे और कानून विरोधियों ने सरकार को झुकाने की खूब कोशिश की, लेकिन सरकार ने कानून वापस नहीं लिया। दरअसर अल्पसंख्यक, विशेषकर मुस्लिम समुदाय में यह भ्रम फैला कि अगर यह कानून पारित हुआ, तो उनकी नागरिकता चली जाएगी, जबकि सरकार इससे बार-बार इन्कार करती रही।

## जलियांवाला बाग नरसंहार : एक कभी ना भूलने वाली त्रासदी

जलियांवाला बाग की एक और बरसी आ गई। इतिहास के काले पन्नों में दर्ज इस जघन्यतम् और क्रूरतम् नरसंहार को हुए 105 साल गुजर गए मगर भारतवासियों के दिलो-दिमाग में यह हादसा इतनी गहराई तक बैठा हुआ है कि जनसंघर्षों के दमन के मामलों की तुलना के लिए इसी जघन्य कांड का उदाहरण दिया जाता है।

इस कांड के बारे में कुछ भ्रांतियां बनी रहीं जैसे डायर नाम के दो खलनायकों को लेकर भी। महान क्रांतिकारी ने जनरल डायर को नहीं बल्कि लेफ्टिनेंट गवर्नर ड्वायर को मारा था।

### एक नाम के दो डायरों ने किया नरसंहार

मानवता के खिलाफ इस भयंकर कांड के पीछे दो खलनायकों के मिलते-जुलते उच्चारण वाले नाम अक्सर भ्रांति पैदा करते हैं। दरअसल 13 अप्रैल 1919 को जब यह कांड हुआ उस समय सर माइकल फ्रांसिस ओ' ड्वायर पंजाब का लेफ्टिनेंट गवर्नर था। इसकी स्पेलिंग का उच्चारण डायर के तौर पर भी किया जाता है।

प्रख्यात इतिहासकार और लेखिका डॉ. इंदु बग्गा के अनुसार हालांकि ब्रिगेडियर-जनरल डायर मौके पर मौजूद सैन्य कमाडर था। लेकिन उस समय पंजाब का लेफ्टिनेंट गवर्नर सर माइकल फ्रांसिस ओ' ड्वायर था, जिसने जलियांवाला नरसंहार का आदेश दिया था। यह शख्स घोर साम्राज्यवादी था और इसी ने रोलेट एक्ट के खिलाफ भड़के आन्दोलन को सख्ती से कुचलने के आदेश दिए थे, ताकि ब्रिटिश राज की बर्बरता आन्दोलनकारियों में भय पैदा कर सके।

इस नरसंहार का दूसरा खलनायक ब्रिगेडियर जनरल रेजिनाल्ड एडवर्ड हैरी डायर था। डायर मूलत: एक कर्नल था जिसे अस्थाई ब्रिगेडियर जनरल के तौर पर वहां पर सेना की कमान दी गई थी। कमाडर के तौर पर डायर ने ही आन्दोलनकारियों पर रायफलों और मशीनगनों से तब तक बरसाई जब तक गोलियां समाप्त नहीं हो गई।

### एक डायर उधमसिंह के हाथों मारा गया

इन दोनों ही डायरों की मौत अलग-अलग कारणों से हुई। पंजाब के इतिहास की विशेषज्ञ डॉ. इंदु बगा के अनुसार दानों ही डायरों का जन्म सन् 1864 में हुआ था। लेफ्टिनेंट गवर्नर फ्रांसिस ओ' ड्वायर की 13 मार्च 1940 को लंदन के कैक्सटन हॉल में महान क्रांतिकारी उधम सिंह ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

उधमसिंह को माइकल ओ' डायर की हत्या का दोषी ठहराया गया और 31 जुलाई 1940 को उन्हें फांसी पर लटका दिया गया। जबकि डायर की 1927 में मस्तिष्क रक्तस्राव और धमनीकाठिन्य से मृत्यु हो गई थी। जबकि रेजिनाल्ड एडवर्ड हैरी डायर की मृत्यु छब्बीस साल बाद 23 जुलाई 1927 को इंग्लैड के ब्रिस्टल के निकट लॉन्ग एश्टन में 1927 में मस्तिष्क रक्तस्राव और धमनी काठिन्य से मृत्यु हो गई थी। अमर शहीद उधमसिंह जलियांवाला बाग नेरसंहार के वक्त घटनास्थल पर ही थे और बचे हुए लोगों में से एक थे।

### कसाई डायर की जन्मभूमि थी पंजाब

जलियांवाला बाग नरसंहार में गोलियों की बौछारें कराने वाले डायर जिसे अमृतसर का कसाई भी कहा जाता है का जन्म और पालन पोषण पंजाब के मुर्री में हुआ था जो कि अब पाकिस्तान में है। वह अंग्रेजी के साथ ही हिन्दुस्तानी भाषाओं का अच्छा ज्ञाता था। डायर को 1885 में वेस्ट सरे रेजिमेंट में कमीशन मिला था और बाद में भारतीय सेना में स्थानांतरित कर दिया गया। वह 1886-87 में बर्मा के अभियान में भी शामिल और उसने 1901-02 में वजीरिस्तान की नाकाबंदी में भाग लिया। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान उसके पास पूर्वी फारसी घेरे का प्रभार था, जिसका उद्देश्य अफगानिस्तान में जर्मन घुसपैठ को रोकना था। वहां भी डायर ने लोगों पर अपनी मर्जी से ज्यादतियां कीं जिस कारण उसे वहां से हटा दिया गया था। उसे ब्रिगेडियर जनरल की अस्थाई पद्वी मिली थी अन्यथा वह कर्नल ही था और इसी पद से सेना से हटाया गया था।

# रामराज्य में राष्ट्र आराधन के सूत्र



डॉ. देवेन्द्र

राम आस्था के ही नहीं, सभ्यता के भी विषय हैं. भारत की सनातन सभ्यता-संस्कृति के आधार हैं, राम. मर्यादा पुरुषोत्तम. आदिकवि वाल्मीकि ने रामायण में कहा है—'रामो विग्रहवान धर्म'. राम ही धर्म के विग्रह हैं. मूर्त स्वरूप हैं. धर्मपालन के प्रतिमान भी. जीवन के हर क्षेत्र के आदर्श हैं, राम. पारिवारिक-सामाजिक-राजनीतिक मर्यादाओं के संदर्भ में उनका कृतित्व अनुकरणीय है.

राम ने जीवनपर्यंत, अपनी सभी भूमिकाओं (एक आदर्श पुत्र/पति/भाई/मित्र/राजा) में सदैव धर्म (विचार, वचन और कर्म—मनसा, वाचा, कर्मणा) का पालन किया. सामाजिक एवं नैतिक दायित्वों को पूरा करते हुए उनका आचरण ऐसा था, जो आदर्श की किसी भी कसौटी पर खरा ही रहा. जीवन की सभी परिस्थितियों में सत्य और धार्मिक आचरण (धर्म) का संदेश देता है, राम का दृष्टिकोण. राम कहते हैं—

'धर्ममर्थं च कामं च पृथिवीं चापि लक्ष्मण

इच्छामि भवतामर्थे एतत प्रतिश्रृणोमि ते' (2.97.5)

लक्ष्मण ! मुझे अपने लिए राज्यभोग की कोई कामना नहीं है. कभी नहीं थी. मैं तो धर्म, अर्थ, काम और पृथ्वी के राज्यसुख केवल तुम लोगों के लिए चाहता हूं. राम ने आदर्श शासन स्थापित किया. लोक कल्याण और लोक आराधन के लिए समर्पित शासन.

यूनानी दार्शनिक प्लेटो की एक मशहूर किताब है—'रिपब्लिक'. इसमें 'फ़िलासफ़र किंग' की संकल्पना है. ऐसा राजा जो प्रतिभा का प्रतीक हो. अपने देश या समाज के लिए, सभी व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं को त्याग देता हो. भारतीय ज्ञान परंपरा में भी 'राजर्षि' की बात की गई है. प्लेटो का 'फ़िलासफर किंग' अपनी प्रतिभा के सामने किसी भी कानून या परंपरा की मर्यादा को स्वीकार नहीं करता है. वहीं राजा राम, प्रतिभा व कुशलता के धनी हैं. पर, राज्य के कानून और समाज की मर्यादाओं का पालन करते हैं. एक प्रसंग है. राम का राज्याभिषेक समारोह था. वशिष्ठ से कहा, गुरुदेव ! शपथ दिलाइए. गुरु वशिष्ठ कहते हैं, राघव मैं आपको शपथ नहीं दिलाऊंगा. क्योंकि इस गद्दी पर आप से पहले जो भी बैठा है, उसने स्वयं ही शपथ ली है. आप धर्मात्मा महाराज दशरथ के पुत्र हैं, स्वयं शपथ लीजिए. राम स्वयं शपथ लेते हैं—'राज्य, कुल, सुख, परिवार या प्राणप्रिय सीते का भी त्याग करना पड़े; और उसके फलस्वरूप प्रजा में प्रसन्नता हो, तो मैं सर्वस्व त्यागने को तैयार रहूं. किसी भी परिस्थिति में अपनी निजी भावना या सुख-दुख को तनिक भी महत्त्व नहीं दूं. मुझे अयोध्यावासियों की प्रसन्नता चाहिए.' यह है, रामराज की शपथ. यही रामराज का प्रस्थान बिंदु है. अवलंबन है. यह सगुण, सकारात्मक और नैतिक भावना से पूर्णता को प्राप्त करता है. ऐसी आदर्श स्थिति, जहां कोई उपेक्षित, वंचित या तिरस्कृत नहीं हो. अंतिम व्यक्ति की आवाज बिना किसी व्यवधान के पहुंचे और सुनी जाये. राम ने ही शासन के वे सूत्र दिये हैं, जो एक लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था का उत्कृष्ट मानक बन



सकते हैं—'सर्वं मुदितमेवासीत्सर्वो धर्मपरोअभवत्'.

राम चित्रकूट में हैं. भरत अयोध्या वापस लौटने की मनुहार ले कर पहुंचे हैं. विदाई की बेला है. भरत को अयोध्या लौटना है. वह राम से राज्य-संचालन के लिए पाथेय, दिशानिर्देश, शिक्षा माँगते हैं. राम और भरत का अद्भुत संवाद है. भरत की छलरहित बातें सुनकर देश, काल और अवसर के अनुकूल प्रजा पालन के सूत्र बताते हैं—'पालेहु पुहुमि प्रजा रजधानी'. आशय है, देश, खजाना, कुटुम्ब, परिवार आदि सबकी जिम्मेदारी तो गुरुजी की चरण-रज पर है. तुम (भरत) तो गुरु वशिष्ठ जी, माताओं और मंत्रियों का कहा मानकर पृथ्वी, प्रजा और राजधानी का पालन (रक्षा) भर करते रहना. राजधर्म का सर्वस्व (सार) भी इतना ही है. अथर्ववेद के 'पृथिवी-सूक्त' में भी कहा गया है—'माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः'. धरती हमारी माता है और हम इसके पुत्र हैं. इसलिए यह हमारा दायित्व है कि हम धरती माता की देखभाल करें. भारतीय मनीषा के इस आर्ष वाक्य को आधार सूत्र बनाकर राम, राज-व्यवस्था संचालन का पाथेय देते हैं, भरत को.

उत्तरकांड का एक प्रसंग है. राजा राम ने दरबार बुलाया है. गुरु वशिष्ठ, नगर के श्रेष्ठिजन, अयोध्यावासी सभा मंडप में आये हैं. राम कहते हैं, 'सुनहु सकल पुरजन मम बानी'. अगर उनसे कोई अनीति हो, या वह अनीतिपूर्ण बात कहें, तो प्रजा का यह कर्तव्य है कि वह निडरता से गलती पर बरजने, टोकने—'जौं अनीति कछु भाषौं भाई, तौं मोहि बरजहु भय बिसराई.' पर, नागरिक कर्तव्य क्या हो, राम बताते हैं—'सोइ सेवक प्रियतम मम सोई, मम अनुसासन मानै जोई.'

आगे फिर निर्देश देते हैं— प्रजा का स्वभाव सरल हो. मन में कुटिलता न हो और जो कुछ मिले उसी में सदा संतोष का भाव रखे.

राम अपरिग्रही हैं. निष्काम कर्मयोगी हैं. राम धर्म के ज्ञाता हैं. सत्य प्रतिज्ञावान हैं. प्रजा के कल्याण में निरन्तर संलग्न. जीवलोक के रक्षक, धर्म के सर्वथा संरक्षक हैं. स्वधर्म के परिपालक हैं. शास्त्रों के ज्ञाता. सभी के प्रिय. सज्जन, आत्मबलयुक्त एवं विवेकसम्पन्न हैं. ऐसा व्यक्ति ही एक ऐसी राजव्यवस्था स्थापित कर सकता है, जो आदर्श हो. राम सज्जनों से सदा मिलते हैं. सर्वसुलभ हैं. सभी के प्रति समान व्यवहार करते हैं. उसे स्मरण करते ही मन आनंद से भर जाता है. राम-जैसी लोकप्रियता कहीं देखने में ही नहीं मिलती. संसार में इतने महान गुण एक व्यक्ति में कहीं नहीं पाये जाते. वाल्मीकीय रामायण के बाल और अयोध्याकाण्डों में राम के गुणों का बड़ा ही सुन्दर वर्णन है, उसे पढ़ना चाहिए. राम के जीवन की मुख्य आकांक्षा धर्म की रक्षा करते हुए न केवल मनुष्य बल्कि इस धरती पर रहनेवाले सभी जीवित प्राणियों की रक्षा करना है—

'प्रजापतिसमश्श्रीमान् धाता रिपुनिषूदन:

रक्षिता जीवलोकस्य धर्मस्य परिरक्षिता.' (1.1.13)

राम प्रजावत्सल हैं. उनके राज में आर्थिक प्रबंधन कैसा था ? इसकी चर्चा गोस्वामी तुलसीदास एक दोहे में करते हैं—

'मणि मानिक महंगे किए, सहजे तृण, जल नाज'

तुलसी सोई जानिए, राम गरीब निवाज.'

राम ने अपने शासन में मणि, माणिक्य जैसे विलासिता पूर्ण वस्तुओं को मंहगा किया. पर, 'सहजे तृण, जल नाज'. यानी पशुओं के लिए चारा, जल और अन्न सस्ता किया, उनकी सहज उपलब्धता सुनिश्चित की. आज के संदर्भ में कहें, राम का राज्य समावेशी था. लोककल्याणकारी भी. तुलसीदास कहते हैं कि जो सत्ता-शासन ऐसी प्रजा हितकारी, आदर्श व्यवस्था तैयार करे, उसे ही सच्चा गरीब-नवाज़ राम मानिए.

पर, ऐसे लोककल्याणकारी राम का चरित्र कैसा है ? मैथिलीशरण गुप्त बताते हैं—'राम तुम्हारा चरित्र स्वयं ही काव्य है / कोई कवि बन जाए सहज संभाव्य है.' राम का चरित्र महाकाव्य की तरह है. जहां जीवन के सारे आयाम उपस्थित हैं. राम का जीवन-चरित्र स्वयं न्याय, समानता, समरसता और जीव-जन्तुओं के कल्याण का अनूठा संदेश है. राम अखिल ब्रह्माण्ड के नायक हैं. उनका धनुष सज्जनों की सुरक्षा का वचन है. धनुर्धारी राम युद्ध से पहले स्तुति करते हैं. यह शक्ति एवं अभय का सूचक है. 'राम की शक्ति पूजा' इसका प्रमाण है. वस्तुत: राम ही वह व्यक्ति हैं, जो जीवन में हमारे आदर्श होने चाहिए.

आज़ादी के अमृतकाल में आज देश रामराज की नई कथा लिखने की दिशा में गतिशील है. आज राम के सद्चरित्र, सदाशयता, संवेदनशीलता, शिष्टता को राज-काज, जीवन में उतारने की जरूरत है. राम के ये गुण जब व्यवहार में लाये जाएंगे, तभी राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण संभव होगा. इन गुणों के आधार पर कर्मसाधना हो, तो भारत में पुन: रामत्व का उदय होगा. विस्तार भी.

# क्या गाजियाबाद के भगवा किले पर फहराएगा तिरंगा ?

कमलेश पांडे

गाजियाबाद लोकसभा सीट की मुख्य चुनावी लड़ाई एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग और इंडिया गठबंधन की कांग्रेस-सपा-आप प्रत्याशी डॉली शर्मा के बीच होगी। हालांकि दलित और क्षत्रिय वोटों के सहारे बसपा प्रत्याशी नंद किशोर पुंडीर इस लड़ाई को त्रिकोणात्मक बनाने में सफल हो जाएंगे।

देश की राजधानी नई दिल्ली से सटी औद्योगिक नगरी गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव धीरे-धीरे जोर पकड़ रहा है। आम चुनाव 2024 के तहत यहां दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा, इसलिए पक्ष-विपक्ष के बीच राजनीतिक तपिश बढ़ती जा रही है। यहां की मुख्य चुनावी लड़ाई एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग और इंडिया गठबंधन की कांग्रेस-सपा-आप प्रत्याशी डॉली शर्मा के बीच होगी। हालांकि दलित और क्षत्रिय वोटों के सहारे बसपा प्रत्याशी नंद किशोर पुंडीर इस लड़ाई को त्रिकोणात्मक बनाने में सफल हो जाएंगे। यदि ऐसा हुआ तो सियासी ऊंट किस करवट बैठेगा, कुछ कहा नहीं जा सकता।

पहला फैक्टर है- शहरी बनाम ग्रामीण। आमतौर गाजियाबाद महानगर के शहरी इलाकों में जहां भाजपा की पैठ मजबूत है, वहीं ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की पकड़ मजबूत है। वर्तमान में सपा कांग्रेस की सहयोगी पार्टी है। जबकि बसपा की पैठ शहरी/ग्रामीण दोनों इलाकों के जातिविशेष में है। बता दें कि गाजियाबाद की 70 प्रतिशत आबादी शहरों में और 30 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती है। इस मामले में कांग्रेस पर भाजपा भारी पड़ सकती है।

दूसरा फैक्टर है- जातीय समीकरण। जो किसी एक प्रत्याशी के पक्ष में विरले ही जाता है। एक आंकड़े के मुताबिक, कुल 29 लाख 38 हजार 845 मतदाताओं वाली इस सीट पर सर्वाधिक 18 प्रतिशत ब्राह्मण, 15 प्रतिशत मुस्लिम, 14 प्रतिशत ठाकुर, 12 प्रतिशत गुर्जर, 10 प्रतिशत वैश्य, 16 प्रतिशत वंचित और 15 प्रतिशत अन्य मतदाता हैं। चूंकि भाजपा ने वैश्य, कांग्रेस ने ब्राह्मण और बसपा ने क्षत्रिय प्रत्याशी उतारे हैं। ये तीनों जाति भाजपा की हार्ड कोर समर्थक मानी जाती है।

शायद इसलिए भी कांग्रेस और बसपा ने उसी में सेंध लगाने की पहल की है। हालांकि, जातीय समीकरण भी अभी भाजपा के पक्ष में है क्योंकि उसने दलित, पिछड़े व पसमांदा मुसलमानों को जोड़ने की पहल शिद्दत पूर्वक की है, जबकि कांग्रेस इसे तोड़ने के लिए तरह-तरह के प्रयोग/उपाय कर रही है। लिहाजा, यहां भी भाजपा का पलड़ा कांग्रेस पर भारी है।

राजनीतिक विश्लेषकों की राय है कि पिछले 2 लोकसभा चुनावों से कॉंग्रेस के वोट बैंक में भाजपा सेंध लगा चुकी है, जिसे वापस पाना अब भी कांग्रेस के लिए बहुत बड़ी चुनौती बनी हुई है। क्योंकि गरीबी हटाओ के नारे पर हिंदुत्व भारी पड़ चुका है। क्षद्म धर्मनिरपेक्षता पर राष्ट्रवाद हावी होकर बोल रहा है। वहीं, जातिविशेष पर बसपा की पकड़ से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। इसलिए मौजूदा चुनावी लड़ाई दिलचस्प मोड़ लेती जा रही है।




# अनाम शहीदों को शत-शत नमन

सुरेश सिंह बैस शाश्वत

भारत के आजादी के लिय अनथक लड़े गये संग्राम में अप्रैल का महीना अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता हैं। दिसंबर 1914 में ब्रिटेन के शासकों में से एक जस्टिस सिडनी रोलेट की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया था. और उसके तहत उसने रोलेट एक्ट के नाम से जो कानून बनाया था, उसमें बिना कारण के गिरफ्तारी एवं बंद न्यायालय में मुकदमे की सुनवाई एवं किसी भी तरह की अपील पर पाबंदी जैसे प्रावधान थे। इससे भारतीय जनमानस का उद्देलित होना स्वाभाविक हो गया था। रोलेट एक्ट ही भारत में जलियां वाला बाग कांड करने के लिये अंतिम रूप से जिम्मेदार था। रोलेट एक्ट के विरोध में सारा देश सुलग उठा था। जगह- जगह उसके खिलाफ आवाजें उठ रही थीं, कही आंदोलन तो कहीं घेराव आदि हो रहे थे। इसी मध्य अप्रैल के महीने में सन् 1919 को इस एक्ट के विरुद्ध जो आंदोलन छेडा गया था, उसी की परिणति जलियांवाला बाग कांड के रुप में हुई।

जलियांवाला बाग कांड ने सरदार ऊधमसिंह जैसे रण बाकुरे को मारने मरने के लिये खड़ा कर दिया था। ऊधमसिंह ने पंजाब की धरती पर अमृतसर जिले के सुगम गाँव में एक दलित परिवार में जन्म लिया था। उनकी माता श्रीमती हरनाम कौर और उनके पिता जल्द ही स्वर्ग को सिधार गये । जिससे वे बचपन में ही अनाथ हो गये । ऊपर से दलित होने और उस समय छुवाछूत की भावनाओं के कारण उनका हालचाल लेने वाला कोई भी नहीं था। परंतु ऊधमसिह ने पंजाब के एक अनाथालय में हिंदी, ऊर्दू, अंग्रेजी और पंजाबी भाषा के साथ साथ लकड़ी की दस्तकारी भी सीखी। अमृतसर में ही उन्होंने एक फर्नीचर की दुकान खोली, जिसका नाम उन्होंने राम मोहम्मद सिंह आजाद फर्नीचर मार्ट रखा था। उनके इस तरह दुकान का नाम रखने के पीछे भी सर्वधर्म समभाव के साथ देश की एकता की भावना भरी हुई थीं, उन्होंने जैसे राम, हिंदुओं, मोहम्मद, मुसलमानों, सिंह सिक्खों तथा आजाद, भारत की आजादी के लिये रखा था। उधमसिंह अपनी रोजी रोटी के साथ - साथ आजादी संग्राम के भी सक्रिय सिपाही थे। वे अंग्रेजी के विरुद्ध होने वाले हर आंदोलनों में जरुरी हिस्सा बनकर काम करते थे।

रोलेट एक्ट के विरोध में तीस मार्च से छह अप्रैल 1919 में जो आंदोलन चलाया गया, उसके आगे की रूपरेखा तय करने के लिये 13 अप्रैल 1919 को वैसाखी के दिन अमृतसर में जलियांवाला बाग नामक स्थान पर




एक सभा आयोजित की गई। इस सभा का एक तात्कालिक कारण था कि अनेक नेताओं को गिरफ्तार भी कर लिया गया था, जिन्हें रिहाई कराने के लिये एक विशाल बैठक जलियांवाला वाग में बुलाई गई थीं। इस समय पंजाब का गवर्नर माइकल ओ. डायर था। उसे भी इस बैठक की खबर हो चुकी थी। उसने ,जब जलियांवाला बाग की बैठक शुरू हो चुकी थी। वह स्थान आंदोलनकारी से खचाखच भर चुका था तभी बिना किसी चेतावनी के जलियांवाला बाग को चारों तरफ से घेर लिया। सैकड़ों पुलिस कर्मी बंदूकों से लैस उपस्थित जन समुदाय पर रायफल तानकर खड़े हो गए। माइकल ओ. डावर के साथ लेफ्टिनेंट जनरल ई. जी. डायर तथा लाई जैटलैंड भी थे। उन्हें देखकर आंदोलनकारी कुछ समझ पाते कि अकस्मात उस सभा में इन अधिसंख्य एवं निहत्थी जनता पर बिना सावधान किये अंधाधुंध गोलियां चलाने का आदेश दे दिया। उस समय सभा में आजादी का तराना गाते समय नंत्थू लाल को पहली गोली लगी, जो उनके सीने को भेदती चली गई। उस सभा में खचाखच भीड़ में लगभग चार सौ लोगों को मौत की नींद सुला दिया गया। किशोरवय के ऊधमसिंह भी इस समय वहाँ उपस्थित थे । और सौभाग्य से आततायियों की दुदाँत गोलियों से बच गये थे, उन्होंने उपरोक्त तीनों अंग्रेज अधिकारियों जो इस काण्ड के मुख्य रूप से अपराधी थे, उन्हें मृत्युदण्ड देने की कसम खाई। 1940 में ऊधमसिंह को आखिर लंबे इंतजार के बाद मौका मिल ही गया। जब वो लंदन में ईस्ट इंडिया कंपनी और एशिया सोसायटी की सभा को संबोधित कर रहे थे। उस समय लेफ्टीनेंट माईकल जी. डायर तथा लार्ड लैटलैंड को ऊधम सिंह ने अपनी गोली का निशाना बनाया। जनरल ई जी डायर पहले ही मर चुका था, और उधमसिंह की गोली के हमले में दूसरा अपराधी भी मौके पर ही मारा गया। हमले में लार्ड जैडलेड घायल हो गया था बाद में वह भी मारा गया। अंग्रेज सरकार इस घटनाक्रम से इतनी बावरी हो गई कि. उसने अमृतसर की एक गली जिसमें अंग्रेज पर आंदोलनकारियों ने हमला किया था, उसमें भारतीयों को पेट के बल आने जाने का आदेश दिया था। सैनिकों ने जनता पर उसका कटटरता व निर्ममता से पालन करवाया। सात दिन बाद यह आदेश वापस लिया गया। तात्पर्य यह हैं कि अप्रैल का महिना देश के लोगों के लिये बड़ा पावन महीना हैं, जब देश के शहीदों ने अपनी जान न्यौछावर करके इस देश को आज़ाद कराने की ठानी थी। परंतु आज उन शहीदों की स्मृतियों पर हमारे भौतिक सुखवाद की गर्त पट चुकी है। सरकारी स्तर पर जो उपेक्षा है उसी का परिणाम आम आदमी तक पहुँच रहा हैं। यदि शहीदों की स्मृतियों को ही हम सम्हाल कर नहीं रख पाये तो इससे बड़ा क्या पाप होगा। समय रहते इस पाप को हर स्तर पर हम सभी को धोना है। आईए हम सभी उन अनाम शहीदों को जो जलियांवाला बाग काण्ड में अपने आपको बलिदान कर दिया था,उन्हें शत् शत् नमन करें....।

# शार्ट न्यूज

## युवतियों पर ज्वलनशील पदार्थ फेकने वाले गिरफ्तार

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के गौरी बाजार क्षेत्र में युवतियों पर ज्वलनशील पदार्थ फेकने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। दोनों बदमाशों को पैर में गोली लगी है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि गौरीबाजार के पास दो बदमाशों ने गुरुवार शाम दो युवतियों पर ज्वलनशील पदार्थ फेका था। इस मामले में पुलिस ने धारा 326(ए) आईपीसी का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी थी। उन्होंने बताया कि एक सूचना पर एसओजी व गौरीबाजार पुलिस की संयुक्त टीम ने बीती देर रात गुरुच घाट के पास चेकिग के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार तीन व्यक्तियों को रोका लेकिन बाइक सवारों ने भागने का प्रयास किया और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश शेखर और दारा सिंह के पैर में गोली लगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान तीसरा बदमाश फरार हो गया। पुलिस ने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर इलाज के लिये जिला चिकित्सालय् भर्ती कराया है। गिरफ्तार बदमाशों के पास से दो देसी तमंचा 315 व 312 बोर दो अदद जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

## नौकरी से हटाने पर डॉक्टर की पत्नी को मारा चाकू

गोरखपुर। गोरखपुर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक डॉक्टर की पत्नी पर नौकर ने चाकुओं से हमला कर दिया। बेटा बचाने आया तो उसे पर वार कर दिया। मां के गर्दन पर तो बेटे को कंधे पर घाव हो गया। दोनों जमीन पर गिरकर तड़पने लगे। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गया। हालांकि, भागते वक्त उसकी तस्वीर आसपास लगे CCTV कैमरों में कैद हो गई। जिस वक्त यह घटना हुई उस वक्त डॉक्टर अपने घर पर मौजूद नहीं थे। आरोपी के भागने के बाद उनकी पत्नी ने इसकी सूचना पुलिस और अपने डॉक्टर पति को दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। डॉ. अवधेश कुमार सिंह सिंह गोरखपुर के हुमायूंपुर उत्तरी के रहने वाले हैं। वे पहले सरकारी डॉक्टर थे। मौजूदा वक्त में वे रिटायर्ड हो चुके हैं। फिलहाल वे अपने घर पर ही समाधान क्लिनिक चलाते हैं। पुलिस के मुताबिक, तिवारीपुर इलाके के सूरजकुंड माधोपुर का रहने वाला रोहन डॉक्टर के यहां करीब बीते 10 साल से काम करता था। अभी कुछ दिनों पहले डॉक्टर ने उसे काम से हटा दिया था। शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे रोहन प्रसाद देने के बहाने डॉ. एके सिंह के घर पहुंचा। उस वक्त डॉक्टर घर पर नहीं थे। उनकी पत्नी कुसुम सिंह और बेटा प्रियांश ही घर पर थे। वो अपने साथ नारियल काटने का चाकू भी लेकर आया था।

## युवक को अगवा करके पीटने में 2 अरेस्ट

**कानपुर।** कानपुर में गुजैनी पुलिस ने युवक को अगवा करके मारपीट करने और वीडियो वायरल करने के मामले में 2 आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है। अन्य की तलाश में छापेमारी की जा रही है। वहीं मारपीट के वीडियो को रतनलाल नगर चौकी के अंदर का बताकर एक्स पर पोस्ट करने वाले 10 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस का मानना है कि खाकी की छवि धूमिल करने की नीयत से ऐसा किया गया है। इसी के चलते रिपोर्ट दर्ज करके सख्ती से कार्रवाई की गई है। डीसीपी साउथ रवींद्र कुमार ने बताया, 10 अप्रैल को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। आरोप लगाया गया था कि युवक के साथ रतनलाल नगर चौकी में पुलिस कर्मी मारपीट कर रहे हैं। जांच में सामने आया कि गुजैनी निवासी रोहित द्विवेदी की 3 महीने पहले एक दोस्त के बर्थ-डे पार्टी में पनकी निवासी पंकज और उसके दोस्तों से झगड़ा हो गया था। इसी रंजिश में 2 महीने पूर्व पंकज ठाकुर ने विक्रम और अन्य गुंडों के साथ तात्याटोपे नगर से रोहित द्विवेदी को अगवा कर लिया। एक मकान में मारपीट की और जेब में रखे रुपए भी लूट लिया। इसके बाद न्यूड करके वीडियो बनाया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रुपए की डिमांड की थी। डिमांड पूरी नहीं होने पर रोहित का मारपीट वाला वीडियो वायरल कर दिया।

## बागपत में ट्रैक्टर और कार की भिड़ंत

बागपत। बागपत में अनियंत्रित ट्रैक्टर ने किनारे चल रही कार में टक्कर मार दी, जिसमें कार सवार तीन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ ने ट्रैक्टर चालक को मौके पर ही पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। घायल कार सवारों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा और जांच-पड़ताल में पुलिस जुटी है। पूरा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के सिसाना गांव के समीप दिल्ली सहारनपुर हाईवे का है, जहां किनारे चल रही एक वैग्नार कार में अनियंत्रित ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कार में सवार तीन लोग घायल हो गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और ट्रैक्टर चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे खड़ा करके मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि ट्रैक्टर और कार की भिड़ंत हुई, जिसमें कार सवारों को मामूली चोट आई, जिन्हें उपचार के लिए भेजा गया है।

## पुलिस ने तमंचा बनाने की फैक्ट्री पकड़ी

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयार हो रहे तमंचे की फैक्ट्री को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पकड़ लिया। मौके से चार बने, दो अधबने तमंचे, एक पौनिया व अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस ने फैक्ट्री संचालक को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी मोटे दामों पर तमंचे बेचने का काम करता था। इंस्पेक्टर अनुज कुमार ने बताया कि मुखबिर ने आगरा रोड पर किशन होटल के पीछे स्थित खंडहर में तमंचे बनाने की फैक्ट्री संचालित होने की जानकारी दी थी। पुलिस ने बताए गए स्थान की घेराबंदी कर ली। पुलिस को देख वहां उपस्थित एक युवक भागने लगा। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस को मौके से चार तमंचे 315 बोर, एक पौनियां, दो अधबने तमंचे, तीन नाल छोटी, बड़ी 12 बोर, तीन नाल छोटी बड़ी 315 बोर, सात बड़ी रेती, दो छोटी रेती नाल, चार छोटी छैंनी, एक कारतूस, आरी मशीन, लकड़ी की चापें समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी का नाम रवि निवासी गांव छिकाऊ थाना पचोखरा बताया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि रवि तमंचे बनाकर उन्हें चार से पांच हजार रुपए में बेचता था। इनका प्रयोग लोकसभा चुनाव में होना था। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर उसके पास तमंचे खरीदने की अधिक डिमांड आ रही थी। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी लंबे समय से तमंचे बनाने का काम कर रहा था।

## गोरखपुर में 6 बदमाशों पर लगा गैंगस्टर

गोरखपुर। बदमाशों पर शिकंजा कसने के लिए गोरखपुर पुलिस का अभियान जारी है। पुलिस ने एक बार फिर 6 बदमाशों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इनमें दो बदमाश गैंग बनाकर लोगों से धोखाधड़ी करते थे। जबकि, 4 बदमाश गैंग बनाकर चोरी, लूट जैसे संगीन अपराधों को अंजाम देते थे। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर कैंट पुलिस ने इन बदमाशों पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई पूरी कर अनुमोदन के लिए डीएम को भेजी थी। डीएम की स्वीकृति मिलते ही सभी के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया, गैंग लीडर अक्षय कुमार मिश्रा निवासी रामपुर मलौली खजनी, और गैंग का सदस्य अजय कुमार श्रीवास्तव निवासी छपरा खुर्द थाना एकौना, देवरिया का एक गैंग है। यह गैंग पब्लिक से पहले अनुबंध पर जमीन लेता है और फिर आम लोगों को बहला-फुसलाकर जमीन का लालच देकर पैसा हड़प लेने जैसे अपराध करता है। इस गैंग के लोगों का आम पब्लिक में भय और आतंक है। जिसके वजह से अब इनपर अंकुश लगाने पुलिस ने गैंग चार्ट तैयार कर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। दोनों पर पहले से कैंट थाना में 7-7 केस दर्ज हैं। वहीं, दूसरा गैंग में गैंग लीडर करन डोम उर्फ करन हरिजन निवासी लाल डिग्गी राजघाट अपने साथी रोहित उर्फ चकवा उर्फ राजा है। इस गैंग में शनि उर्फ पकवा उर्फ अर्जुन निवासी मिलेनियम सिटी करीम नगर चिलुआताल और महावीर कुमार पटेल निवासी भरटोला वार्ड नंबर 6 रुद्रपुर थाना रुद्रपुर जनपद देवरिया इस गैंग के सदस्य हैं।

# तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिये तैयार यूपी : शाह

### उत्तर प्रदेश की 80 की 80 सीटें भाजपा की झोली में जाएंगी



**मुरादाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि पिछले दो लोकसभा चुनावों में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में उत्तर प्रदेश की विशेष योगदान रहा है और इस बार भी राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण यह राज्य श्री मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिये पूरी तरह कमर कस चुका है।

मुरादाबाद के बुद्धि विहार मैदान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी सर्वेश सिंह तथा संभल के परमेश्वर लाल सैनी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुये श्री शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की 80 की 80 सीटें भाजपा की झोली में जाएंगी। श्री शाह ने कहा कि पहले की सरकारों में कानून व्यवस्था लचर थी जबकि योगी के शासनकाल में माफिया और गुंडे पलायन कर रहे हैं। वह यहां पश्चिम उत्तर प्रदेश में 2013 में आये थे,उस समय यहां भय, दंगे,गौ तस्करी और गुंडों का राज, पलायन चलता था। 2014 से पहले यहां गौ तस्करी होती थी, हिंदू पलायन करने के लिए मज़बूर हो रहे थे।

उन्होने कहा आपने समाजवादी पार्टी को हटाया तो अमन-चैन कायम हो गया। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने उत्तर प्रदेश में चार एयरपोर्ट,छह एक्सप्रेस वे बन चुके हैं, बाकी छह निर्माणाधीन हैं। सिक्स लेन तैयार हो रही हैं। यहां अब वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट का काम शुरू हुआ और विकास आगे बढ़ा। सरकार 80 लाख ग्रामीणों तक बिजली पहुंचाने का काम कर रही है। मोदी सरकार ने तीन करोड़ से अधिक ग़रीबों का पांच लाख तक का इलाज मुफ़्त करने का काम किया है। इसके अलावा दो करोड़ शौचालय 10 साल में बने। जिसका लाभ लगभग 14 करोड़ लाभार्थियों को मिल रहा है।

## फाइनेंस कर्मी से 75 हजार की लूट

प्रतापगढ़। कसेरूआ पुलिस चौकी के पास भारत फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े तमंचे के बल पर 75000 रुपए की नगदी लूट ली तो हड़कंप मच गया। पुलिस ने मामले की जांच शरू की। सीओ रानीगंज भी मौके पर पहुंचे और इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। प्रतापगढ़ के रानीगंज थाना क्षेत्र के कसेरुआ पुलिस चौकी के पास भारत फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े तमंचे के बल पर 75000 की नगदी लूट ली। भारत फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी चांद बाबू इलाके में वसूली करके लौट रहा था। जैसे ही वह कसेरआ पुलिस चौकी के पास पहुंचा था तभी बाइक से आए चार बदमाशों ने तमंचा सटाकर उसके पास रखे 75000 की नगदी लूट ली और मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी पीड़ित ने स्थानीय पुलिस थाने में दी। मौके पर पहुंची पुलिस और स्वाट टीम ने घटना के बाद जानकारी ली।

# अकाउंटेंट के घर से पकड़ी 10 लाख की अवैध शराब

कानपुर। कानपुर कल्याणपुर थाने की पुलिस ने एक अकाउंटेंट के घर से 10 लाख रुपए की अवैध शराब बरामद की है।

एसीपी ने बताया कि होली पर कालाबाजारी को लाखों रुपए की अवैध शराब लाई गई थी, लेकिन पूरी शराब बिक नहीं सकी। पुलिस को जानकारी मिलने पर छापेमारी करके शराब बरामद कर ली और अकाउंटेंट को भी अरेस्ट कर लिया है।

एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने बताया कि मकड़ीखेड़ा गुप्ता तिराहा निवासी अखिलेश्वर कुमार पांडेय पेशे से अकाउंटेंट है, लेकिन कम समय में ज्यादा रुपए कमाने के चक्कर में शराब की भी कालाबाजारी करता है। होली और गंगा मेला पर बड़े पैमाने पर शराब खपाने के लिए लाई गई थी, लेकिन पूरी बिक नहीं सकी। इधर पुलिस को मुखबिर की सूचना पर जानकारी मिली कि अखिलेश्वर पांडेय के घर पर लाखों की अवैध शराब है।

एसीपी कल्याणपुर और कल्याणपुर थाना प्रभारी ने टीम के साथ अखिलेश्वर के घर पर छापा मारा तो दंग रह गए। अखिलेश्वर के घर में एक कमरा सिर्फ अंग्रेजी शराब की पेटियों से भरा पड़ा था। पूछताछ में अखिलेश ने बताया कि अवैध रूप से शराब लाकर सप्लाई करता है। पुलिस अखिलेश से इन सब बिंदुओं पर जांच कर रही है कि आखिर इतनी शराब कहां से लाया... ? ये कालाबाजारी का खेल क्या है... ? कहीं नकली शराब तो बनाकर नहीं बेचता है अखिलेश्वर... ? इन सब सवालों के जवाब जानने के लिए अखिलेश्वर से पूछताछ की जा रही है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।

एसीपी ने बताया कि अकाउंटेंट से पूछताछ से कई अहम जानकारी मिली है। उसकी कॉल डिटेल समेत अन्य विवरण जुटाया जा रहा है।

# आजमगढ़ में मुठभेड़, शातिर लुटेरा गिरफ्तार

### 15 मार्च को महिला के साथ लूट की घटना को दिया था अंजाम

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले की पुलिस ने मुठभेड़ में शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पीड़िता वंदना यादव ने जिले के महाराजगंज थाने की पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि जब पीड़िता अपने देवर के साथ अपने गांव जा रही थी।

इसी बीच एक बाइक पर सवार होकर दो अज्ञात बदमाशों ने सोने की चेन और लाकेट छीनकर भागने लगे। इसके साथ ही आरोपियों ने देवर के बाइक की चाभी निकालकर फेंक दिया था।

चेन और लाकेट लेकर भाग गये। इस संबंध में महाराजगंज थाने में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू की गई।

पीड़िता ने आरोपियों के बाइक का नंबर नोट कर लिया था। जिससे पुलिस की राह आसान हुई। पुलिस की इस विवेचना में आरोपी अजीम कस्बा महाराजगंज और एक अन्य का नाम सामने आया। इसी क्रम में आरोपियों की तलाश में पुलिस जुट गई थी।

### चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़

पुलिस मुठभेड़ का खुलासा करते हुए एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि महिला के साथ लूट के आरोपी की तलाश की जा रही थी। देर रात्रि महाराजगंज थाने की पुलिस को सूचना मिली की आरोपी अजीम किसी और घटना को अंजाम देने वाला है। इस सूचना पर चेंकिग कर रही पुलिस ने जब एक संदिग्ध बाइक को रूकने का इशारा किया तो आरोपी बाइक लेकर भागने लगा। पुलिस से घिरता देखकर आरोपी ने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस द्वारा किए गए कंट्रोल फायरिंग में आरोपी कै पैर में गोली लगी। आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। आरोपी के विरूद्ध दो मुकदमें दर्ज हैं।

# सीतापुर में दरोगा ने थाने में सुसाइड किया

### फोन पर किसी से बहस हुई, फिर सर्विस रिवॉल्वर से कनपटी पर मार ली गोली

**सीतापुर।** सीतापुर में थाने के अंदर एक दरोगा ने खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। वारदात शुक्रवार सुबह 10.30 बजे मछरेहटा थाने की है। दरोगा का नाम मनोज कुमार (54) है। वह कुछ देर पहले ही घर से थाने पहुंचे थे। उसी दौरान किसी का फोन आ गया। बातचीत के दौरान उनकी फोन पर ही बहस हुई। इसके बाद उन्होंने अपनी सर्विस रिवॉल्वर निकाली। फिर कनपटी पर रखकर गोली मार ली।

फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के पुलिसकर्मी दौड़कर पहुंचे। उनको तुरंत अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, कथित तौर पर दरोगा का एक सुसाइड नोट भी मिला है, मगर पुलिस अफसर उसकी पुष्टि नहीं कर रहे हैं।

उधर, दरोगा के सुसाइड की खबर मिलते ही एसपी चक्रेश मिश्रा भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि मनोज फतेहपुर जिले के रहने वाले थे।



5 महीने पहले ही उनकी मछरेहटा थाने में पोस्टिंग हुई थी। पुलिस हर एंगल पर जांच कर रही है।

### थाने आए, फोन पर बात की और गोली मार ली

थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों ने बताया कि दरोगा मनोज कुमार शुक्रवार सुबह थाने पर पहुंचे। वह फोन पर किसी से बात कर रहे थे। अचानक उनकी बहस होने लगी। इसके बाद उन्होंने सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। आशंका है कि वह परिवार से बात कर रहे थे। लेकिन, यह अभी साफ नहीं है। घरवालों के पहुंचने के बाद ही इसका पता चल पाएगा।

### दीवान से दरोगा बने थे मनोज कुमार

मनोज कुमार फतेहपुर के कल्याणपुर क्षेत्र के जलाला गांव के रहने वाले थे। वह 1990 में पुलिस विभाग में कॉन्स्टेबल के पद पर भर्ती हुए थे। 2023 में प्रमोशन पाकर वह दरोगा बन गए थे। सीतापुर कोतवाली देहात से 31 अक्टूबर 2023 को थाना मछरेहटा में तैनात किए गए थे। 5 महीने से वह हलका नंबर-4 में तैनात थे। साथी पुलिसकर्मियों ने बताया कि उनका किसी से कोई विवाद नहीं था। सरल स्वभाव के थे। ऐसे में उनके आत्महत्या करने से हर कोई शॉक्ड है।

### सोशल मीडिया से मिला दरोगा का सुसाइड लेटर

सोशल मीडिया से दरोगा मनोज कुमार का एक लेटर बरामद हुआ है। इसमें उन्होंने मछरेहटा थाने के एसएचओ राज बहादुर सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। लेटर में लिखा- सत्यता/ कार्रवाई हेतु, श्रीमान जी आप सभी जनमानस को हम जानकारी देते हैं कि जो भी कर्मी निष्ठावान तरीके से जितना भी काम कर्म और ड्यूटी करे, अगर वह अपने अधिकारियों को हर महीने चढ़ावा न चढ़ाए तो सब बेकार है। कार्यालय के लोगों को समझना पड़ता है।

### एसएचओ पर लगाए आरोप

थाना मछरेहटा में जब से एसएचओ राजबहादुर सिंह आए हैं, सभी कर्मचारी परेशान हैं। वह सभी विवेचनाओं में रुपए की मांग करते हैं। मांग पूरी नहीं होने पर अभद्र टिप्पणी और अपमानित करते हैं। आगे भी उन्होंने कुछ अन्य लोगों के नाम लिखे हैं। उन्होंने लेटर में एक लापता किशोरी के बरामद नहीं होने का भी जिक्र किया है। लिखा है कि इस केस में हमारी अकेले ड्यूटी लगाई गई। मैं अकेले ही काम करता रहा। किसी ने मेरा सहयोग नहीं किया।

# बिना विभागीय जांच के सेवा से बर्खास्तगी असंवैधानिक : उच्च न्यायालय

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने सीआईएसएफ में बतौर हेड कांस्टेबल/ कमान्डो कार्यरत रहे दो याचीगण की विशेष अपील को मंजूर कर लिया है।

न्यायालय की विशेष अपील बेंच ने आदेश में कहा है कि किसी की सेवा से बर्खास्तगी बिना विभागीय जांच व सुनवाई के करना संविधान के अनुच्छेद 311 के खिलाफ है। कोर्ट ने इसी के साथ दोनों अपीलार्थियों की अपील मंजूर कर ली है तथा उनके सेवा से बर्खास्तगी को अवैध करार देते हुए उन्हें सेवा में बहाल करने का निर्देश दिया है। यह आदेश जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्र व जस्टिस एस क्यू एच रिजवी की खंडपीठ ने परमजीत सिंह व जितेंद्र सिंह द्वारा दाखिल विशेष अपील




पर पारित किया है। इनके बर्खास्तगी के खिलाफ दाखिल याचिका को एकल जज ने खारिज कर दिया था। हेड कांस्टेबलों के अधिवक्ता आलोक कुमार यादव व वशिष्ठ दूबे का तर्क था कि किसी भी सरकारी कर्मचारी को बिना जांच किए अथवा सुनवाई का अवसर दिए वगैर सेवा से बर्खास्त करना असंवैधानिक है। अदालत ने हेड कांस्टेबलों की विशेष अपील को मंजूर कर लिया है तथा बर्खास्तगी को असंवैधानिक करार देते हुए उन्हें सेवा में बहाल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने उनके समस्त सेवा लाभों समेत बहाली का निर्देश दिया है। अपीलार्थियों के खिलाफ बलात्कार का आरोप था।

उन्होंने पांच महिलाओं को नरौरा परमाणु संयंत्र, अनूप शहर, बुलंदशहर में बिना अनुमति प्रवेश में 3 सितंबर 2004 को पकड़ा था। इसके बाद उन महिलाओं ने 12 सितंबर 2004 को बलात्कार का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस केस में दोनों याची साक्ष्य के अभाव में बरी हो गए थे। बर्खास्तगी के खिलाफ इनकी विभागीय अपील व रिवीजन खारिज हो गई थी।

## संभल में सड़क हादसे में रिक्शा चालक की मौत, पांच घायल

संभल। उत्तर प्रदेश में संभल जिले के बहजोई क्षेत्र में बहजोई संभल मार्ग पर पिकअप वाहन के टक्कर मार देने से ई रिक्शा चालक की मौत हो गई तथा पिकअप का चालक व ई रिक्शा में बैठी चार महिलायें घायल हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ग्राम बेहटा जयसिंह निवासी राजकुमार (30) शुक्रवार को अपनी पत्नी चित्रा, पुत्री ज्योति एवं दो अन्य महिलाओं भगवती व मीना को ई रिक्शा में बैठाकर गेहूं काटने के लिए खेत पर ले जा रहा था। बहजोई संभल मार्ग पर गांव के निकट ही एक पिकअप वाहन ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी, जिससे ई रिक्शा चालक राजकुमार की मौत हो गई तथा पिकअप का चालक ग्राम सेरुआ का निवासी बबलू एवं ई-रिक्शा में सवार चित्रा ज्योति, भगवती एवं मीना घायल हो गई।

# बकरी के विवाद में सगे भाई की हत्या

बलिया। उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के रसड़ा क्षेत्र में घर में बकरी घुसने को लेकर उपजे एक मामूली विवाद में दो सगे भाइयों के बीच जक कर मारपीट हुयी जिसमें घायल एक भाई की मौत हो गयी।

पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि क्षेत्र के कोटवारी ग्राम निवासी प्रेमचंद की बकरी गुरुवार को उसके सगे भाई देवचंद के घर के सहन में घुस गई, जिसको लेकर दोनों भाईयों के बीच विवाद हो गया। जिस दौरान गाली-गलौज के बाद बात मारपीट तक बढ़ गई।

घटना में लाठी-डंडे लगने से प्रेमचंद (40) गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घायल प्रेमचंद को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे वाराणसी रेफर कर दिया। वाराणसी ले जाते समय गुरुवार की रात्रि प्रेमचंद की रास्ते में ही मौत हो गई।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रसड़ा दीक्षित त्रिपाठी ने शुक्रवार को बताया कि घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गुरुवार को ही मामले में दोनों पक्षों की तहरीर पर मारपीट की धारा के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। मौत की सूचना के बाद शुक्रवार को मृतक प्रेमचंद के पुत्र की तहरीर पर मुकदमे में भारतीय डंड संहिता की धारा 304 की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रतापगढ़ में रेल के आगे कूदे युवक-युवती

### 10 घंटे बाद हो सकी शिनाख्त, प्रेम-प्रसंग को लेकर सुसाइड की चर्चा

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ के सोनावा रेलवे लाइन के पास युवक और युवती का शव मिला है। 10 घंटे बाद पुलिस ने दोनों शवों की पहचान कराई और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बीती रात दो बजे के करीब हादसा होने का अनुमान है। पुलिस ने दोनों के परिजनों को सूचना दी। ट्रेन के सामने कूदकर अत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। गांव में प्रेम-प्रसंग को लेकर हादसे की चर्चा है।

प्रतापगढ़ के नगर कोतवाली क्षेत्र के सुनना रेलवे लाइन के पास युवक और युवती का शव मिला तो सनसनी फैल गई। चिलबिला रेलवे कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। शुक्रवार रात 2 बजे के करीब का हादसा बताया जा रहा है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शवों की पहचान करने के लिए पुलिस को 10 घंटे की मशक्कत करनी पड़ी।

### मुस्लिम समुदाय के हैं युवक-युवती

युवक-युवती नगर कोतवाली के सोनावा गांव के रहने वाले थे। पुलिस ने घर वालों को जानकारी दी तो परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस घर वालों से पूछताछ कर रही है। गांव में प्रेम-प्रसंग को लेकर सुसाइड करने की चर्चा है। बताया जा रहा है कि युवक-युवती मुस्लिम समुदाय के थे। नगर कोतवाल ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मुजफ्फरनगर में भाजपा नेता ने गोली मारकर किया सुसाइड

### अपने मेडिकल स्टोर में कनपटी से पिस्टल सटाकर किया फायर

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में भाजपा नेता और मेडिकल स्टोर संचालक निधीश गर्ग (40) ने शुक्रवार सुबह खुद को गोली मार ली। उन्होंने अपनी कनपटी पर गोली मारी। उन्हें गंभीर हालत में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, निधीश गर्ग भाजपा से भी जुड़े हैं। उनका खुद का मेडिकल स्टोर है। सुबह अपने मेडिकल स्टोर में ही लाइसेंसी पिस्टल से सुसाइड कर लिया। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग आए। वहां निधीश खून से लथपथ पड़े हुए थे। परिजन और पुलिस उनको अस्पताल ले गए। इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

निधीश के पिता का नाम डॉ. एमएल गर्ग हैं। वह जिला अस्पताल के पूर्व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक रह चुके हैं।



निधीश ने सुसाइड क्यों किया यह स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल की जांच की जा रही है। परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। सिविल लाइंस इलाके में डॉ. एमएल गर्ग का क्लीनिक और साथ में ही नाथ मेडिकल स्टोर है। मेडिकल स्टोर की जिम्मेदारी निधीश संभालते हैं।

### कार से मेडिकल स्टोर पहुंचे, थोड़ी देर में मार ली गोली

आसपास के लोगों ने बताया कि निधीश सुबह करीब पौने दस बजे अपनी कार से मेडिकल स्टोर पहुंचे। मेडिकल स्टोर खुला हुआ था, लेकिन वहां कोई कर्मचारी नहीं था। कुछ ही देर में मेडिकल स्टोर के अंदर से गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के मेडिकल स्टोर संचालक मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल सिविल लाइंस पुलिस को घटना की जानकारी दी।

### मेडिकल स्टोर के अंदर से मिली पिस्टल

इस बीच, निधीश को आनंद अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी मिलते ही पिता एमएल गर्ग मौके पर पहुंचे। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापति भी फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

आसपास के लोगों से घटना की जानकारी की। जांच के दौरान मेडिकल स्टोर के अंदर से फोरेंसिक टीम को पिस्टल मिली है।

### राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल पहुंचे अस्पताल

उधर, घटना का जानकारी मिलने पर राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल आनंद अस्पताल पहुंचे। परिवार से घटना की जानकारी ली। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापति ने बताया कि आज सुबह सूचना मिली थी कि मेडिकल स्टोर संचालक ने खुद को गोली मार ली है।

इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। आसपास के लोगों ने बताया कि मेडिकल स्टोर से फायरिंग की आवाज आई थी। मेडिकल स्टोर संचालक उस समय अकेले अपनी शॉप पर थे। मौके से टीम ने एविडेंस कलेक्ट किए हैं। सीसीटीवी फुटेज भी देखा गया है।

## शार्ट न्यूज

### टीसीएस का मुनाफा 9.1 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी कंपनी टाटा कंसलटेंसी सर्विसेस (टीसीएस) ने 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में 12434 करोड़ रुपये को शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के11392 करोड़ रुपये की मुलना में 9.1 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने आज यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि इस चौथी तिमाही में उस कुल राजस्व 61237 करोड़ रुपये रहा जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि के 59162 करोड़ रुपये की तुलना में 3.5 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने कहा कि निदेशक मंडल ने 28 रुपये प्रति शेयर का अंतिम लाभांश देने का प्रस्ताव किया गया है। कंपनी ने मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में 45908 करोड़ रुपये का लाभ कमाया है जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह 42147 करोड़ रुपये रहा था। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का कुल राजस्व 240893 करोड़ रुपये रहा है जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह 225458 करोड़ रुपये रहा था। उसने कहा कि मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में 62 नये ग्राहक जोड़े गये और इस दौरान कर्मचारियों की कुल संख्या 601546 रही है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 548.6 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढोतरी होने से 05 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 अरब डॉलर के इजाफे के साथ लगातार सातवें सप्ताह बढ़ता हुआ 548.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब डॉलर बढ़कर लगातार छठे सप्ताह चढ़ता हुआ 645.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 05 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 54.9 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 571.2 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.2 अरब डॉलर बढ़कर 54.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 2.4 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ और यह बढ़कर 18.17 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 90 लाख डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 4.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### भारत-मॉरीशस कर संधि प्रोटोकॉल पर काम बाकी

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने शुक्रवार को कहा कि दोहरे कराधान बचाव समझौते पर संशोधित भारत-मॉरीशस प्रोटोकॉल को अभी तक विभाग द्वारा अनुमोदित और अधिसूचित नहीं किया गया है। भारत और मॉरीशस ने 7 मार्च, 2024 को डीटीएए में एक संशोधन पर हस्ताक्षर किए और समझौते में एक प्रमुख उद्देश्य परीक्षण (पीपीटी) को शामिल किया, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करके कर से बचाव को कम करना है कि संधि के लाभ केवल वास्तविक उद्देश्य वाले लेनदेन के लिए दिए जाते हैं। ऐसी चिंताएं थीं कि मॉरीशस के रास्ते आने वाले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशों को कर अधिकारियों द्वारा अधिक जांच का सामना करना पड़ेगा। साथ ही, ऐसी आशंकाएं भी थीं कि पिछले निवेशों को संशोधित प्रोटोकॉल द्वारा कवर किया जा सकता है। सोशल मीडिया पोस्ट में आईटी विभाग ने कहा कि हाल ही में संशोधित भारत-मॉरीशसडीटीएए पर कुछ चिंताएं उठाई गई है। आयकर विभाग ने कहा कि जब भी प्रोटोकॉल लागू होगा, जहां भी आवश्यक होगा, समाधान किया जाएगा। ऐतिहासिक रूप से, 2016 तक भारतीय कंपनियों में शेयरों की बिक्री से पूंजीगत लाभ की गैर-कर देयता के कारण मॉरीशस भारत में निवेश में संलग्न होने के लिए एक पसंदीदा क्षेत्राधिकार रहा है।

### सोना 1,050 रुपए उछलकर 73 हजार रुपए के पार, चांदी भी नए हाई पर पहुंची

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में तेजी के रुख के बीच सोने और चांदी में शुक्रवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी आई और यह 1,050 रुपये की तेजी के साथ 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, दिल्ली में सोने की कीमत 1,050 रुपये की तेजी के साथ 73,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। पिछले सत्र में सोना 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसी तरह चांदी की कीमत भी 1,400 रुपये की तेजी के साथ 86,300 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजारों में सोने (24 कैरेट) की हाजिर कीमत 1,050 रुपये की तेजी के साथ 73,350 रुपये प्रति 10 ग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई पर कारोबार कर रही है। ईद-उल-फितर के कारण गुरुवार को कमोडिटी बाजार आंशिक रूप से बंद थे। वैश्विक बाजारों में कॉमेक्स पर सोना हाजिर भाव 48 डॉलर की बढ़त के साथ 2,388 डॉलर प्रति औंस हो गया। यूरोपीय कारोबारी दिन शुक्रवार को शुरुआती घंटों में सोना नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

### पारिवारिक वीजा के लिए आय सीमा में रिकॉर्ड बढ़ोतरी

लंदन। ब्रिटेन ने वीजा नियमों को सख्त कर दिया है। इससे यहां रहने वालों को झटका लग सकता है। दरअसल, जो नागरिक और निवासी पारिवारिक वीजा पर अपने रिश्तेदारों को ब्रिटेन में बुलाना चाहते हैं, उनकी न्यूनतम आय सीमा 55 प्रतिशत बढ़ा दी गई है। यह फैसला प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की आव्रजन स्तर में कमी लाने की योजना के तहत लिया गया है। पारिवारिक वीजा पर अपने रिश्तेदारों को ब्रिटेन बुलाने वाले लोगों की अब न्यूनतम वार्षिक आय 29,000 पाउंड होनी चाहिए। पहले यह सीमा 18,600 पाउंड थी। बताया जा रहा है कि अगले साल तक यह सीमा दो बार और बढ़ाई जाएगी। इससे यह बढ़कर 38,700 पाउंड हो जाएगा। ब्रिटेन में इस साल होने वाले आम चुनावों से पहले आव्रजन प्रमुख चुनावी मुद्दों में से एक है। सर्वे से संकेत मिला है कि सुनक की पार्टी कंजर्वेटिव भारी हार की ओर बढ़ रही है। इसलिए वह लगातार नए प्रयास कर रहे हैं। इसी के तहत यह नया फैसला लिया गया है। ब्रिटेन सरकार का कहना है कि यह वैध प्रवासन को कम करने और यहां के करदाताओं पर बाहर से आने वाले लोगों का बोझ नहीं पड़े, यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री ऋषि सुनक तथा गृह मंत्री जेम्स क्लीवरली द्वारा लाए गए पैकेज के तहत अंतिम प्रयास है।

# मॉरीशस से आने वाले निवेश के नियम सख्त होने से बाजार में हाहाकार

मुंबई। मॉरीशस के जरिए भारत में होने वाले निवेश की फिर से जांच किए जाने के संशोधित नियम से घबराए विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार में हाहाकर मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 793.25 अंक अर्थात 1.06 प्रतिशत का गोता लगाकर 75 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 74,244.90 अंक पर आ गया। साथ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 234.40 अंक यानी 1.03 प्रतिशत लुढ़ककर 22,519.40 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का दबाव रहा। इससे बीएसई का मिडकैप 0.49 प्रतिशत गिरकर 40,909.03 अंक और स्मॉलकैप 0.60 प्रतिशत टूटकर 45,872.07 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3943 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2373 में बिकवाली जबकि 1466 में लिवाली हुई वहीं 104 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 45 कंपनियां लुढ़क गई जबकि शेष पांच में बढ़त रही।

विश्लेषकों के अनुसार, मॉरीशस रूट से भारत में होने वाले निवेश के नियम को संशोधित किया गया है, जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2017 से पहले हुए निवेश की फिर से जांच की जा सकती है यानी 2017 से पहले के फंडों को प्रमाण देना होगा कि उनका गठन केवल कर में लाभ लेने के लिए नहीं किया गया था। इससे विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बाजार से जमकर पैसे निकाल लिए।



इससे बीएसई के सभी 20 समूह दबाव में आ गए। इस दौरान कमोडिटीज 0.84, सीडी 0.62, ऊर्जा 1.01, एफएमसीजी 1.10, वित्तीय सेवाएं 0.81, हेल्थकेयर 1.23, इंडस्ट्रियल्स 0.54, आईटी 0.84, दूरसंचार 0.42, यूटिलिटीज 1.02, ऑटो 0.59, बैंकिंग 0.91, कैपिटल गुड्स 0.49, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.39, धातु 0.55, तेल एवं गैस 1.28, पावर 0.77, रियल्टी 0.96, टेक 0.69 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.05 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 1.31, जर्मनी का डैक्स 0.86 और जापान का निक्केई 0.21 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं, हांगकांग का हैंगसेंग 2.18, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.93 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.49 गिर गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 149 अंक की गिरावट लेकर 74,889.64 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 74,951.88 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा।

वहीं, इसके बाद हुई बिकवाली से यह गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 74,189.31 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 75,038.15 अंक के मुकाबले 1.06 प्रतिशत टूटकर 74,244.90 अंक पर बंद हुआ।

इसी तरह निफ्टी 76 अंक उतरकर 22,677.40 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,726.45 अंक के उच्चतम जबकि 22,503.75 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,753.80 अंक की तुलना में 1.03 प्रतिशत गिरकर 22,519.40 अंक पर आ गया।

इस दौरान नेस्ले इंडिया, टीसीएस और टाटा मोटर्स की 0.67 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में गिरावट रही। जिन प्रमुख कंपनियों के शेयर कमजोर रहे उनमें सन फार्मा 4.01, मारुति 3.17, पावरग्रिड 2.57, टाइटन 2.40, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.22, एलटी 2.04, टेक महिंद्रा 1.91, अल्ट्रासिमको 1.76, एसबीआई 1.57, आईटीसी 1.56, इंफ़ोसिस 1.44, एक्सिस बैंक 1.41, एशियन पेंट 1.40, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.33, विप्रो 1.33, एचसीएल टेक 1.19, एचडीएफसी बैंक 1.10, टाटा स्टील 1.00, रिलायंस 0.79, आईसीआईसीआई बैंक 0.48, एनटीपीसी 0.32 और महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.17 प्रतिशत शामिल है।

# डिजिटल संचार क्षेत्र में नियामक सैंडबॉक्स पर ट्राई ने सौंपी अपनी सिफारिशें

नयी दिल्ली। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने 'डिजिटल संचार क्षेत्र में नियामक सैंडबॉक्स के माध्यम से नवीन प्रौद्योगिकियों, सेवाओं, उपयोग के मामलों और व्यापार मॉडल को प्रोत्साहित करने पर अपनी सिफारिशें सरकार को सौंप दी है जिसमें कहा गया है कि केंद्र सरकार, दूरसंचार में नवाचार और तकनीकी विकास को प्रोत्साहित करने एवं सुविधाजनक बनाने के लिए, इस तरह से, और ऐसी अवधि के लिए एक या अधिक नियामक सैंडबॉक्स बना सकती है।

सरकार ने 5जी/6जी, मशीन टू मशीन कम्युनिकेशंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, वर्चुअल रियलिटी और अन्य में नए तकनीकी विकास को देखते हुए, एक ऐसा वातावरण प्रदान करने की आवश्यकता है जिसमें नई प्रौद्योगिकियों, सेवाओं, उपयोग के मामलों और व्यापार मॉडल का लाइव नेटवर्क में परीक्षण किया जा सके, या मौजूदा कार्यों व प्रक्रियाओं को परिष्कृत किया जा सके। इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए, दूरसंचार विभाग ने 10 मार्च, 2023 को डिजिटल संचार उद्योग में नई सेवाओं, प्रौद्योगिकियों और व्यापार मॉडल के लिए नियामक सैंडबॉक्स ढांचे के संबंध में ट्राई की सिफारिशों का अनुरोध किया था।

नियामक सैंडबॉक्स (आरएस) दूरसंचार नेटवर्क और ग्राहक संसाधनों तक विनियमित तरीके से लेकिन वास्तविक समय में पहुंच संभव करता है। यह ऐसी प्रक्रिया है, जो प्रयोगशाला परीक्षण या पारंपरिक प्रयोगिक तरीकों में संभव नहीं है। नियमों में विशिष्ट और सामान्य छूट, केवल आरएस परीक्षण के लिए मान्य, नए विचारों के परीक्षण के लिए दी जाती है। कई देशों में नियामक निकायों ने ऐसे सैंडबॉक्स ढांचे की स्थापना की है। भारत में लाइव परीक्षण के लिए इस तरह की रूपरेखा प्रदान करने से अधिक उद्यमियों को देश के साथ-साथ दुनिया के डिजिटल संचार उद्योग के लिए समाधान विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। दूरसंचार विभाग ने उभरती नई रेडियो संचार प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों, बाह्य परीक्षण/प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए %स्पेक्ट्रम नियामक सैंडबॉक्स (एसआरएस) या वाइट ज़ोन (वायरलेस टेस्ट ज़ोन) स्थापित करने और संचालित करने के लिए दिशानिर्देश भी जारी किए हैं। हालांकि, ये दिशानिर्देश परीक्षण/अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) के उद्देश्य से पीएसटीएन/सार्वजनिक वाणिज्यिक नेटवर्क/उपग्रह के साथ किसी भी कनेक्टिविटी के लिए प्रदान नहीं करते हैं अर्थात वाईई क्षेत्रों में परीक्षण उत्पादों को लाइव नेटवर्क वातावरण में एक्सपोजर की अनुमति नहीं देता है। ऑफलाइन/प्रयोगशाला/वाइट जोन परीक्षण से परे, वास्तविक लाइव नेटवर्क वातावरण में उत्पादों के परीक्षण की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, स्पेक्ट्रम से संबंधित छूट के अलावा, कुछ उत्पादों को लाइव नेटवर्क आवश्यकताओं में परीक्षण के लिए अन्य प्रकार की नियामक छूट की आवश्यकता हो सकती है।

दूरसंचार विभाग से प्राप्त संदर्भ, हितधारक प्रतिक्रिया के आधार पर, और दूरसंचार अधिनियम% 2023 में प्रदान की गई नियामक सैंडबॉक्स की परिभाषा के अनुरूप, जो कुछ नियामक छूट प्राप्त करने के बाद एक निश्चित अवधि के लिए उपयोगकर्ताओं के सीमित सेट पर लाइव परीक्षण वातावरण में नए उत्पादों, सेवाओं, प्रक्रियाओं और व्यावसायिक मॉडल के परीक्षण पर बल देते हैं। इसके आधार पर ट्राई ने अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप दे दिया है। सिफारिशें डिजिटल संचार क्षेत्र के लिए सैंडबॉक्स परीक्षण करने के लिए एक व्यापक ढांचा प्रदान करती हैं।

## ओएसएम ने लॉन्च किया 15 मिनट में फुल चार्ज होने वाला ई तिपहिया

नयी दिल्ली। ओमेगा सेकी मोबिलिटी और एक्सपोनेंट एनर्जी ने मात्र 15 मिनट में फुल चार्ज होने वाला इलैक्ट्रिक थ्री व्हीलर लॉन्च किया है जो फुल चार्ज पर 126 किलोमीटर चलता है। ओमेगा सेकी मोबिलिटी के संस्थापक और अध्यक्ष उदय नारंग ने इसे लॉन्च करते हुए कहा, ''ओएसएम स्ट्रीम सिटी क्रिक सिर्फ एक वाहन नहीं है; यह देश की आर्थिक तरक्की का साधन है। एक्सपोनेंट के नेटवर्क पर वाहन सिर्फ 15 मिनट में चार्ज होंगे तो ड्राइवरों को अधिक काम करने का मौका मिलेगा। उनका डाउनटाइम कम होगा और वे अधिकतम ट्रिप लगा पाएंगे। हर एक ट्रिप फायदे का सफर होगा। इससे न केवल परिवहन का भविष्य बेहतर होगा बल्कि ड्राइवरों की खुशाहली भी बढ़ेगी। हम तकनीकी के दायरे से बाहर भी नवाचार के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। हम चाहते हैं कि आजीविका बढ़े और हर समुदाय में खुशी और खुशहाली आए। ओएसएम स्ट्रीम सिटी क्रिक ना सिर्फ शहरी परिवहन की नई परिभाषा करता है बल्कि पूरे देश में ड्राइवरों की जिन्दगी बदल देगा।'' उन्होंने कहा कि ओएसएम स्ट्रीम सिटी क्रिक में एक्सपोनेंट का पावर और अत्याधुनिक 8.8 केडब्ल्यूएच प्रोपराइटरी बैटरी पैक है। इस इनोवेटिव पावर के साथ वाहन शहर में 126 किलोमीटर की रेंज देता है। इस तरह रेंज की चिंता दूर होने से ड्राइवर निश्चिंत हो कर शहर में दूर-दूर तक सफर करेंगे। अधिक से अधिक ग्राहकों का सफर आसान बनाएंगे।

एक्सपोनेंट एनर्जी के सह-संस्थापक और सीईओ अरुण विनायक ने कहा, ''एक्सपोनेंट का अर्थ एक किस्म की आजादी और अभूतपूर्व सुविधा है। इसके माध्यम से लोग बिना रुकावट ईवी से सफर का आनंद लेंगे। एक ओर उन्हें 15 मिनट में फटाफट चार्जिंग होने से एक आजादी मिलेगी और आमदनी बढ़ेगी। दूसरी ओर, बैटरी पर लंबी वारंटी होने से ऋण मिलना आसान होगा और महीने की ईएमआई भी कम जाएगी। अधिक से अधिक आमदनी और लागत कम होने का दोहरा लाभ मिलेगा। अन्य ईवी या आईसीई वाहन की तुलना में एक्सपोनेंट से संचालित ईवी बड़ा लाभ अनलॉक करेगा। हम इससे उत्साहित हैं कि हमें ओमेगा सेकी मोबिलिटी के साथ 3 डब्ल्यू पैसेंजर सेगमेंट में कदम रखने का मौका मिला है और हम इनोवेशन से खुशहाली का सपना ओएएसएम से साझा करने वाले हैं।''

## भारत में रियल एस्टेट बाजार एक दशक में डेढ़ लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा

नयी दिल्ली। भारत में अचल संपत्तियों का सालाना कारोबार एक दशक में डेढ़ लाख करोड़ डालर के स्तर पर पहुंच जाएगा इसमें केवल मकान के बाजार का कारोबार ही 90000 करोड़ डालर से ऊपर होगा। यह अनुमान संपत्ति बाजार पर अध्ययन और परामर्श सेवाएं देने वाली कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया की एक ताजा रिपोर्ट में दी गई है। फर्म ने यह रिपोर्ट शुक्रवार को यहां रियल एस्टेट क्षेत्र पर भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक व्यवसायिक सम्मेलन में जारी की। भारत के अचल संपत्ति बाजार की आगामी एक दशक की संभावनाओं पर इंडियन रियल एस्टेट: ए डिकेड फ्रॉम नाउ शीर्षक यह रिपोर्ट में सीआईआई के सहयोग से यह रिपोर्ट तैयार की गई है। रियल एस्टेट कंसल्टेंसी नाइट फ्रैंक इंडिया ने अनुमान लगाया है कि भारतीय का मूल्य रियल एस्टेट क्षेत्र 2034 तक अनुमानित 1.5 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा, जो तब तक कुल आर्थिक उत्पादन का 10.5 प्रतिशत होगा। वर्ष 2023 में, इस क्षेत्र का बाज़ार लगभग 482 अरब डॉलर के बराबर था। भारत के सकल आर्थिक उत्पादन में इस क्षेत्र का योगदान अभी 7.3 प्रतिशत के दायरे में है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है की एक दशक में भारत के अचल संपत्ति बाजार में अकेले आवासीय संपत्तियों के बाजार 2034 तक 90,600 करोड़ डॉलर मूल्य के साथ शीर्ष पर रहेगा। इसके बाद कार्यालय की जगह का बाजार होगा जिसका योगदान 12,500 डॉलर के स्तर का होगा। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत में बढ़ती मांग के कारण अगले 10 वर्षों में विनिर्माण गतिविधियों के लिए भूमि बाजार का कारोबार 28 अरब अमेरिकी डॉलर का और भंडारण स्थल बाजार का 8.9 अरब डॉलर के दायरे में पहुंचने की संभावना है।

# खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में घटकर 4.85 प्रतिशत

नयी दिल्ली। भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति मार्च 2024 में घटकर दस माह के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर रही गई।

फरवरी में खुदरा महंगाई दर सालाना आधार पर 5.09 प्रतिशत थी। मार्च, 2024 में अनाज, ईंधन और सब्जियों आदि अस्थिर कीमतों वाले वर्ग को छोड़ कर विनिर्मित वस्तुओं वाली महंगाई दर 3.3 प्रतिशत पर रही। सेवाओं संबंधी खुदरा मुद्रास्फीति भी और नरम हो कर मार्च में तीन प्रतिशत पर रही। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष मार्च में खाद्य मुद्रास्फीति पिछले महीने के 8.66 प्रतिशत की तुलना में हल्की गिरावट के सथ 8.52 प्रतिशत रही।

खुदरा मुद्रास्फीति सात महीनों से दो से छह प्रतिशत के दायर में है जिसे भारतीय रिवर्ज बैंक इसका एक सहनशीलता दायरा मानता है। बावजूद



इसके केंद्रीय बैंक ने अपनी नीतगत ब्याज दर रेपो को कम नहीं किया है और इसे इस माह लगातार सातवीं द्वैमासिक समीक्षा में भी 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखा है।

आरबीआई मुद्रास्फीति के मामले में फिलहाल कोई ढ़ील देने के मूड में नहीं है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष (2024-25) के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के औसतन 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। मार्च, 2024 में ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित महंगाई दर 5.45 फीसदी और शहरी इलाकों में यह 4.14 फीसदी रही। ताजा खुदरा मूल्य सूचकांक से पता चलता है कि इस साल मार्च में साग-सब्जियों के वर्ग में मुद्रास्फीति घटकर 28.34 प्रतिशत रही। फरवरी में सब्जियां सालाना आधार पर 30.25 प्रतिशत तक ऊपर चल रही थीं।

मार्च में दाल-दलहनों के खुदरा भाव सालाना स्तर पर 17.71 प्रतिशत ऊंचे थे जबकि इससे पिछले महीने दाल-दलहन वर्ग में मुद्रास्फीति 18.90 प्रतिशत थी।

इस साल मार्च में अनाज और अनाज उत्पादों के वर्ग में मुद्रास्फीति 8.37 प्रतिशत थी। इसी माह ईंधन और बिजली वर्ग में खुदरा कीमतें सालाना आधार पर 3.24 प्रतिशत नीचे रहीं।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज समूह के मुख्य अर्थशास्त्री निखिल गुप्ता ने खुदरा मुद्रास्फीति के ताजा आंकड़ों को बाजार के अनुमानों के अनुरूप बताया। उन्होंने कहा कि इसका अर्थ है कि वर्ष 2023-24 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.4 प्रतिशत रही जो चार वर्ष का न्यूनतम स्तर है। गुप्ता ने मार्च के आंकड़ों के बारीक विश्लेषण के आधार पर बताया कि खुदरा मूल्य सूचकांक में 72 प्रतिशत वस्तुओं में मुद्रास्फीति पांच प्रतिशत से नीचे थी। पिछले वर्ष इसी माह 60 प्रतिशत वस्तुओं में महंगाई पांच प्रतिशत से नीचे थी।

# लुब्रिज़ोल कॉर्पोरेशन ने पुणे में नया ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर शुरू किया

मुंबई (अनिल बेदाग)। स्पेशलिटी केमिकल्स में अग्रणी, लुब्रीज़ोल ने कई मार्केट और इंडस्ट्री में क्षेत्रीय और वैश्विक सफलता हासिल करने के लिए और लोकल टैलेंट का लाभ उठाने के लिए ग्राहकों और कर्मचारियों के साथ मिलकर काम करने के लिए, एक रणनीतिक केंद्र के रूप में पुणे में एक नया ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) शुरू किया है।



एम्बेसी टेक जोन, हिंजेवाड़ी, पुणे में स्थित ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर लुब्रीज़ोल के नई सुविधा का हिस्सा है। जीसीसी कैम्पस लीड गोल्ड प्रमाणित है और एक सुरक्षित, स्वस्थ और पर्यावरण के प्रति जागरूक कार्यस्थल को सक्षम बनाने के लिए उपयुक्त है। एक अच्छी तरह से डिज़ाइन किए गए और एर्गोनोमिक वर्कस्पेस के अलावा, 42,000 वर्ग फुट की सुविधा में वेलनेस रूम, एक मनोरंजक क्षेत्र, एक प्रशिक्षण क्षेत्र और प्राकृतिक रोशनी वाले हडल रूम शामिल हैं। ग्राहक अनुभव केंद्र लुब्रिज़ोल के विज्ञान बारे में जानकारी देता है। इंजीनियरिंग, सप्लाय चेन, टेक्नोलॉजी, फाइनेंस, प्रोक्योरमेंट, लीगल आणि ह्यूमन रिसोर्स के क्षेत्र में काम करने वाले 200 से अधिक क्षेत्रीय कर्मचारियों को अगले वर्ष जीसीसी में नौकरी मिलने की उम्मीद है। जेटी जोन्स, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, हाई ग्रोथ रीजन ने कहा, भारत निस्संदेह हमारे सबसे तेजी से बढ़ते मार्केट में से एक है और क्षेत्रीय और वैश्विक ग्राहकों के लिए सफलता और नवाचार प्राप्त करने के लिए आवश्यक टैलेंट का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। भावना बिंद्रा, मैनेजिंग डायरेक्टर - भारत, मिडिल ईस्ट और अफ्रीका, लुब्रिज़ोल ने कहा, जीसीसी हमारी वैश्विक टीम का एक एकीकृत विस्तार है। यह व्यावसायिक प्रक्रिया और डिजिटल क्षमताएं उपलब्ध करने वाले एक क्षेत्रीय और वैश्विक केंद्र के रूप में कार्य करता है जो लुब्रिज़ोल को जटिल समस्याओं को हल करने और बेहतर व्यावसायिक परिणाम खोजने में मदद करेगा। आज हमारे लिए एक खुशी का दिन है क्योंकि हम भविष्य की कई अवसरों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। अभिषेक जैन, इंडिया जीसीसी लीडर, लुब्रिज़ोल ने कहा, पुणे में जीसीसी का उद्घाटन हमारी टीम के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो हमें अपनी तकनीकी क्षमताओं और परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ाने के लिए वर्ल्ड-क्लास टैलेंट तक पहुंचने और विकसित करने में सक्षम बनाता है। इससे हम भारत और दुनिया भर में अपने ग्राहकों को और भी अधिक नवीन तरीकों से सेवा देने में सक्षम होंगे।

## इंफीनिक्स ने लॉंच किया वायरलैस चार्जिंग वाला नया स्मार्टफोन

नयी दिल्ली। स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी इंफीनिक्स ने आज भारतीय बाजार में अपना नया स्मार्टफोन नोट 40प्रो 5 जी लाँच करने की घोषणा की जिसमें वायरलेस मैग्नेटिक चार्जिंग की सुविधा दी गयी है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अनीष कपूर ने इसे लाँच करते हुये कहा कि उनकी कंपनी नोट 40 प्रो 5 जी सीरीज के नये स्मार्टफोन को लाँच करके बहुत उत्साहित है क्योंकि इसकी कीमत 19999 रुपये है। उन्होंने कहा कि इस फोन में कंपनी का डुअल चिप दिया गया है जो पावर मैनेजमेंट चिप और इंफीनिक्स चीता एक्स1 चिप है।

# औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर फरवरी में 5.7 फीसदी

नयी दिल्ली। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर भारत के औद्योगिक उत्पादन में फरवरी, 2024 में सालाना आधार पर 5.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी।

पिछले वर्ष फरवरी में औद्योगिक वृद्धि दर छह प्रतिशत थी।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी मासिक रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 के 11 महीनों (अप्रैल-फरवरी) के दौरान औद्योगिक उत्पादन में इससे एक साल पहले की इसी अवधि की तुलना में वृद्धि 5.9 प्रतिशत रही।

वर्ष 2024 में फरवरी में जहां खनन क्षेत्र में उत्पादन वृद्धि आठ प्रतिशत रही तथा (अप्रैल-फरवरी 23-24 में 8.2 प्रतिशत),विनिर्माण क्षेत्र में 5 प्रतिशत (अप्रैल-फरवरी 5.4 प्रतिशत), बिजली उत्पादन में 7.5 प्रतिशत (अप्रैल-फरवरी 6.9 प्रतिशत) की वृद्धि दर्ज की गयी।

फरवरी 2024 के लिए त्वरित अनुमान में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आधार वर्ष 2022-12) 147.2 रहा।

फरवरी 2024 के लिये खनन, विनिर्माण और बिजली क्षेत्रों के लिये औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक क्रमशु 139.6, 144.5 और 187.1 अंक रहे।

## शार्ट न्यूज

### ऑस्ट्रेलिया ने हॉकी टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले में भारत को हराया

पर्थ। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले में भारत को 3-1 से हराया है। यह भारत की लगातार चौथी हार है। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 4-0 से बढ़त बना ली है। भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 12वें मिनट में गोल किया। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से जेरेमी हेवर्ड ने 19वें, 47वें मिनट में और जैक वेल्च 54वें मिनट में गोल दागकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलायी। मैच का शुरुआती क्वार्टर काफी प्रतिस्पर्धी हुई। दोनों टीमों ने एक दूसरे के खिलाफ गोल करने के कई मौके बनाये लेकिन वे उन्हें भुना नहीं सके। पहले क्वार्टर समाप्त होने से ठीक पहले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 12वें मिनट गोल दागकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे क्वार्टर में वापसी करते हुए दो त्वरित पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये। दूसरे पेनल्टी कॉर्नर के जरिए जेरेमी हेवर्ड ने 19वें मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया। अंतिम क्वार्टर की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया ने दबाव बनाते हुए की जेरेमी हेवर्ड ने 47वें मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद जैक वेल्च ने 54 मिनट में गोलकर स्कोर 3-1 कर दिया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने दौरे के पांचवें और आखिरी मैच में 13 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी।

### खालसा और इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में

नयी दिल्ली। मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज और खालसा कॉलेज एलुमनी ने तीसरे पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गये है। अंतिम लीग मैच में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने हंसराज कॉलेज को 14-0 से हराया। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज की ओर से अंकित ने पांच गोल, पवन और पुलकित ने 3-3 गोल, मोहित ने दो गोल और सागर ने एक गोल किया। मैन ऑफ द मैच का अवार्ड से श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के पुलकित को नवाजा गया। पुरुष वर्ग का पहला सेमीफाइनल मुकाबला श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज एलुमनी और इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज के होगा। दूसरा सेमी फाइनल मैच श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज और श्याम लाल कॉलेज के बीच होगा। वहीं महिला वर्ग में विवेकानंद कॉलेज ने एकता के गोल से भारती कॉलेज को 1-0 से हराया। वूमेन ऑफ द मैच का अवार्ड विवेकानंद कॉलेज की भावना को मिला। इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज ने श्याम प्रसाद मुखर्जी कॉलेज को 8-0 से हराया।

### साथियान और मनिका नहीं हासिल कर पाये कोटा

चेकिया। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान गणानाशेखरन और मनिका बत्रा को विश्व मिश्रित युगल के क्वार्टरफाइनल में मलेशियाई जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा और वह ओलंपिक का कोटा हासिल करने में विफल रहे। आज यहां हुये मुकाबले में भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान और मनिका की जोड़ी को मलेशिया के जेवेन चूंग और केरेन लिन के खिलाफ 4-1 (11-9, 11-9, 11-9, 7-11,11-8) से हार मिली। उल्लेखनीय है कि आठवीं वरीयता प्राप्त साथियान और मनिका की जोड़ी को राउंड ऑफ 16 में बाई मिला था। इससे पहले गुरुवार को भारतीय जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा था। जहां पहले नाकऑउट राउंड के क्वार्टरफाइनल में हार के बाद विश्व मिश्रित युगल टेबल टेनिस ओलंपिक क्वालीफायर में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने का यह उनका अंतिम मौका था। भारत ने रैंकिंग के आधार पर महिला और पुरुष टीमों के लिए पेरिस 2024 कोटा पहले ही हासिल कर लिया है। चेकिया प्रतियोगिता में भारत के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए मिश्रित युगल टेबल टेनिस में बर्थ हासिल करने का आखिरी अवसर था।

### चोटिल फिन और एडम पाकिस्तान दौरे से हुए बाहर

वेलिंग्टन। चोटिल फिन एलन और एडम मिल्ने को न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज से बाहर कर दिया गया है। एलन को पीठ में चोट लगी तथा मिल्ने को को प्रशिक्षण के दौरान टखने में चोट लगी है। चयनकर्ताओं ने उनके प्रतिस्थापन के रूप में टॉम ब्लंडेल और अनकैप्ड ऑलराउंडर जैक फॉल्क्स को टीम में बुलाया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान में कहा, एलन और फिन की चोटों के कारण रावलपिंडी में अगले सप्ताह शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला में भाग नहीं ले पाएंगे। मैदान में उनकी वापसी को लेकर आगामी दिनों में अपडेट दी जाएगी। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा, हमें फिन और एडम दोनों के लिए दुख है, जो दौरे की शुरुआत के करीब चोटों से जूझ रहे हैं। वे पिछले विश्वकप के बाद से टी-20 प्रारूप में हमारे लिए बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारा सहयोगी स्टाफ और मेडिकल नेटवर्क दोनों खिलाड़ियों के इलाज और उसके बाद क्रिकेट में वापसी की योजना को पूरा करने के लिए अगले कुछ हफ्तों में उनके साथ मिलकर काम करेंगे। प्राथमिक रूप से टी-20 विश्वकप टीम की घोषणा एक मई तक होनी है, लेकिन 25 मई तक इसमें बदलाव हो सकता है।

### मोंटे कार्लो मास्टर्स में विश्व नंबर सात से कड़े संघर्ष में हारे सुमित नागल, दो घंटे तक चला मैच

मोंटे कार्लो (फ्रांस)। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में विश्व नंबर सात डेनमार्क के होल्गर रूने से तीन सेटों के संघर्ष में हार गए। उन्हें दो घंटे 11 मिनट में 3-6, 6-3, 2-6 से हार मिली। बुधवार को दोनों के बीच मुकाबला रुक गया था। उस वक्त रूने 6-3, 3-5 से आगे थे। गुरुवार को सुमित ने अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए दूसरा सेट अपने नाम कर लिया। तीसरे सेट में दोनों 2-2 से बराबर थे, लेकिन यहां से रूने ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन करते हुए बाकी चार गेम जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंचने के साथ सुमित का एटीपी रैंकिंग में करियर की श्रेष्ठ 80वीं रैंकिंग पर पहुंचना तय हो गया है। वह अभी 93वीं रैंकिंग पर हैं। यही नहीं सुमित को फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रॉ में भी प्रवेश मिल गया है। इससे पहले 2019 में प्रजनेश गुणेश्वरन फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रॉ में खेलने वाले अंतिम भारतीय थे।

### दित को रजत, फाइनल में जापान के पहलवान से हारे, अभिमन्यु और विक्की को कांस्य

बिश्केक (किर्गिस्तान)। भारत के उदीयमान पहलवान उदित को पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा के फाइनल में जापान के केंटो यूमिया के हाथों 4-5 से पराजय के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। अभिमन्यु ने 70 किग्रा के फ्रीस्टाइल में उज्बेकिस्तान के बेजिजोन कुल्दाशेव को 6-5 से हराकर कांस्य पदक जीता। वहीं, विक्की ने 97 किग्रा में किर्गिस्तान के आंद्रेइ रोमानोविच अरोनोव को 10-1 से मात दी। ट्रायल में बजरंग पूनिया को हराने वाले रोहित कुमार 65 किग्रा में जापान के मासानोसुके ओनो से 3-5 से हार गए। परविंदर सिंह एकमात्र भारतीय पहलवान थे जो पदक दौर में नहीं पहुंच सके। वह 79 किग्रा स्पर्धा में क्वालीफिकेशन में जापान के रियुनोसुके कामिया से 0-3 से हारकर बाहर हो गए। यह सीनियर स्तर पर उदित का दूसरा पदक है। उन्होंने 2022 में ट्यूनीशिया में यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज में रजत पदक जीता था। उदित के लिए पहले दौर का यह मुश्किल मुकाबला रहा जिसमें उन्होंने ईरान के प्रतिद्वंद्वी इब्राहिम माहदी खरी को 10-8 से शिकस्त दी। इसके बाद उन्होंने स्थानीय प्रबल दावेदार अल्माज समानबेकोव को 6-4 से हराने के बाद सेमीफाइनल में कोरिया के कुम हयोक किम पर 4-3 से जीत हासिल की।

# ओलंपिक से पहले भारत को झटका, दिग्गज मुक्केबाज मैरीकॉम ने पद से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। भारत की दिग्गज मुक्केबाज और छह बार की विश्व चैंपियन मैरी कॉम ने पेरिस ओलंपिक से पहले इस बहुराष्ट्रीय प्रतियोगित में देश के दल के प्रमुख (शेफ डी मिशन) के अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्हें भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने 21 मार्च को शेफ डी मिशन नियुक्त किया था। मैरी कॉम ने पद से हटने के पीछे निजी कारणों का हवाला दिया है और कहा कि उनके पास इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है।

### पीटी उषा ने कही यह बात

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि मैरी कॉम ने उन्हें पत्र लिखकर इस जिम्मेदारी से मुक्त करने के लिए कहा है।

मैरी कॉम ने उषा को लिखे पत्र में कहा- देश की किसी भी रूप में सेवा करना गर्व की बात है और मैं इसके लिए मानसिक रूप से तैयार थी, लेकिन मुझे खेद है कि मैं यह जिम्मेदारी नहीं उठा सकूंगी। मैं निजी कारणों से पीछे हट रही हूं।

### देश के लिए कुछ भी करना गर्व की बात

41 साल की मैरी कॉम ने कहा, इस तरह से पीछे हटने से शर्मिंदा हूं क्योंकि मैं ऐसा करती नहीं हूं, लेकिन मेरे पास कोई विकल्प नहीं है। मैं ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे अपने खिलाड़ियों की हमेशा हौसलाअफजाई करती रहूंगी। आईओए ने 21 मार्च को उनकी नियुक्ति का एलान किया था।



### उनकी निजता का सम्मान

लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेत मैरी कॉम 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों में भारतीय दल की अभियान प्रमुख होतीं। उषा ने अपने बयान में कहा, हमें दुख है कि ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज और आईओए एथलीट आयोग की प्रमुख मैरी कॉम निजी कारणों से पद से हट गई हैं।

हम उनके फैसले और निजता का सम्मान करते हैं। उनके विकल्प के बारे में घोषणा जल्दी ही की जाएगी।

पीटी उषा ने कहा, मैं उनके अनुरोध को समझती हूं और उनके फैसले का सम्मान करती हूं।

मैंने उनसे कहा है कि आईओए और मेरा सहयोग हमेशा उनके साथ है। मैं सभी से उनकी निजता का सम्मान करने का अनुरोध करती हूं।

# भारत ने बिली जीन किंग कप में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराया

एजेंसी

चांग्शा। भारतीय महिला टेनिस टीम ने शुक्रवार को बिली जीन किंग कप 2024 एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हरा दिया है।

आज यहां चीन के चांग्शा में मून आइलैंड क्ले पार्क में रुतुजा भोसले ने एकल मुकाबला जीता।

वहीं अंकिता रैना और प्रार्थना थोम्बरे की जोड़ी ने युगल मुकाबले में जीत हासिल की।

भोसले ने एक घंटे और पांच मिनट में 6-2, 6-2 से आसान जीत दर्ज की। भोसले ने पहले सेट में लगातार पांच गेम जीतकर शुरुआत में ही मैच में अपना दबदबा कायम रखा।

अंकिता रैना ने प्रार्थना थोम्बारे के साथ मिलकर डेबिन किम और सोह्युन पार्क के खिलाफ युगल मैच एक घंटे और 33 मिनट में 6-4, 6-4 से जीत लिया। दक्षिण कोरिया पर 2-1 की जीत एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक में भारत की तीसरी जीत है। भारत ने अपने शुरुआती मैच में प्रशांत ओशिनिया को 3-0 से हराया और गुरुवार को चीनी ताइपे को 2-1 से हराया था।

भारत पूल ए में तीन जीत और एक हार के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत को प्ले-ऑफ में योग्यता हासिल करने के लिए शीर्ष दो में रहना होगा।

भारतीय टेनिस टीम शनिवार को अपने अंतिम ग्रुप मैच में न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। न्यूजीलैंड दो जीत और दो हार के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है।

# 'सिल्क रूट अल्ट्रा ट्रेल 2024' का नारकंडा से शुभारंभ : वर्मा

शिमला। दि हिमालयन एक्सपीडिशन (दि) की ओर से 12 से 14 अप्रैल तक नारकंडा से सराहन 'सिल्क रूट अल्ट्रा ट्रेल 2024' का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति के ट्रेल धावक हिस्सा ले रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि इस आयोजन को लोकसभा चुनाव-2024 के लिए स्वीप गतिविधि में शामिल किया गया है, जिसमें धावक लोगों को मतदान के लिए जागरूक करेंगे।

ट्रेल को शुक्रवार को नारकंडा से शिमला के अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा तथा जिला एवं सत्र न्यायधीश रामपुर बीरेन्द्र ठाकुर ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर रवाना किया।

वर्मा ने कहा कि यह आयोजन बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें साहसिक गतिविधि के साथ-साथ पर्यटन, पुराना भारत-तिब्बत मार्ग और स्वीप गतिविधि को जोड़ा गया है। इस गतिविधि में जहां एक ओर साहसिक खेलों और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा वहीं पुराने पारम्परिक सिल्क रूट (पुराना भारत-तिब्बत मार्ग) का जीर्णोद्धार होगा।

इसी प्रकार स्वीप के तहत धावकों द्वारा ट्रेल में पड़ने वाली 30 पंचायतों में लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, इस ट्रेल में बच्चे भी हिस्सा ले रहे हैं जोकि युवाओं और अन्य लोगों के लिए प्रेरणा के स्त्रोत होंगे।

न्यायमूर्ति बीरेन्द्र ठाकुर ने भी उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित किया और उन्हें नशे और उसके दुष्प्रभावों बारे विस्तृत जानकारी दी।

# हिमाचल में एससीए रोड टू हिमालय शिमला चैप्टर का आयोजन करेगा

एजेंसी

शिमला। हिमाचल में एससीए रोड टू हिमालय शिमला चैप्टर का आयोजन करेगा 11वें एमटीबी हिमालय शिमला के लिए एक रोमांचक क्वालीफायर जो शिमला की पहाड़ियों में मशोबारा के आसपास होगा।

इसमें राष्ट्रीय चौंपियन सहित 60 शौकीन साइकिल चालकों का प्रवेश मिला है जो मई 2024 में आयोजित होने वाला फायरफॉक्स एमटीवी हिमालय शिमला के 11जी एडिशन है।

एससीए की स्थापना 2021 में हुए जो साइक्लिंग के खेल और उसके रूप में साइक्लिंग को बढ़ावा देने और विशेष रूप से परिवहन, बेहतर स्वास्थ्य, हरित वातावरण और रोमांच और मनोरंजन के साधनों के लिए साइकिल चलाने की वकालत के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश में योग्य साइकिल चालकों को अवसर देने के मुख्य उद्देश्य के साथ की गई थी। क्वालीफायर 'हरित और बेहतर कल के लिए साइकिल चलाने' का संदेश देगा।

रोड टू हिमालय शिमला चौप्टर 14 अप्रैल, 2024 को 60 से अधिक शौकीन सवारों की मेजबानी करने के लिए तैयार है, इसलिए शिमला मशोबरा की सुंदर पहाड़ियाँ एक रोमांचकारी दृश्य देखने के लिए तैयार हैं।

यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम मशोबरा में मनमोहक डाक बंगला रिट्रीट में आयोजित किया जाएगा,। लुभावने हिमालयी परिदृश्यों के बीच कौशल और दृढ़ संकल्प का एक दिलचस्प प्रदर्शन होगा ।

रोड टू हिमालय शिमला चौप्टर बहुप्रतीक्षित 11वें एमटीबी हिमालय शिमला मेगा इवेंट के लिए एक महत्वपूर्ण क्वालीफायर राउंड होगा, जो देश में एमटीबी खेल के सम्मानित अग्रदूतों द्वारा 10 मई से 12 मई तक हिमालयन एडवेंचर स्पोर्ट्स टूरिज्म प्रमोशन एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया है। 2024. रोड टू हिमालय का आयोजन भारत के 12 अलग-अलग शहरों में आयोजित रोमांचकारी दौड़ों की श्रृंखला के समापन का प्रतीक है, जिनमें से प्रत्येक में माउंटेन बाइकिंग कौशल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जाएगा , शिमला से इस की शुरुआत होगी ।

इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, एससीए के अध्यक्ष मोहित सूद ने जोर देकर कहा, ''साइक्लिंग खेल के लिए युवा प्रतिभाओं के साथ-साथ हमारे राज्य में स्थिरता और पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

रोड टू हिमालय श्रृंखला न केवल खेल को बढ़ावा देती है परंतु साहसिक और प्रतिस्पर्धी खेल की भावना के साथ-साथ यह शिमला की पहाड़ियों की अद्वितीय सुंदरता को भी प्रदर्शित करता है, जो जिले भर के उत्साही लोगों को आने और भाग लेने के लिए लुभाता है और एमटीबी हिमालय शिमला संस्करण जो मई में होगा में सर्वश्रेष्ठ साइकिल चालकों के खिलाफ दौड़ लगाने का सुनहरा अवसर प्राप्त करता है।''

जिले और आसपास के हर कोने से पेशेवर राइडर्स एकत्र होने के लिए तैयार हैं, क्वालीफायर से उभरने वाले शीर्ष एथलीटों के लिए मेगा इवेंट में मुफ्त प्रवेश के साथ, प्रतियोगिता पहले से कहीं अधिक साहसपूर्ण होने का वादा करती है।

रोड टू हिमालय शिमला चौप्टर एक प्रमाण के रूप में खड़ा है रोमांच की भावना और हिमालय के स्थायी आकर्षण के लिए।

जैसे ही सवार ऊबड़-खाबड़ दुर्गम रास्तों को जीतने और अपनी सीमा से आगे प्रदर्शन की तैयारी करते हैं, जो दर्शक वहां उपस्थित होंगे वो अद्वितीय उत्साह और कौशल के तमाशे की उम्मीद कर सकते हैं।


# ब्रिटेन ने पाकिस्तान को यात्रा के लिए खतरनाक बताया

## ट्रैवल एडवाइजरी में ब्लैकलिस्ट किया; भारत के कुछ हिस्सों में न जाने की सलाह दी

लंदन। ब्रिटेन ने पाकिस्तान को यात्रा के लिए सबसे खतरनाक देशों की सूचि में शामिल किया है। ब्रिटेन के फॉरेन एंड कॉमनवेल्थ ऑफिस ने ट्रैवल एडवाइजरी में पाकिस्तान को ब्लैकलिस्ट कर दिया है।

इसमें सिंध, खैबर पख्तूनख्वा, बलूचिस्तान, पाक-अफगान बॉर्डर और PoK को हाई रिस्क वाले क्षेत्र बताया गया है। लिस्ट में 8 नए देशों का नाम जोड़ा गया है, जिनमें ईरान, रूस, यूक्रेन, इजराइल, बेलारूस और फिलिस्तीन शामिल हैं। इसके साथ ही ब्लैकलिस्ट हुए कुल देशों की संख्या 24 हो गई है।

इसके अलावा ब्रिटेन ने भारत को भी रेड लिस्ट में रखा है। यानी ब्रिटिश नागरिकों को जब तक बहुत जरूरी न हो तब तक भारत के कुछ हिस्सों में न जाने की सलाह दी गई है। इनमें जम्मू-कश्मीर, मणिपुर और भारत-पाक बॉर्डर का नाम शामिल है।



### अफगानिस्तान-इराक भी ब्लैकलिस्ट में शामिल

पाकिस्तान के अलावा ब्लैकलिस्ट किए गए देशों में अफगानिस्तान, इराक, यमन, सीरिया और सोमालिया जैसे देश हैं। वहीं भारत के साथ रेड लिस्ट में मिस्त्र, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलिपींस और सऊदी अरब का नाम शामिल है। मैनचेस्टर ईवनिंग न्यूज के मुताबिक, ब्रिटेन ने ट्रैवल एडवाइजरी जंग, अपराध, आतंक, गंभीर बीमारी और प्राकृतिक आपदाएं जैसे खतरों को ध्यान में रखकर जारी की है। इससे पहले पिछले साल जुलाई में भी यूके ने पाकिस्तान को लेकर ट्रैवल गाइडलाइन अपडेट की थी। पाकिस्तान में आतंक के खतरे को देखते हुए ब्रिटिश नागरिकों को वहां न जाने की सलाह दी गई थी।

### पाकिस्तान में आंतकी हमले, सांप्रदायिक हिंसा का खतरा

एडवाइजरी में कहा गया था, पाकिस्तान में आतंकी हमला होने की आशंका बहुत ज्यादा है। इसके अलावा वहां किडनैपिंग और सांप्रदायिक हिंसा का भी खतरा है। इस एडवाइजरी में इस्लामाबाद, रावलपिंडी, लाहौर और कराची को रेड अलर्ट वाले शहर बताया गया था।

इसके अलावा ब्रिटिश नागरिकों को मोहमंद, खैबर, कुर्रम, नॉर्थ और साउथ वजीरिस्तान में न जाने की सलाह दी गई थी। ब्रिटेन ने यह भी कहा था कि पाकिस्तान में पश्चिमी लोगों को सीधा टारगेट किए जा सकता है। ऐसे में वे हर तरह के सार्वजनिक कार्यक्रमों और भीड़ से बचने की कोशिश करें।

# भारत की एडवाइजरी- नागरिक ईरान-इजराइल न जाएं

## दावा- ईरान 2 दिन में इजराइल पर हमला कर सकता है; अमेरिका बोला- चीन, सऊदी टकराव रुकवाएं

ईरान-इजराइल में बढ़ते तनाव के बीच भारत समेत 5 देशों ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। इसमें नागरिकों को ईरान और इजराइल न जाने की सलाह दी गई है। एडवाइजरी जारी करने वाले देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और फ्रांस शामिल हैं।

भारत ने शुक्रवार शाम को ट्रैवल एडवाइजरी में कहा है कि सभी भारतीय नागरिक अगली सूचना तक ईरान और इजराइल की यात्रा न करें।

विदेश मंत्रालय ने कहा, ईरान या इजराइल में रहने वाले भारतीय वहां के दूतावासों से फौरन संपर्क करें और अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं। सभी अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें और कम से कम बाहर निकलें।

दरअसल, 1 अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एम्बेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो टॉप आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने इजराइल को बदला लेने की धमकी दी थी।



### ईरान के सुप्रीम लीडर को भेजा गया इजराइल पर हमले का प्लान

भारत ने यह ट्रैवल एडवाइजरी उस वक्त दी है जब अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल ने दावा किया है कि ईरान अगले दो दिन में इजराइल पर हमला कर सकता है। WSJ ने शुक्रवार को अमेरिकी इंटेलिजेंस के हवाले से ये जानकारी दी है।

WSJ ने रिपोर्ट में ईरानी अधिकारी के हवाले से बताया है कि ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामेनेई से हमले का प्लान साझा किया गया है। वो इसके मुमकिन असर का आकलन कर रहे हैं।

हालांकि, अधिकारी ने ये भी कहा है कि अभी फैसला फाइनल नहीं किया है। वहीं, इजराइल अपने उत्तर और पश्चिम दोनों हिस्सों में ईरान के हमले से निपटने की तैयारी कर रहा है।

ईरान-इजराइल में जारी तनाव के बीच अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सऊदी अरब, चीन, तुर्किये और कई यूरोपीय देशों के विदेश मंत्रियों से फोन पर बात की। ब्लिंकन ने सभी देशों से ईरान को हमला न करने के लिए मनाने को कहा है।

अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा- विवाद को बढ़ावा देना किसी के भी हित में नहीं है। इससे पहले गुरुवार को अमेरिका ने इजराइल में काम करने वाले अपने नागरिकों और खासकर डिप्लोमैट्स के लिए एडवाइजरी जारी की।

### पाकिस्तान में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। स्थानीय रिपोर्ट में कहा गया है कि यह घटना फैसलाबाद जिले में हुई जहां एक कार विपरीत दिशा से आ रहे एक यात्री वाहन से टकरा गयी। पुलिस ने कहा कि मृतकों में एक महिला एवं उसके तीन बच्चे शामिल है जो कार में ईद-उल-फितर पर रिश्तेदारों से मिलने जा रहे थे। घायल लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कहा कि यह हादसा कार की तेज गति के कारण हुआ और कार चालक ने मोड़ लेते समय अपना नियंत्रण खो दिया और कार यात्री वाहन से टकरा गयी।

### गद्दे की दुकान में बंधक बनाए गए 37 चीनी टूरिस्ट

बीजिंग। चीन में एक गद्दे की दुकान पर 37 टूरिस्ट को बंधक बना लिया गया। उन्होंने दुकान से कुछ नहीं खरीदा था। इसके बाद गार्ड्स ने उन्हें घेर लिया और कई घंटों तक उन्हें शॉप से निकलने नहीं दिया। हालांकि, टूरिस्ट कब और कैसे दुकान से बाहर आए, इस बारे में जानकारी सामने नहीं आई। घटना 26 मार्च 2024 को युन्नान प्रांत के शिशुंगबन्ना शहर में हुई। हालांकि, इससे जुड़े फोटो-वीडियो अब चीनी सोशल मीडिया साइट वीबो पर वायरल हो रहे हैं। मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने दुकान को फिलहाल के लिए बंद कर दिया है। साथ ही पर्यटकों को दुकान में लाने वाले टूर गाइड पर 1 लाख 18 हजार का जुर्माना लगाया है। हांगकांग के मीडिया हाउस साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, 37 चीनी पर्यटक लियाओनिंग प्रांत से युन्नान प्रांत घूमने आए थे। यहां वो एक गद्दे की दुकान में पहुंचे। कुछ देर दुकान का सामान देखने के बाद सभी लोग बाहर जाने लगे। दुकानदार ने उन्हें रोका और सामान खरीदने के लिए मजबूर किया। पर्यटकों ने जब सामान नहीं खरीदा तो उन्हें बंधक बना लिया गया। गार्ड्स उन्हें घेरकर खड़े हो गए। कई घंटों तक टूरिस्ट दुकान में कैद रहे। इस दौरान उनकी दुकानदार से बहस भी हुई। इस दौरान एक टूरिस्ट ने वीडियो बनाना शुरू कर दिया। इसमें कुछ पर्यटक थककर गद्दों पर ही बैठे दिखे। वहीं, कुछ पर्यटकों को गार्ड्स ने पकड़ रखा था।

### गाजा के राफा में इजरायली हवाई हमला, नौ फिलिस्तीनियों की मौत

गाजा। दक्षिणी गाजा शहर राफा पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम नौ फिलिस्तीनियों की मौत हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों और चिकित्सा सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि एक इजरायली ड्रोन ने राफा के पूर्व में एक कब्रिस्तान के पास फिलिस्तीनियों की सभा को मिसाइल से निशाना बनाया। हमले में छह लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा राफा के पूर्व में अल-जेनिना पड़ोस में एक इजरायली हमले में तीन फिलिस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। इजरायल के वित्त मंत्री बेजेलेल स्मोट्रिच ने मीडिया से कहा कि इजरायली सेना इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) के बुनियादी ढांचे को निशाना बना रही है। सेना राफा, दीर अल-बलाह और मध्य गाजा पट्टी के अन्य शहरों को शामिल करने के लिए अपने अभियानों का विस्तार करने की तैयारी कर रही है। इज़रायली सेना के प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने एक्स पर एक बयान में पुष्टि की कि 162वीं ब्रिगेड ने बुधवार रात से मध्य गाजा पट्टी में सैन्य अभियान शुरू किया है।

### ईरान ने हमले शुरू करने की बनायी योजना

तेहरान । सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर एक घातक इजरायली हवाई हमले के बाद ईरान ने इजरायल पर हमलों की कड़ी शुरू करने के लिये क्षेत्रीय प्रॉक्सी का उपयोग करने की योजना बनायी है। ईरान ने इस बीच संकेत दिया है कि यदि उसकी मांगें पूरी कर दी जाती हैं, तो वह तनाव कम करने को तैयार है। कुछ सूत्रों से ऐसी रिपोर्ट सामने आ रही हैं कि ईरान 48 घंटे के अंदर इजरायल पर हमला कर सकता है। अमेरिकी ख़ुफ़िया सूत्रों ने एक सूत्र का हवाला देते हुये कहा, ईरान ने इजरायल पर कई हमले शुरू करने के लिये क्षेत्रीय प्रॉक्सी का उपयोग करने की योजना बनायी है। उन्होंने कहा कि ईरान ने बहुत स्पष्ट किया कि प्रतिक्रिया नियंत्रित होगा और तनाव को बढ़ावा देने वाली नहीं होगी। एक अन्य ईरानी सूत्र ने इससे इन्कार नहीं किया कि ईरान समर्थित एक्सिस ऑफ़ रेसिस्टेंस सैन्य गठबंधन के सदस्य किसी भी समय इज़रायल पर हमला कर सकते हैं। अनौपचारिक गठबंधन में ईरान, सीरिया, इराकी शिया मिलिशिया, लेबनान का हिजबुल्लाह और यमन का हूती शामिल हैं। गठबंधन का सामान्य लक्ष्य मध्य-पूर्व में अमेरिका और इजरायल का डटकर मुकाबला करना है। एक अन्य सूत्रों ने कहा कि ईरान गाजा पट्टी में युद्धविराम सहित अपनी मांगें पूरी होने तक इससे पीछे हटने वाला नहीं है। यह भी कहा कि ईरान परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत फिर से शुरू करना चाहता है। ईरान अमेरिका से यह आश्वासन भी चाहता था कि वह नियंत्रित हमले की स्थिति में शामिल नहीं होगा, जिसे अमेरिका ने कथित तौर पर खारिज कर दिया है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# दीपेंद्र हुड्डा ने जेजेपी के प्रदेश सचिव नरेश जून को ज्वाइन करवाई कांग्रेस

## डेढ़ साल में 38 पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद व मौजूदा सांसद कांग्रेस में हुए शामिल: दीपेंद्र हुड्डा

**ललित कुमार गोठवाल**

बहादुरगढ़(झज्जर)। राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा की मौजूदगी में जेजेपी के प्रदेश सचिव नरेश जून ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है। जून ने पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान के नेतृत्व में आस्था व्यक्त की। दीपेंद्र हुड्डा ने उनका पार्टी में स्वागत किया व पूर्ण मान-सम्मान का भरोसा दिलाया।



इस मौके पर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में 38 पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद व मौजूदा सांसद अन्य दलों को छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। यह प्रदेश में कांग्रेस के बढ़ते ग्राफ को दिखाता है। नेताओं और जनता का मोह बीजेपी और जेजेपी से पूरी तरह भंग हो चुका है। सभी विकल्प के तौर पर कांग्रेस को देख रहे हैं।

क्योंकि आज जब जनता बीजेपी और कांग्रेस सरकारों के कामों की तुलना करती है तो कांग्रेस का पलड़ा भारी मिलता है। ना बीजेपी की प्रदेश सरकार कोई कार्य बता पा रही है और ना ही रोहतक से उम्मीदवार अपने कार्यों का हिसाब दे रहे हैं। जिस अमृत योजना के घोटाले के उन्होंने खुद बीजेपी सरकार पर लगाए थे, आज वो उनके बारे में चुप्पी साधे हुए हैं। मौजूदा सांसद ने रोहतक लोकसभा की इस कद्र अनदेखी की कि वो अपनी सांसद निधि तक खर्च नहीं कर पाए।

इस मौके पर सांसद दीपेंद्र ने कहा कि प्रदेश में अपराध व अपराधी पूरी तरह बेकाबू हैं। बढ़ते अपराध का सबसे ज्यादा शिकार व्यापारी वर्ग ही हो रहा है। दुकानों में व्यावसायिक संस्थानों में लूटपाट की वारदातें, व्यापारियों की दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बन गई हैं। फिरौती व जान से मारने की धमकियां आम हो गई हैं।

ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि बीजेपी सरकार का कानून व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं है। सत्ता में बैठे हुए लोग सिर्फ अपनी कुर्सियों को बचाने और बदलने के खेल में लगे हुए हैं, उन्हें आम जनता के दुख-दर्द व समस्याओं से कोई वास्ता नहीं है।

## कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज


**संवाददाता । गौरवशाली भारत**



गोण्डा। आचार संहिता के उल्लंघन में भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह भी फंस गए हैं। गोंडा की डीएम नेहा शर्मा के तेवर सख्त होने के बाद बिना अनुमति के वाहनों का काफिला निकालने के मामले में बृजभूषण शरण पर एफआईआर दर्ज कराई गई है, साथ ही उन्हें नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा सांसद के काफिले के बारे में सूचना न देने वाले तीन पुलिस निरीक्षकों से भी जवाब तलब किया गया है। उपजिलाधिकारी कर्नलगंज की ओर से सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह को गुरूवार को नोटिस जारी किया गया है। पूर्वानुमति के बिना एक दर्जन से अधिक वाहनों का काफिला निकालने तथा धारा 144 का उल्लंघन करने के चलते मुकदमा दर्ज कराया गया है। उनसे जवाब तलब किया गया है। वहीं इस प्रकरण में कटराबाजार, परसपुर व कर्नलगंज के प्रभारी निरीक्षकों से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्हें स्पष्ट करना होगा कि उनके क्षेत्रों में धारा 144 के उल्लंघन के संबंध में सूचना उपजिलाधिकारी कर्नलगंज के कार्यालय में क्यों उपलब्ध नहीं कराई गई। साथ ही उन्हें इस प्रकरण में विधिक कार्रवाई कर सूचित करने के भी आदेश दिए गए हैं। भारत भार्गव उपजिलाधिकारी कर्नलगंज ने बताया कि मीडिया और स्थानीय लोगों के द्वारा क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक वाहनों के काफिले का भ्रमण किए जाने एवं उक्त स्थानों पर भारी मात्रा में भीड़ एकत्रित होने की सूचना प्राप्त हुई। इन कार्यक्रमों के लिए प्रशासन के द्वारा कोई अनुमति जारी नहीं की गई है। जबकि चुनाव एवं त्योहारों के दृष्टिगत क्षेत्र में धारा 144 लागू है। आयोजन के लिए पूर्व अनुमति की आवश्यकता है। इस प्रकरण में एफएसटी टीम को भी जांच कर विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

## मुनव्वर फारुकी ने अपने डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' के आधिकारिक टीज़र से फैंस को चौंकाया

मुंबई (अनिल बेदाग)। अपने रैप और म्यूज़िक के लिए लाखों लोगों द्वारा पसंद किए जाने वाले संगीतकार मुनव्वर फारुकी ने आज अपने सभी फैंस के लिए एक बेहतरीन ईदी दी है, क्योंकि उन्होंने इस खास मौके पर 'फर्स्ट कॉपी' नामक एक वेब सीरीज में अपने अभिनय करियर की शुरुआत की घोषणा की है। मुनव्वर ने सोशल मीडिया पर सीरीज का आधिकारिक टीज़र जारी किया, जिससे फैंस रोमांचित और उत्साहित हो गए। उन्होंने इसे ईद मुबारक कहते हुए साझा किया। एक मिनट, तैंतालीस सेकंड का टीज़र हमें 1999 में वापस ले जाता है जब डीवीडी का चलन बहुत बड़ा था। फ़िल्में शुक्रवार को सिनेमाघरों में आती हैं, लेकिन कई लोग आधिकारिक रिलीज़ से पहले गुरुवार को डीवीडी पर फ़िल्म की 'पहली कॉपी' बनाने के लिए उत्सुक रहते हैं। मुनव्वर फ़ारूक़ी की बात करें तो, टीज़र में संगीतकार ने एक अभिनेता के रूप में प्रभावशाली अभिनय किया है, जिसमें पायरेसी की दुनिया से एक ग्रे किरदार को दर्शाया गया है, जो उनके लिए एक और उपलब्धि है।




## खालसा स्थापना दिवस पर 192 सिख श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान रवाना

नयी दिल्ली। खालसा स्थापना दिवस के अवसर पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति का 192 तीर्थयात्रियों का एक जत्था शुक्रवार को पाकिस्तान के गुरुधामों के दर्शनों के लिए रवाना हुआ। समिति अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने यहां बताया कि 192 तीर्थयात्रियों का यह जत्था दिल्ली से पाकिस्तान के लिए रवाना हुआ है, जो कल पाकिस्तान में प्रवेश करेगा तथा खालसा स्थापना दिवस और बैसाखी से संबंधित कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद जत्था वापस लौट आएगा। उन्होंने कहा कि इस जत्थे को गुरुद्वारा ननकाना साहिब, पंजा साहिब, डेहरा साहिब और करतारपुर साहिब जाने की मंजूरी मिल गई है।

## समाजसेवी कृष्णानंद उपाध्याय के सहयोग से मिला मरीज को रक्त, बची जान

गाजीपुर। जनपद के प्रमुख समाजसेवी एवं लावारिस सेवा एवम शव दाह ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्णा नन्द उपाध्याय लावारिस के वारिस के आग्रह पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.राजेश कुमार सिंह के द्वारा असहाय निर्बल व्यक्ति को एक यूनिट रक्त मिला। जिससे उसे मरीज की जान बची। समाज सेवी कृष्णानंद उपाध्याय ने बताया कि लावारिस सेवा एवम शव दाह ट्रस्ट से जुड़े समाजसेवी अरविन्द पुजारी चौकियां गाजीपुर के मूल निवासी है जो पिछले कई वर्षों से जनपद गाजीपुर मे बेसहारा निराश्रित घायल पशुओं का देख रेख दावा चारा सेवा करने का कार्य करते आ रहे हैं। बीच बीच मे लावारिस असहाय व्यक्तियों को अस्पताल पहुंच कर निस्वार्थ रक्त दान भी करते रहते है। जैसे ही कृष्णानन्द उपाध्याय के द्वारा सूचना दी गई की मेडिकल कॉलेज में भर्ती एक मरीज को एक यूनिट रक्त की आवश्यकता है। सूचना मिलते ही मानवता की मिसाल कायम करते हुए 9 अप्रैल 2024 को मेडिकल कॉलेज गाजीपुर मे पहुंच कर एक यूनिट रक्त दान कर एक असहाय की मदद की। इस मौके पर श्री उपाध्याय ने बताया कि मेरा संगठन लगातार कई वर्षों से गरीब कमजोर एवं लावारिस व्यक्तियों की सेवा में लगा हुआ है। मेरा संगठन लावारिसों शवों का दाह संस्कार एवं उनका विधि विधान से अंत्येष्टि का कार्यक्रम भी करता है तथा लावारिस शवों और मरीजों के लिए निशुल्क एंबुलेंस की व्यवस्था भी संगठन के द्वारा की गई है। लावारिस व्यक्तियों को भोजन पानी कपड़ा आदि का व्यवस्था भी संगठन के द्वारा निरंतर किया जा रहा है। अब तक मेरा संगठन के द्वारा 50 से व्यक्तियों के लिए रक्त उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाई जा चुकी है। मरीज के परिजनों द्वारा श्री उपाध्याय के नेक कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की गई।



## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत दिलाई गई शपथ व प्रसारित किए गए संदेश

### जागरूकता को निकली रैली, पिछले चुनाव में कम प्रतिशत मतदान की निर्गत हुई सूची

सोनभद्र। जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र विजय सिंह के निर्देशन में विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जनपद के राबर्ट्सगंज विकास खण्ड के बी0आर0सी0 प्रांगण में स्थित कंपोजिट विद्यालय रौप में आयोजित किया गया।




गत चुनावों में अपेक्षित प्रतिशत से कम मतदान वाले समस्त चिन्हांकित बूथों के बाबत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक के दिशानिर्देशों पर प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय रौप के छात्र-छात्राओं के संयुक्त तत्वाधान में आहूत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में स्वीप नोडल शिक्षक आनंद त्रिपाठी द्वारा उपस्थित शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं जनसमूह को मतदान करने की शपथ दिलाई गई साथ ही स्वयं मतदान करने एवं आसपास के लोगों को मतदान हेतु जागरूक करने का संदेश भी प्रसारित करने के निस्बत दिया गया। प्रधानाध्यापिका मीना भारती द्वारा अपने संबोधन में समस्त छात्राओं को अपने घर, परिवार पास पड़ोस के समस्त मतदाता जनों को मत दिलाने में सहयोग करने हेतु उत्साहवर्धन दिया।

आयोजन में विद्यालय द्वय के छात्र-छात्राओं के मध्य मतदान जागरूकता हेतु चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। इस आयोजन में विद्यालय की शिक्षिकाएं रेनू सिंह, अर्चना, दिव्या, नीतू, रीता एवं किरन सिंह भी उपस्थित रही। इसी क्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय अखाड़ा मोहाल विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा भी स्कूल रैली निकालकर लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका मंजू सोनकर द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता कराते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया।

विद्यालय की सहायक अध्यापिका वंदना सिंह द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता एवं स्कूल रैली में विशेष सहयोग प्रदान किया गया।

## आप लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में सपा को समर्थन देगी

लखनऊ। आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की। आप सांसद और प्रवक्ता संजय सिंह ने लखनऊ में पार्टी मुख्यालय में सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की और लोकसभा चुनावों पर विस्तृत चर्चा के बाद एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह घोषणा की। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए अखिलेश ने समर्थन देने के लिए आप के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह चुनाव सामान्य परिस्थितियों में नहीं हो रहा है। इस चुनाव पर देश और पूरी दुनिया की निगाहें हैं। उन्होंने कहा, जब मैं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के समर्थन में दिल्ली में आयोजित रैली में शामिल होने गया था, तो मैंने कहा था कि दुनिया में भारत की बदनामी हो रही है. यह चर्चा हो रही है कि भाजपा चंद चुने हुये लोग और संस्थाओं में हस्तक्षेप कर रही है। सपा प्रमुख ने कहा कि ग्राम प्रधान के चुनाव के दौरान ऐसी चीजें देखने को मिली हैं लेकिन किसी राज्य के निर्वाचित मुख्यमंत्री के साथ इस तरह का व्यवहार किया जाए और उन्हें झूठे मामलों में जेल भेजा जाए, ऐसा कभी नहीं देखा गया।

## पाँच वर्ष की अवस्था में ध्रुव ने की भगवत्प्राप्ति: कथाव्यास रवि जोशी

**सोनभद्र**। सोनाञ्चल परिधि की द्वितीयकाशी – दक्षिणकाशी नाम से अभिधानित तपस्थली सिहावल में चल रही भगवत्कथा व विराट रूद्रमहायज्ञ सँग रासलीला की प्रवहमान सलिला त्रिवेणी के तृतीय दिवस श्रीमद्भागवत कथा प्रसंग को आलोकित करते ध्रुव चरित्र को व्याख्यायित किया बृन्दावन से आये बालव्यास रवि जोशी ने।

ध्रुव के आविर्भाव – आगमन से शुरू तीसरे दिन की कथा में ध्रुव द्वारा महर्षि नारद को गुरु मानने के सन्दर्भ को उकेरते तपस्या में लीन हो जाने के कथा वृत्तांत बताये। इनके तपस्यारत होने से देवगणों के चिन्तातुर होने व हाहाकार मच जाने की कथा व्याख्यायित करते कहा कि इससे प्रभावित नारायण विष्णु आते हैं और भगवान विष्णु अपना शँख ध्रुव के मुख से सटाते हैं और परिणतिस्वरूप ध्रुव भगवान विष्णु के अनेकानेक स्तुतियों का गान करते हैं। अंततः ध्रुव को प्रभु कृपा से भगवतत्प्राप्ति होती है। कथाव्यास ने अन्त में सनातनधर्म परम्परा के गूढ़ अर्थ बताते इसे निहितार्थ परिभाषित किये।

यज्ञ आयोजन समिति के संरक्षक डॉ0 परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव ने बताया कि बृन्दावन से आये कथाव्यास के साथ हो रही संगीतमय कथा के पश्चात रात्रिकालीन रासलीला मंचित



हुई पूतनावध व श्रीकृष्ण जन्म से तो कालिया नाग नाथन जमुना में श्रीकृष्ण द्वारा होने के सुघड़ दृश्य मंचित हुए। कालिया नाग द्वारा कंस को एक करोड़ नीलकमल पुष्प पहुंचाने के परिदृश्य रोमांचित करने वाले रहे। कथाव्यास सँग वाद्ययंत्रों की मण्डली में प्रमुख रूप से ऑर्गन वादक देवकीनन्दन तथा तबले पर डालचंद रहे तो रासलीला का जीवन्त मंचन परमानन्द की अगुवाई में श्रीराधाबल्लभ लोककला भारती जत्थे ने किया।

तृतीय दिवस के प्रथम प्रहर में विराट रुद्रमहायज्ञ में हवन आहुति दी गई जड़ीबूटी से। संत रामनिवास शुक्ल की अध्यक्षता व भिखारीबाबा दीनबंधु जंगली दास की निगहबानी में संचालित अनुष्ठान आयोजन में समुपस्थिति रही नन्दू शुक्ला, कलई विश्वकर्मा, भरत पॉल, तौलन पॉल, रामधनी पॉल, लाले पॉल, त्रिवेणी, सुखराम, पँचधारी, लक्ष्मण प्रताप, गोपाल, गणेश, राजनारायण पॉल, कमलेश विश्वकर्मा के साथ गणमान्य श्रद्धालुओं की।

## मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहना बहुत जरूरी : लिज़ा मलिक

### ऑटो-इम्यून डिसऑर्डर से पीड़ित रही लिज़ा मलिक

मुंबई (अनिल बेदाग) = लिज़ा मलिक देश की सबसे प्रतिभाशाली और प्रशंसित गायिकाओं में से एक हैं और हम उन्हें सभी सही कारणों से प्यार करते हैं। एक खूबसूरत और मधुर आवाज वाली गायिका होने के अलावा, लिज़ा एक ऐसी इंसान भी हैं जो जानवरों के प्रति काफी सहानुभूतिशील और स्नेही हैं। एक ऐसा गुण जो उन्हें और अधिक पसंद करने योग्य बनाता है। जबकि अक्सर, वह खबरों और सुर्खियों में रहती हैं, प्रशंसकों को खुश करती हैं। इस बार यह एक अलग परिदृश्य है। गायिका ने पहली बार खुलासा किया कि उन्हें %ऑटो इम्यून% बीमारी का पता चला है। हालांकि अच्छी बात यह है कि वह लगभग ठीक हो गई हैं और अभी भी प्रक्रिया का पालन कर रही हैं। प्रेरणादायक पुनर्प्राप्ति यात्रा के बारे में अधिक पूछे जाने पर, लिज़ा कहती हैं, मैं हाल ही में एक ऑटो-इम्यून डिसऑर्डर से पीड़ित रही। एक दिन सुबह मैं एक बड़े गंजे पैच के साथ उठी।

मैंने शुरू में सोचा था कि यह किसी एक्सपायर्ड उत्पाद की प्रतिक्रिया होगी लेकिन दुर्भाग्य से यह ऑटो-इम्यून डिसऑर्डर का पहला संकेत था। डॉक्टर ने मुझे बताया कि यह एलोपेसिया एरीटा है। उसके बाद,



मुझे यात्रा करनी पड़ी। मैं लगभग 10 दिनों की समयावधि में वापस आई और जब मैं वापस आई, मेरे पास एक और बड़ा गंजा पैच था। यह मेरे लिए चिंताजनक था और इसलिए मैंने शरीर के सभी परीक्षण करवाए। मेरा पूरा विटामिन डी-12, डी-3, सब कुछ ख़त्म हो गया था और मुझे बताया गया कि यह तनाव से प्रेरित है। मैं अपना काम फिर से शुरू नहीं कर सकी।

हालांकि मैं शूटिंग पर वापस जाने के लिए बेताब थी। इसके बाद मैं अपना इलाज कराने के लिए दिल्ली आ गई। हालाँकि, धीरे-धीरे मुझे जोड़ों का दर्द, पीठ के निचले हिस्से में दर्द आदि होने लगा। यह ऑटो-इम्यून डिसऑर्डर का दूसरा संकेत था जो रूमेटॉइड आर्थराइटिस था।

वह आगे कहती हैं, मैंने शुरू में बालों के विकास के लिए मिज़ो इंजेक्शन और कई अन्य उपाय आज़माए। यह काम नहीं कर रहा था और मुझे काम फिर से शुरू करना पड़ा। मैं 2-3 महीनों तक मौखिक और इंजेक्टेबल स्टेरॉयड पर थी। मुख्य रूप से, मेरे 90त्न बाल वापस आ गए। हालांकि, मेरे जोड़ और निचले हिस्से में पहला प्रारंभिक पैच अभी तक वापस नहीं आया है। पीठ दर्द में काफी सुधार हुआ है।

अब, मैं आयुर्वेदिक दवा और हेयर पैच के लिए तेल ले रही हूं। मैं विटामिन युक्त भोजन भी ले रही हूं, जिसमें हरी सब्जियां, सही मात्रा में प्रोटीन शामिल है।

मैं मांसाहारी हूं, मैं मछली भी खा सकती हूं। मैं बहुत संतुलित आहार ले रही हूं और नियमित रूप से अपने विटामिन और पोषक तत्वों की जांच करा रही हूं। जहां तक जोड़ों के दर्द की बात है, मैं काफी बेहतर हूं क्योंकि मैं वर्कआउट कर रही हूं।

हालांकि, एरीटा पैच एक ऐसी चीज है जिसे अभी भी पूरी तरह से ठीक करने की जरूरत है। मैं इसके लिए आयुर्वेदिक तेल का उपयोग कर रही हूं और शायद 15 दिनों के बाद, मैं मिज़ो इंजेक्शन फिर से शुरू कर दूंगी। उन्होंने यह कहकर निष्कर्ष निकाला।

साथ ही, मुझे किसी चीज़ के बारे में बहुत ईमानदार होना चाहिए। अपनी संपूर्ण पुनर्प्राप्ति यात्रा के दौरान मैं सोच रही था कि इसका क्या कारण हो सकता है। मुझे बताया गया कि यह मुख्य रूप से तनाव से प्रेरित था। इसलिए, मैं सोचता थी कि किस कारण से मैं तनाव के इस क्षेत्र में आ गई। इसलिए मुझे वहां मौजूद सभी लोगों से यह कहना चाहिए कि यदि आप, एक व्यक्ति के रूप में, अपने दम पर चीजों का पता लगाने में असमर्थ हैं, तो आपको विशेषज्ञ चिकित्सा सलाह लेनी चाहिए ताकि आप बेहतर मानसिक स्थिति में रह सकें। मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। तनाव शरीर के लिए घातक है इसलिए, हमें सकारात्मक सोचना चाहिए, ध्यान करना चाहिए और किसी भी प्रकार की विषाक्तता से दूर रहना चाहिए जो हमें कुछ भी नकारात्मक सोचने के लिए प्रेरित कर सकता है क्योंकि बाद में लोग अनजाने में अवसाद और तनाव में आ सकते हैं।

इसलिए, हम सभी को सकारात्मक रहना चाहिए और किसी भी मानसिक अस्वस्थता की स्थिति में नहीं आना चाहिए।

## शार्ट न्यूज

### खेसारी लाल यादव अभिनीत भोजपुरी फिल्म डंस के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग मुम्बई में जारी .!



एक तरफ जहाँ भोजपुरी फ़िल्म जगत में लोग टाइपकास्ट होकर किचेन आधारित सिनेमा बना रहे हैं जहाँ टीवी धारावाहिकों की माफिक सास बहू आधारित फिल्में ही बहुतायत में बन रही हैं वहीं कुछ लोग लीक से हटकर मुख्यधारा में भी बड़ी फिल्में बेहद सहजता से कर ले रहे हैं। खेसारी लाल यादव उन्हीं लोगों में से एक हैं जिन्हें टाइपकास्ट होकर सीमित संसाधनों में फ़िल्म नहीं बल्कि अच्छे विषय वस्तु के साथ ग्रैंड रूप में भव्य विस्तार से फिल्में करने में आनंद आता है। खेसारी लाल विषय प्रधान फिल्में करने में भरोसा रखते हैं क्योंकि उनका मानना है कि दर्शकों के पास आप जबतक अलग अलग वैरायटी में अच्छी मेकिंग के साथ बेहतरीन कथा वस्तु वाली फिल्में लेकर नहीं जाएंगे तो एक समय बाद वे आपकी फिल्मों में रुचि लेना भी बन्द कर सकते हैं। इसीलिए खेसारी लाल काफी दिनों से एक एक्शन पैक फ़िल्म डँस की शूटिंग में मशरूफ़ हैं। इस फ़िल्म की शूटिंग के लिए खेसारी लाल यादव जमकर पसीना बहा रहे हैं और कोशिश करते हैं कि किसी भी शॉट में उनकी तरफ से कोई कमी ना रह जाये।

### नवरात्रि में महंत बृजमोहन दास ने गाया टेंगे टेंगे छोड़िए जय माता दी बोलिए .!




आजकल बसंत ऋतु के मुख्य त्यौहार नवरात्रि की धूम चारो ओर मची हुई है। हर तरफ लोग इस बसंती नवरात्रि की तैयारियों में मशगूल हैं, ऐसे में भगवान श्रीराम की पावन भूमि अयोध्या में तो जैसे खुशियों की एक अलग ही अलख जगाई जा रही है। हो भी क्यों नहीं !? पूरे साढ़े पाँच सौ सालों के बाद भगवान श्रीराम को इसबार स्थायी आशियाना जो मिला है। इतने लंबे समय तक टेंट तंबू में रह रहे प्रभु श्रीराम के मंदिर में स्थापित होने के उपरांत यह पहला मौका है जब श्रीरामनवमी का त्योहार धूम धाम से मनाया जाएगा। इसी रामनवमी के त्योहार को देखते हुए आजकल चहुँओर देवी भगवती की पूजा आराधना हो रही है। इन्हीं देवी की आराधना में लीन अयोध्या दशरथ गद्दी के महंत बाबा बृजमोहन दास ने नवरात्रि स्पेशल वीडियो सॉन्ग गाया है, जिसका टाइटल है टेंगे टेंगे छोड़िए, जय माता दी बोलिये। बीती शाम को इस वीडियो सॉन्ग को यूट्यूब के MBD Music world चैनल पर रिलीज किया गया है। रिलीज होने के साथ ही इस वीडियो सॉन्ग ने दर्शकों के बीच अपनी पैठ बनानी शुरू कर दिया है। लोग अच्छी खासी सँख्या में इस वीडियो सॉन्ग को पसन्द भी कर रहे हैं।

### एरियल के नए अभियान में अनिल कपूर और सोनम कपूर ने होम टीम में साझेदारी के महत्व पर जोर दिया



मुंबई (अनिल बेदाग)। एरियल ने अपने नए अभियान की शुरुआत की है जो लंबे समय से चले आ रहे आंदोलन को हाइलाइट करता है और साथ ही महिलाओं, महिलाओं का समर्थन करने वाली महिलाओं और पतियों जो घरेलू जिम्मेदारियों में विश्वसनीय साथी बनते हैं और होमटीम के रूप में घर पर एक टीम के रूप में काम करते है, पर भी प्रकाश डाला है। एरियल की नवीनतम फिल्म, %होमटीम स्शेयर द लोड में ध्यान घरेलू टीम के गठन पर हैऔर घरेलू कार्यों को एक सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में पुनरावृत्ति कर रही है। इस अभियान के लॉन्च कार्यक्रम में एक प्रतिष्ठित पैनल शामिल हुआ, जिसमें बॉलीवुड आइकन अनिल कपूर, अभिनेत्री सोनम कपूर, पी एंड जी इंडिया की चीफ़ मार्केटिंग ऑफिसर मुक्ता माहेश्वरी और उपाध्यक्ष – फैब्रिक केयर, पी एंड जी भारतीय उपमहाद्वीप; और जोसी पॉल, बीबीडीओ इंडिया के अध्यक्ष और चीफ़ क्रिएटिव ऑफिसर शामिल थे।

### साधारण बीमा कंपनियों ने वेतन संशोधन के निपटान में तेजी लाने की मांग की

लखनऊ। सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनियों ने वेतन संशोधन के निपटान में तेजी लाने और पारिवारिक पेंशन में 30 फीसदी की एक समान दर तक सुधार की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करने की मांग दोहरायी है। जनरल इंश्योरेंस एम्प्लॉइज ऑल इंडिया एसोसिएशन के महासचिव त्रिलोक सिंह ने शुक्रवार को बताया कि एसोसियेशन ने लंबित मांगों के संबंधण्घ में जिप्सा के अध्यक्ष और ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेडण् के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक को संबोधित एक नोटिस भेजा था जिसकी प्रतिलिपि मुख्य श्रमायुक्त को भी प्रेषित की गई। इस सिलसिले में आल इंडिया इंश्योरेंस इम्पलाइज एसोसिएशन के सचिव और नेशनल इंश्योरेंस आफीसर्स एसोसिएशन के महासचिव ने भी लंबित मांगों के संबंध में जिप्सा अध्यक्ष को नोटिस भेजा। उप मुख्य श्रमायुक्त डॉ. आर.जी. मीना ने इस सिलसिले में पिछले दिनो एक सुलह बैठक बुलाई थी जिसमें यूनियनों और एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों ने मांग की है कि अगस्त, 2022 से देय वेतन संशोधन के निपटान में तेजी लायी जाये।




रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले दिल्ली प्रदेश की ओर से भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती पर आप सभी को सादर आमंत्रण है।

**शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय**
**उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता**
**पूर्व सांसद प्रत्याशी पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र– 2019**
**रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले दिल्ली प्रदेश**